फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 50 प्रभात जयपुर, मंगलवार 20 सितम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot




The Flying Saucers of the Thar

A look from lower altitudes showed that they startlingly resembled flying saucers that had landed over the Thar desert.

Ayurvedic Remedies

Trends&Gadgets: Transparent and Wireless

Celebrating the 'good' components



*सन् 1859 में क्रिसमस के दिन ऑस्ट्रेलिया के मैलबर्न शहर में पानी के जहाज से 24 जंगली खरगोश पहुँचे। अंग्रेज उपनिवेशी (सैटलर) थॉमस ऑस्टिन ने इन्हें मंगवाया था, वो अपनी नई ऑस्ट्रेलियन एस्टेट में खरगोश की आबादी बसाना चाहता था। तीन साल में ही वहां हजारों खरगोश हो गए। जबकि, ऑस्टिन के अनुसार, सन् 1865 तक अपने एस्टेट में ऑस्टिन 20,000 खरगोशों को मार चुका था। एक नए शोध में पता चला है कि, हालांकि अन्य लोग भी खरगोश लाए थे पर ऑस्ट्रेलिया में इनका मूल स्रोत ऑस्टिन को ही माना जाता है। युनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के शोधकर्ता और मुख्य शोध लेखक जोएल एल्वेस ने कहा कि, खरगोश की ऑस्ट्रेलिया में जैविक घुसपैठ निकट रिकॉर्डेड इतिहास की सर्वाधिक अद्भुत घुसपैठ है, जिसके पर्यावरण व अर्थव्यवस्था पर विनाशकारी परिणाम हुए। शोध के लिए वैज्ञानिकों ने यूरोपियन रैबिट्स के, ऑस्ट्रेलिया, टैस्मेनिया, न्यूज़ीलैंड, फ्रांस और ब्रिटेन से एकत्रित किए गए सैम्पल्स का अध्ययन किया। एल्वेस ने कहा, हमने रैबिट के सभी जीन्स को सीक्वैंस किया फिर हमने पूरे ऑस्ट्रेलिया में खरगोशों के कई आनुवंशिक विश्लेषण करवाए और पाया कि अधिकांश खरगोशों में निकट सम्बंध था और उनका विस्तार विक्टोरिया से हुआ था। इससे पता चलता है कि उनका एक ही जगह पर बड़े पैमाने पर आगमन हुआ था। उन्होंने यह भी पाया कि ऑस्ट्रेलिया के खरगोश वैस्ट इंग्लैंड के खरगोशों से सम्बंधित थे। उन्होंने कहा, ''यह बात उस एतिहासिक दस्तावेज से मेल खाती है जिसमें बताया गया है कि सन् 1859 में ऑस्टिन (ऑस्ट्रेलिया) की एक एस्टेट में खरगोशों का आगमन हुआ था। इससे पहले कई बार पालतू खरगोशों को ऑस्ट्रेलिया लाया गया था पर ऑस्टिन के खरगोश जंगली थे और जंगल के पर्यावरण से उन्होंने बेहतर तरीके से अनुकूलन कर लिया। हमारा मत है कि इसी से उन्हें सफलता मिली।'' जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नैशनल अकैडमी ऑफ साईन्सेज़ में छपे शोध नतीजों के अनुसार, घुसपैठिए खरगोशों ने ऑस्ट्रेलिया के इकोसिस्टम और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव डाला है। ''रैबिट फ्री ऑस्ट्रेलिया'' नाम के संगठन के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में 200 मिलियन खरगोश हैं, जो विविध प्रकार के संसाधनों के लिए स्थानीय प्रजातियों से प्रतिस्पर्धा करते हैं और पेड़ पौधों को रीजनरेट होने से रोकते हैं। इनकी वजह से मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया तेज हो सकती है।*

# 'अगर आप इच्छुक हैं चुनाव लड़ने के तो चुनाव लड़िये'

## सोमवार को सोनिया गांधी से मिलने गये शशि थरूर को यह नेक सलाह मिली

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। सोनिया गांधी ने स्थिति स्पष्ट कर दी है और अपनी पार्टी के कुछ नेताओं को बताया है कि गांधी परिवार का कोई भी व्यक्ति कांग्रेस अध्यक्ष पद का आगामी चुनाव नहीं लड़ रहा है।

सूत्र बताते हैं कि स्वयं से आज मिलने आए शशि थरूर से सोनिया ने कहा कि यदि वे इच्छुक हैं तो आगे आएं और अध्यक्ष का चुनाव लड़ें। ऐसा माना जा रहा है कि गांधी परिवार इस चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष का मुलम्मा चढ़ाना चाहते हैं और जितने अधिक लोग चुनाव लड़ेंगे यह उतना ही निष्पक्ष प्रतीत होगा। सूत्र कहते हैं कि सोनिया ने यह भी कहा कि चर्चाओं के विपरीत उनका कोई अधिकारिक प्रत्याशी नहीं है।

लेकिन यह खबर पहले ही लीक हो चुकी है कि गांधी परिवार अशोक गहलोत को आधिकारिक उम्मीदवार बनाना चाहता है। चूंकि अब वह इससे इंकार कर रही है तो प्रश्न यह है कि फिर अशोक गहलोत का क्या होगा?

सोनिया गांधी ने पार्टी के केन्द्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसुदन मिस्त्री से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने को कहा है। अटकल यह भी चल रही है कि दिग्विजय सिंह भी इस चुनाव में अपनी ताल ठोक सकते हैं क्योंकि गांधी परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ रहा है।

- **सोनिया गांधी की सलाह से स्पष्ट हो गया कि, गांधी परिवार अध्यक्ष पद पर चुनाव न लड़ने के बारे में अडिग है। साथ ही परिवार यह छवि भी चाहता है कि, ''फ्री'' व फेयर चुनाव हो। अतः जितने अधिक नेता चुनाव लड़ते हैं, गांधी परिवार के निर्णय में उतनी ही और चमक आ जाती है।**
- **चर्चा है कि, दिग्विजय सिंह भी चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं और इस प्रकार गांधी परिवार के चुनाव मैदान से हटने के बाद, कई और अन्य उम्मीदवार भी सामने आ सकते हैं।**
- **सोनिया गांधी ने इटली से लौटने के बाद अभी तक अशोक गहलोत को बात करने के लिये नहीं बुलाया है।**
- **अगर गहलोत नामांकन पेपर भरने के पहले इस्तीफा नहीं देते हैं तो, इसे बेअदबी मानेगा गांधी परिवार और अब तक गहलोत को मिला, परिवार का ''ब्लाइन्ड समर्थन'' वापस लिया जा सकता है।**
- **पायलट, राहुल की यात्रा में जुड़ने के लिये केरल पहुंचेंगे मंगलवार की सुबह।**

मजेदार बात यह है कि इटली से लौटने के बाद सोनिया गांधी ने अब तक अशोक गहलोत से बात नहीं की है। अपनी मां का निधन हो जाने के कारण वे इटली गई थीं।

लेकिन खबरें कहती हैं कि 24 सितम्बर को नामांकन भरने की शुरूआत होने से पूर्व वे उनसे बात करेंगी। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर है। यह महत्वपूर्ण है कि पार्टी के सीनियर नेताओं ने अब यह कहना शुरू कर दिया है कि गहलोत अपना नामांकन भरने से पूर्व या तो मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें या वे ऐसा नहीं करते हैं तो वे नामांकन पत्र ना भरें। इसका तात्पर्य यह होगा कि अब तक सोनिया के चहेते रहे व इस पद के लिए पसंद बने अशोक गहलोत के प्रति गांधी परिवार का कोई पक्षपात नहीं होगा।

सचिन पायलट कल सुबह केरल के लिए रवाना हो रहे हैं जहां वे वर्तमान में चल रही भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ पुनः जुड़ेंगे और इस पद यात्रा में दो दिन और उनके साथ रहेंगे।

इससे उन्हें राजस्थान के परिदृश्य पर राहुल गांधी से बातचीत करने का मौका मिल सकता है और वे यह भी समझ सकेंगे कि कांग्रेस अध्यक्ष बनने के साथ ही मुख्यमंत्री बने रहने के इच्छुक गहलोत की नोटंकी के प्रति गांधी परिवार का वास्तव में क्या दृष्टिकोण है।

रिपोर्ट्स कहती हैं कि मुख्यमंत्री पद की कुर्सी ना छोड़ने का गहलोत का रवैया गांधी परिवार को अच्छा नहीं लगा है।

# अमरिन्दर सिंह की पार्टी के भाजपा में विलय को इतना महत्व क्यों दे रही है भाजपा

## भाजपा का मानना है, चाहे पिछले चुनाव में कैप्टन साहब की पार्टी को अधिक वोट नहीं मिले थे, पर अमरिन्दर सिंह के आने से अन्य कांग्रेसी नेताओं का भाजपा में आने के लिये रास्ता खुल जायेगा

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। जिसकी अपेक्षा थी, वह हो गया है। कैप्टन अमरिन्दर सिंह भाजपा में शामिल हो गये हैं, उन्होंने अपनी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस का विलय भाजपा में कर दिया है। सतही तौर पर देखने से इस घटना को गैर महत्वपूर्ण मानते हुये, अनदेखा किया जा सकता है। अपमानित होने तथा मुख्यमंत्री पद से हट जाने के बाद, कैप्टन ने अपनी स्वयं की पार्टी बनाई थी तथा भाजपा एवं अकाली दल (ढींढ़सा) गुट के साथ मिलकर पिछला विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन उनके प्रदर्शन में उल्लेखनीय जैसा कुछ नहीं था। उनकी पार्टी में 28 सीटों पर चुनाव लड़ा था तथा 27 सीटों पर उसके उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। उनका कुल वोट शेयर 0.5 प्रतिशत तथा 2.3 प्रतिशत रहा था। कैप्टन स्वयं अपने गढ़ पटियाला में हार गये थे।

- **अमरिन्दर सिंह के साथ सुनील जाखड़, राणा गुरमीत सिंह, फतेह सिंह बाजवा भी भाजपा में शामिल हुए हैं।**
- **कै. अमरिन्दर सिंह की उम्र भी 75 साल से अधिक होने के कारण शायद, उन्हें राजनीतिक पद तो नहीं मिलेगा, पर उन्हें राज्यपाल आदि, संवैधानिक पद देकर संतुष्ट करने का प्रयास होगा, साथ ही उनके परिवार के अन्य सदस्यों, उनकी पत्नी, पुत्री, पुत्र, व पौत्र, जो राजनीति में सक्रिय हो रहे हैं, का राजनीतिक जीवन आगे बढ़ जायेगा।**
- **भाजपा, अमरिन्दर सिंह के सहयोग से पंजाब में कांग्रेस की जगह लेना चाहती है।**

कैप्टन वृद्ध होते जा रहे हैं तथा भाजपा में 75 वर्ष की अनधिकृत सेवानिवृत्ति के चलते, यह संभव दिखाई नहीं दे रहा कि उन्हें कोई महत्वपूर्ण राजनैतिक भूमिका मिलेगी। इसके बावजूद, ऐसी कुछ करण है, जिनके चलते भाजपा कैप्टन को अपने लिये महत्वपूर्ण मान रही है। दो बार मुख्यमंत्री रह चुके अमरिन्दर सिंह 2000 में कांग्रेस के पुनरुद्धार का जरिया रहे थे, जबकि 1980 तथा 1990 के दशकों में मानवाधिकारों के दुरुपयोग के कारण पार्टी की हाल खराब हो चुकी थी। ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद, कांग्रेस से दिये गये उनके इस्तीफे के कारण, उनकी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत जोड़ो यात्रा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि "भारत जोड़ो यात्रा", जिसका नेतृत्व वे कर रहे हैं, का उद्देश्य यह है कि देश का हर वर्ग एवं हर व्यक्ति के साथ एक बेहतर कल की ओर बढ़ने वाले कदमों के बारे में संवाद हो सके।

- **भारत जोड़ो यात्रा को बेहतर कल की दिशा में एक कदम बताते हुए राहुल ने ट्विटर पर बताया कि, किस प्रकार आज वे केरल में स्थानीय मछुआरों से मिले व उनकी समस्याओं को जाना।**

एक फेस बुक पोस्ट में, उन्होंने मछुआरों के साथ सोमवार को हुये संवाद का विवरण दिया तथा कहा कि वे विभिन्न वर्गों से प्रतिदिन इस प्रकार की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नशे में धुत पंजाब के मु.मंत्री को प्लेन से उतारा

## फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर लुफ्थैंसा एयरलाइंस के विमान से उन्हें सुरक्षा नियमों का हवाला देकर उतारा गया

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। निवेशकों को लुभाने के लिए जर्मनी गए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को फ्रैंकफर्ट में लुफ्तहंसा एयरलाइंस के विमान से नीचे उतार दिया गया क्योंकि वह इतनी शराब पीए हुए थे कि ढंग ले चल भी नहीं पा रहे थे।

इसकी वजह से फ्लाइट में चार घंटे का विलंब हुआ क्योंकि उनका और उनके साथ आए लोगों का सामान फ्लाइट में पहले ही लोड कर दिया गया था, जिसे बाद में निकालना पड़ा।

पंजाब सरकार के अधिकारियों ने लुफ्तहंसा क्रू मैम्बर्स को समझाने की कोशिश की कि वे मान को प्लेन से ना उतारें क्योंकि उन्हें अगले दिन के लिए तय कई महत्वपूर्ण मीटिंग्स में भाग लेना है, लेकिन उन्होंने अपनी फ्लाइट के सेफ्टी रूल्स के साथ समझौता करने से इंकार कर दिया।

- **पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान निवेश आकर्षित करने के लिए जर्मनी के दौरे पर गए थे।**
- **एक यात्री ने बताया कि, मु.मंत्री मान इतने ज्यादा नशे में थे कि, पत्नी व सुरक्षा स्टाफ के सहारे के बिना खड़े भी नहीं हो पा रहे थे।**
- **इस घटना के बाद मान तुरंत दिल्ली लौट आए और सफाई पेश करने के लिए केजरीवाल के घर गए, क्योंकि चर्चा है कि केजरीवाल उन्हें हटा सकते हैं।**

फ्लाइट में बैठे एक यात्री के अनुसार मुख्यमंत्री मान दारू के नशे में इतने धुत्त थे कि अपनी पत्नी और सुरक्षा गार्डों के सहारे के बिना खड़े भी नहीं हो पा रहे थे। लुफ्तहंसा के कर्मचारियों ने उन्हें यह कहकर प्लेन से उतार दिया कि इन्होंने शराब पी हुई है और नियमानुसार ये प्लेन में नहीं बैठ सकते।

नया मुख्यमंत्रीः ऐसी जबर्दस्त अटकलें हैं कि आप संयोजक एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने इसे गंभीरता से लिया है, वे मान के स्थान पर शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इलैक्टोरल बॉण्ड्स

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 सितम्बर। विवादास्पद इलैक्टोरल बॉण्ड्स का मुद्दा ठण्डे बस्ते में से फिर बाहर आ गया है क्योंकि इस संबंध में दायर की गईं याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के 19 सितम्बर को सुनवाई करने की संभावना है। इस स्कीम को चुनौती देने वाली याचिकाएं एन.जी.ओ. एसोसिएशन फोर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म की ओर से दायर की गईं थीं।राजनीतिक पार्टियों को बैंकिंग चैनल्स के जरिए पारदर्शी फण्डिंग

- **चुनावी बॉण्ड के विवाद का मुद्दा आज सुप्रीम कोर्ट में उठा, विवाद यह है कि इससे सरकार को मालूम पड़ जाता है कि बॉण्ड के जरिए राजनैतिक दलों को चंदा कौन दे रहा है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दक्षिण भारत में भाजपा की एन्ट्री को संघर्षमय पर रोचक बनाया तेलंगाना ने

## स्मृति इरानी ने जब बहुत हल्ला किया कि, पी.डी.एस. अनाज के पैकेट्स पर प्र.मंत्री का फोटो क्यों नहीं है तो, तेलंगाना सरकार ने रसोई गैस सिलैण्डर पर प्र.मंत्री का फोटो छाप कर गैस की कीमत का पर्चा भी चिपका कर शहर भर में घुमाया

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। भाजपा दक्षिण भारत को चुनावों के जरिये जीतने के आक्रामक एजेण्डा के साथ वहाँ प्रवेश कर रही है तथा उसने क्षेत्रीय राजनैतिक ताकतों के साथ दिलचस्प जंग का ऐलान कर दिया है तथा क्षेत्रीय ताकतें भी उसके साथ वही रुख इख्तियार कर रही हैं।

तेलंगाना में यह लड़ाई अब बेहूदा रूप लेती जा रही है। प्रचार, दुष्प्रचार तथा चतुराई के मामले में क्षेत्रीय ताकतें भाजपा का पूरी तरह मुकाबला कर रही है तथा दाँव-पेच तथा छल-छद्म के मामले में उसे आगे नहीं निकलने दे रहीं।

जब केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी इस बात पर आग-बबूला हुईं कि पी.डी.एस. खाद्यान्नों पर प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर नहीं थी तो टी.आर.एस. ने एल.पी.जी. सिलेन्डरों पर, उनकी कीमत के टैग के साथ प्रधानमंत्री की फोटो भी लगवा दी तथा उन्हें ट्रक में लादकर सड़कों पर घुमाया तथा इस प्रकार एल.पी.जी. की कीमतों में आये उछाल के मुद्दे को चतुराई के साथ उठाया तथा इस प्रकार, प्रचार के इस खेल में भाजपा से कम नहीं पड़ी।

- **जब गृह मंत्री हैदराबाद पहुंचे तो, हवाई अड्डे के रास्ते में हजारों पोस्टर लगाये गये ''चालीस प्रतिशत'' सरकार का आगमन पर स्वागत।**
- **तेलंगाना सरकार ने पड़ौसी राज्य कर्नाटक को भी नहीं बख्शा। कर्नाटक की भाजपा सरकार पर हर सरकारी निविदा पर चालीस प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप चर्चित है। अतः बंगलौर शहर में ही फ्लैक्स लगे आई.टी. उद्योग को बंगलौर से हैदराबाद शिफ्ट होने के लिये, नारा था ''हैदराबाद में चालीस प्रतिशत कमीशन नहीं चलता, अतः यहां आधारभूत ढांचा (सड़कें, पुल, आदि) काम कर रहा है।''**

तेलगांना में यह लड़ाई अप्रिय रूप लेती जा रही है जहाँ, उदाहरणार्थ, पड़ोसी राज्य कर्नाटक के खिलाफ टी.आर.एस. प्रेरित अभियान ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री वासवराज बोम्मई को भी लपेट में ले लिया है जिससे वे कुद्र हो गये हैं।

और अब, एक ताजातरीन तथा चुभता हुआ कटाक्ष, जो अनुमानतः टी.आर.एस. की तरफ से ही आया है, के अन्तर्गत, उस रास्ते के प्रमुख स्थानों पर "40 प्रतिशत सरकार का स्वागत" के पोस्टर लगा दिये गये हैं, जिस रास्ते से केन्द्रीय गृह मंत्री हवाई अड्डे से शहर तक गये थे।

संयत स्वभाव के कर्नाटक के मुख्यमंत्री बोम्मई ने खिन्नता एवं नाराजगी प्रकट करते हुये कहा कि इस प्रकार की हरकतों से दोनों राज्यों के आपसी संबंध बिगड़ेंगे। लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि हैदराबाद में ये पोस्टर किसने लगाये थे। लेकिन भाजपा नेताओं का अनुमान है कि यह सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति की ही कारीगरी है जो अपने गढ़ को राष्ट्रीय दल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बड़ी बैंच का फैसला ही मान्य

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने सोमवार को निर्णय दिया कि किसी भी अपेक्षाकृत बड़ी बैंच द्वारा दिया गया फैसला कायम रहेगा, भले ही बहुमत वाले जजों की संख्या कितनी भी हो।

उदाहरणार्थ, 7 जजों की बैंच द्वारा 4:3 के बहुमत से दिया गया निर्णय 5 जजों की बैंच द्वारा सर्वसम्मति से दिये गये निर्णय पर प्रभावी रहेगा।

- **सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ी उलझन दूर कर दी कि, पांच जजों के सर्वसम्मत फैसले पर सात जजों की बैंच का 4:3 से दिया गया फैसला मान्य होगा।**

संविधान पीठ ने कहा, "अगर 5 जजों की बैंच का निर्णय 7 जजों की बैंच

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

विचार बिन्दु

मनुष्य जीवन अनुभव का शास्त्र है। –विनोबा

# आँकड़ों का खेल, कौन पास कौन फेल?

जिस प्रकार और जिस गति से हमें सरकारों की ओर से विभिन्न विषयों पर आंकड़े परोसे जाते हैं, उसे देखकर तो कई बार लगता है, हमारी सारी प्रगति आंकड़ों में ही सिमट कर रह गई है। आंकड़ों के मोहपाश या भ्रम जाल में हम इतना उलझ कर रह गए हैं कि यही पता नहीं लगता कि आंकड़े हमें क्या बता रहे हैं और क्या छुपा रहे हैं। एक ही प्रकार के आंकड़ों को तोड़ मरोड़ कर, विभिन्न राजनीतिक दल एवं अधिकारी भी, जैसा चाहे वैसा निष्कर्ष निकालकर जनता के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं।

जिन आंकड़ों के आधार पर सत्ताधारी दल, अत्यधिक तीव्र गति से प्रगति होना सिद्ध करने का प्रयास करता है, उन्हीं आंकड़ों का उपयोग करते हुए यह भी सिद्ध किया जा सकता है कि हमारी प्रगति की गति अत्यंत धीमी है। आंकड़ों के इस जाल को समझने के लिए हम कुछ विषयों जैसे महंगाई, जीडीपी, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, उद्योगीकरण के बारे में आंकड़ों का विश्लेषण करने प्रयास करेंगे।

महंगाई को सामान्यतया मुदास्फीति की दर से आंका जाता है। सामान्यतया उपयोग में आने वाली विभिन्न वस्तुओं की कीमत के आधार पर यह तय किया जाता है कि महंगाई कितनी है। समय-समय पर वृद्धि दर में कमी होना इस बात का संकेत नहीं है कि महंगाई में कमी हुई है। सत्ताधारी दल हमेशा यही कहता आया है कि यदि मुद्रा स्फीति की दर 7 प्रतिशत से घटकर 4 प्रतिशत रह जाए तो महंगाई में कमी हुई है। वास्तव में कीमतों में बढ़ोतरी दोनों ही स्थितियों में होती है। पहली स्थिति में बढ़ोतरी अधिक तेजी से होती है और दूसरी में बढ़ोतरी कुछ कम गति से होती है। मुद्रास्फीति की दर ज्ञात करते समय यह भी देखने की आवश्यकता है किन किन वस्तुओं की कीमतों के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक निकाला जाता है। क्या इनमें वही वस्तुएं सम्मिलित हैं जो साधारण नागरिक दिन प्रतिदिन अपने काम में लेता है?

किसी किसी भी देश की प्रति व्यक्ति आय देश की कुल जीडीपी को उसकी जनसंख्या से भाग देकर निकाली जाती हैं प्रति व्यक्ति आय से यह नहीं ज्ञात होता है कि देश में कितनी समृद्धि है यह संभव है कि कुछ प्रतिशत व्यक्तियों के पास अधिक आए हो और अधिकांश के पास बहुत कम, तब भी प्रति व्यक्ति आय बढ़ सकती है। किसी भी देश की जीडीपी वृद्धि की दर भी इसी प्रकार से बड़ी भ्रामक हो सकती है। जीडीपी में वृद्धि की गणना, गत साल की जीडीपी के आधार पर की जाती है। उदाहरण के लिए यदि किसी देश की जीडीपी 2019 में 100 करोड़ थी और कोरोना के वर्ष में यह 24 प्रतिशत घट गई अर्थात 2020 में यह 76 करोड़ हो गई। इस पर पर यदि 10 प्रतिशत की वृद्धि भी हो जाय तो यह 2021 में 76ह्7.6़83.6 करोड़ होगी। यह जी डी पी वास्तव में 2019 की जी डी पी से भी कम है। इसका अर्थ यह हुआ कि कम आधार पर वृद्धि सदैव अधिक दिखाई देगी। अतः भारत सरकार का यह दावा करना कि जीडीपी में गत वर्ष की तुलना में बहुत वृद्धि हुई है, एक प्रकार से भ्रमित करने वाली बात होगी। आंकड़ों से भ्रमित करने का यह खेल कई क्षेत्रों में चल रहा है इसे समझना पाठकों के लिए आवश्यक है ताकि आंकड़ों के पीछे छुपा हुआ सच जान सके

उज्जवला योजना के अंतर्गत 8 करोड़ गृहणियों को निशुल्क रसोई गैस देने का दावा किया जाता है। सरकार के प्रवक्ताओं द्वारा यह कहा जाता है कि गैस के सिलेंडर मुफ्त दिए गए जिससे उन्हें लकड़ी जलाने से होने वाले धुएँ से मुक्ति मिली है। वास्तविकता यह है ऐसा कि घरेलू सिलेंडर की कीमत जो 2014 में लगभग 400 थी, अब बढ़कर 1150 रुपए हो गई। अब भारत सरकार ने सब्सिडी पूरी तरह समाप्त कर दी है और चाहे गरीब हो अथवा अमीर, सभी को सिलेंडर 1150 रुपये में ही मिल रहा है। इस प्रकार सिलेंडर देने की योजना में गरीबों के ऊपर अधिक भार ही डाला है। उज्जवला योजना के अंतर्गत जिन्हें मुफ्त कनेक्शन दिया गया, वे तो अब सिलेंडर दुबारा भरवाने की स्थिति में ही नहीं है।

प्रधानमंत्री द्वारा बार-बार यह कहा गया कि भारत को 2022 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बना दिया जाएगा। वर्तमान में यह अर्थव्यवस्था लगभग 2.8 ट्रिलियन डॉलर की है। सामान्य विवेक वाला व्यक्ति भी जानता है कि प्रति वर्ष कीमतों में वृद्धि के कारण जीडीपी कुछ 5 प्रतिशत तो बढ़ेगी ही। इसका श्रेय सरकार कैसे ले सकती है? हां, यदि नए उत्पादन में वृद्धि होती है तो उसे अवश्य श्रेय दिया जाना चाहिए। सरकार वास्तव में यदि गरीबों के हित में इतना ही काम कर रही है तो समय के साथ गरीबों और अमीरों की आय में अंतर कम होना चाहिए था, किंतु हो इसके ठीक विपरीत रहा है। देश की संपत्ति का केंद्रीकरण कम से कम परिवारों में होता जा रहा है और अधिकांश परिवार जैसे-तैसे अपना गुजारा चलाने के लायक हैं। क्या इस प्रकार की स्थिति में क्या हम सरकार के इन आंकड़ों से कोई राहत प्राप्त कर सकते हैं कि गरीब के अब अच्छे दिन आ गए हैं?

**आम नागरिक जितना शीघ्र इस सत्य को पहचाने और आंकड़ों का विश्लेषण करने की क्षमता को विकसित करे, उतना ही उसके लिए अच्छा है। यदि आम नागरिक स्वयं ऐसा न कर पाए, तो जागरूक नागरिक संगठनों के लिए ऐसा करना उनका सामाजिक दायित्व है। ऐसा करते समय, किसी भी प्रकार की राजनीति से ऊपर उठकर निर्णय करना होगा।**

वास्तविकता तो यह है कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण से यह सिद्ध हुआ है कि और असमानता के सूचकांक में भारत की स्थिति पहले से भी खराब हुई है और हम विश्व के सर्वाधिक असमानता वाले देशों में आते हैं। हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो जायें और सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भी बन जाएँ तो उससे समान्य जन को कोई लाभ नहीं है। इस प्रकार के आंकड़ों पर, जो सरकार द्वारा प्रसारित किए जाते हैं, प्रश्न करना चाहिए और समझना चाहिए कि जो प्रगति हो रही है, वह किसके हित में है?

आत्मनिर्भर भारत की बात सरकार द्वारा बहुत कही गई है और इसे बहुत बड़ी उपलब्धि के रूप में देश के सम्मुख प्रस्तुत किया गया है। आत्मनिर्भरता का अर्थ तो यह होता है कि हम अपना उत्पादन अधिकाधिक बढ़ाएं और विदेशों से आयात कम हो। देखा जाए तो चीन के साथ हमारे निर्यात और आयात में अंतर बढ़ा है। आयात, निर्यात की तुलना में बहुत बढ़ा है। क्या अधिक आयात करना आत्मनिर्भरता की निशानी है, विशेषकर ऐसे देश से साथ जिसके साथ हमारा सीमा विवाद चलता रहा है? एक बार तो सत्ताधारी दल एवं उसके सहयोगी संगठनों द्वारा चीन में निर्मित वस्तुओं के बहिष्कार की बात तक की गई थी और अब उसी देश से हम आयात और अधिक बढ़ा रहे हैं। वर्ष 2021 एवं भारत का चीन से आयात निर्यात की तुलना में 4400 करोड़ डॉलर अधिक था। यह अन्तर वर्ष 2022 में बढ़कर 7300 करोड़ डॉलर हो गया। यह कैसी आत्मनिर्भरता है?

सरकार विभिन्न आंकड़े प्रस्तुत करते हुए दावा करती है कि रोजगार के कितने अवसर युवाओं के लिए उपलब्ध कराएं हैं? सरकार के विभागों में रिक्त पदों को नहीं भरा जा रहा है और नौकरियों की स्थिति पहले से भी खराब होती जा रही है। अब सरकार ने नौकरी देने के स्थान पर यह कहना प्रारंभ किया है कि रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरकार, आंकड़ों के आधार पर यह कभी नहीं कहती कि कितनी आय प्रतिमाह अर्जित करने वाले व्यक्ति को पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराया जाना माना जाएगा? सरकार को यह भी बताना चाहिए कि आज भी लगभग 40 करोड़ लोग एक डॉलर प्रतिदिन पर गुजारा कर रहे हैं।

सरकार पी एफ खातेदारों की संख्या में वृद्धि को इस प्रकार प्रचारित कर रही है जैसे करोड़ों लोगों को रोज़गार दे दिया हो। वास्तविकता यह है कि श्रम कानून के अंतर्गत नियोक्ता पर पी एफ कानून तब ही लागू होता है जब 20 से अधिक श्रमिक/कर्मचारी काम करते हों। किसी स्थान पर पहले लोग काम करते थे और अब एक भी बढ़ेगा तो 20 लोगों का पी एफ खाता खोलना होगा। इसका अर्थ यह हुआ कि एक नए रोजगार को सरकार 20 मान रही है। कई सरकारी-गैर सरकारी संस्थाओं के अनुसार गत कई वर्षों में बेरोजगारी का स्तर सर्वाधिक है। राष्ट्रीय सैंपल सर्वे संगठन के द्वारा कुछ समय पूर्व बेरोज़गारी की जो स्थिति, वास्तविकता के रूप में सार्वजनिक रूप से देश के सम्मुख लाई गई, तो सरकार को यह स्वीकार नहीं हुआ और उसने तत्कालीन महानिदेशक राष्ट्रीय सैंपल सर्वे संगठन को ही अपने पद से त्यागपत्र देने हेतु बाध्य कर दिया। आंकड़े दुधारी तलवार की तरह है। हम चाहें तो उनका उपयोग स्थितियों को सुधारने के लिए कर सकते है, या फिर हम उनका उपयोग लोगों को भ्रमित करने के लिए कर सकते हैं। यदि हम उसका उपयोग दुष्प्रचार के रूप में करना चाहते हैं तो उससे जनता का हित होने वाला नहीं है।

आज जब आम व्यक्ति छोटी-छोटी नित्य प्रति काम आने वाली वस्तुएं जैसे दूध, दलिया, दाल आदि पर जीएसटी बढ़ाने के कारण शिकायत करता है तो उसे यह कहा जाता है कि इन्हे खुले में बेचने पर जीएसटी नहीं है, अपितु पैकिंग में बेचने पर जीएसटी लगाया गया है। नागरिकों को यह समझना होगा कि 25 किलो की पैकिंग पर जीएसटी नहीं है है किंतु आधा किलो, एक किलो आदि की पैकिंग पर जीएसटी है। साधारण व्यक्ति, सामान्यतया पैसे की कमी के कारण केवल आधा किलो, एक किलो की पैकिंग में दूध, दाल, आटा, दलिया आदि खरीदता है। उसके लिए तो ये सब जी एस टी के कारण महंगी हो गई हैं। इसका परिणाम स्वरुप जीएसटी से सरकार की आय में वृद्धि अवश्य होती है, किंतु यह गरीबों की तो कमर तोड़ने का ही काम करती है। साथ ही 25 किलो या उससे अधिक की पैकिंग में ये सामान बेचने वाली बड़ी कंपनियों को लाभ भी हो जाता है।

सरकार प्रति माह आंकड़े प्रसारित करती है कि जीएसटी के संग्रहण में रिकॉर्ड वृद्धि हो रही है। यह कहकर सरकार देशवासियों को समझाने का प्रयास कर रही है कि देश की अर्थव्यवस्था सुधर रही है तथा देशवासी भी संपन्न होते जा रहे हैं। यह देखने का प्रयास नहीं किया जाता कि कीमतें बढ़ने के कारण उसके अनुपात में जीएसटी संग्रह तो स्वाभाविक रूप से अधिक ही होगा।

कुल मिलाकर, यही कहा जा सकता है कि जब भी सरकारें विभिन्न दावे करें तो जनता को उन दावों की सच्चाई तक पहुंचना होगा। देशवासियों को इतना जागृत होना होगा कि वह इन आंकड़ों के पीछे छुपे हुए सच को पहचान सकें और निष्कर्ष निकाल सके वे उनके हित में हैं या नहीं?

सरकार प्रति दिन, विभिन्न संचार माध्यमों से जनता को यह जताती है कि हमने 'यह किया', 'वह किया'। देशवासियों को तो केवल एक ही बात से मतलब है कि सरकार ने जो कुछ भी किया हो, पर उसका 'हुआ क्या?' इस प्रश्न के उत्तर से ही ज्ञात होगा कि आम नागरिक की स्थिति पहले की तुलना में कैसी है? क्या वह बेहतर जिंदगी जी पा रहा है अथवा केवल आंकड़ों को ही देखकर और सुनकर आभासी प्रसन्नता का अनुभव कर रहा है?

आम नागरिक जितना शीघ्र इस सत्य को पहचाने और आंकड़ों का विश्लेषण करने की क्षमता को विकसित करे, उतना ही उसके लिए अच्छा है। यदि आम नागरिक स्वयं ऐसा न कर पाए, तो जागरूक नागरिक संगठनों के लिए ऐसा करना उनका सामाजिक दायित्व है। ऐसा करते समय, किसी भी प्रकार की राजनीति से ऊपर उठकर निर्णय करना होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो यह तय कर पाना ही असंभव होगा कि आंकड़ों के इस खेल में कौन पास, कौन फेल?

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# बाप में एक भी पशु चिकित्सक नहीं, सात में से पांच पद खाली

**बाप,** (निसं)। जोधपुर जिले के बाप कस्बे में संचालित प्रथम श्रेणी राजकीय पशु चिकित्सालय में एक भी पशु चिकित्सक नहीं है। स्वीकृति 7 पदों में से पांच रिक्त पड़े है। अभी अस्पताल महज एक पशु परिचर के भरोसे ही है। इस कारण लंपी स्किन जैसी भंयकर बीमारी में बीमार गोवंश को उपचार नहीं मिल पाया। हजारो गोवंश काल कलवित हो गया। बीमारी की भयावता अभी भी जारी है। पशुओं के अंग सडने लगे है। कीड़े तक पड़ गए है। सरकारी पशु चिकित्सालयों में किसी प्रकार की आम पशुपालक को सुविधा नही मिलने से क्षुब्ध गो पुत्र सेना ने पूर्व सूचना अनुसार सोमवार को बाप में संचालित प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।



आम पशुपालक को सुविधा नहीं मिलने से क्षुब्ध गो पुत्र सेना ने धरन-प्रदर्शन किया।

- **गो पुत्र सेना ने चिकित्सालय पर ताला जड़ अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया**

गो पुत्र सेना जिला संयोजक सुशील हिन्दू ने बताया कि उपखंड अधिकारी मांगीलाल को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन भी सौंपा गया है। ज्ञापन में लिखा कि बाप व आसपास के इलाके में हजारो पशुपालकों की जीविका चलाने का साधन मात्र दूध उत्पादन ही है। बीमार पशुधन का इलाज कराने का केंद्र बाप ही है, मगर बाप में मात्र एक परिचर के भरोसे अस्पताल है। दवाइयां भी उपलब्ध नही है। ऐसे में गरीब पशुपालक के सामने विकट समस्या है।

सरकार ने 7 पद स्वीकृत किये है, लेकिन वरिष्ठ पशु चिकित्सक सहित 5 पद खाली है। पालीवाल ने बताया कि गौपुत्र सेना का धरना सुबह 10 से सायं 5 बजे पशु चिकित्सालय के समक्ष रहेगा। अगर सरकार ने 7 दिन में बाप पशु चिकित्सालय के रिक्त पद नही भरे तो आंदोलन तेज किया जाएगा। पहले दिन सुशील हिंदू सहित जगमाल भील, प्रेम पालीवाल, देवीलाल पालीवाल, राणुलाल थानवी, मनीष विस्सा, मनोज लोहिया, धू?चन्द कोठारी, मोहन भैया, विजय कुमावत, पंकज जोशी, मांगीलाल सेन, चंडीदान, पवन तंवर, श्याम राठी, मनीष तंवर, राणुलाल कुमावत, रूपाराम कुमावत, कंवर लाल ढोली, पन्नालाल कुमावत, कमल पालीवाल, देवीलाल पालीवाल आदि धरने में बैठे।

## लंपी से पीड़ित गायों के लिए सहायता राशि

**निवाई,** (निसं)। पीपलू पंचायत में लंपी स्किन बीमारी से पीडित चल रही गायों के इलाज तथा गौसेवा को लेकर गांधी गौशाला टोंक के संरक्षक अभयमल बंब ने पीपलू की श्रीश्याम गौशाला में 50 हजार रुपए की राशि भेंट की है। वहीं ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रामजीवण मीणा ने भी 21 हजार रुपए की राशि गौसेवार्थ संचालकों को भेंट की हैं। इस दौरान अभयमल बंब ने कहा कि कहा कि इन दिनों पूरे जिले सहित प्रदेश भर में गोवंश संकट काल से गुजर रहा है। ऐसे में गोवंश को बचाने के लिए आगे आने की जरूरत है। जीएसएसएस अध्यक्ष रामजीवण मीणा ने कहा कि अब गोवंश के लिए यह संकट का समय है।

# बाड़े में बंधी गायों पर पैंथर ने हमला किया

**देवगढ़,** (निसं)। नगर के खादी ग्रामोद्योग के पीछे वाले रास्ते के उण्डे सेरिये से गुजर कर जाने वाला रास्ता है जो कि सोपरी बांध पर जाता है। इसके बीच में लक्ष्मीनारायण पिता त्रिलोक चंद जीनगर के खेत पर बाड़े में गायें बंधी हुई थी। जिन पर पैंथर द्वारा मौका पाकर हमला कर दिया गया। जिससे गायों की मौत हो गई। इसी बीच पैंथर शिकार के लिए आया और गायों पर धावा बोल दिया। जिससे कुछ गोवंश तो डर से रस्सी तोड़कर भागने में सफल हो गयी। परंतु कुछ गोवंश जो कि पैंथर की शिकार हो गयी जिसमे गायों को बहुत ही बुरे तरीके से नोंच डाला।



मृत गोवंश के गले में नाखूनों के लगे निशान।

जैसे ही घटना की जानकारी आस पास के लोगो को लगी तो लोगो मे डर एवं भय का माहौल व्याप्त हो गया। पैंथर गोवंश को जख्मी हालत में आधी अधूरी ही छोड़ भागा घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुँच मोके का जायजा लेते हुए बताया कि किसी जंगली जानवर द्वारा ही हमला किया गया है।

इसी बीच रेंजर कमलेश रावत ने बताया कि गोवंश को काफी हद तक नोंच डाला है जिससे गायों की मृत्यु हो गई है तथा मृत गायों का पोस्टमार्टम करवाकर विभागीय नियमानुसार कार्यवाही करते हुए मुआवजे के लिए पत्रावली तैयार कर उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी जाएगी जिससे की जो भी सहायतार्थ राशि आएगी वह प्रार्थी के खाते में जमा हो जाएगी।प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में छः माह पहले भी लादू लाल जीनगर की गाय पर हमला कर दिया था।आसपास के खेतों में कार्य करने वाले लोगों में काफी भय का माहौल व्याप्त है तथा कुछ दिनों से पैंथर के इधर-उधर दौड़ने की हरकतों को भी देखा गया है।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल गेट पर ताला जड़ा



बसेड़ी के नादनपुर स्कूल में ग्रामीणों व विद्यार्थियों ने विद्यालय के गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया।

**नादनपुर,** (निसं)। बसेड़ी इलाके के नादनपुर स्कूल में सोमवार को ग्रामीणों व विद्यार्थियों ने विद्यालय के गेट पर ताला जड़कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

- **यहां लंबे समय से अध्यापकों के पद खाली चल रहे**
- **इलाके में नहीं है अंग्रेजी माध्यम स्कूल**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नादनपुर में लंबे समय से अध्यापकों के पद खाली चल रहे हैं तथा इलाके में अंग्रेजी माध्यम स्कूल नहीं है। इस पर ग्रामीणों और स्कूली छात्र छात्राओं ने शिक्षकों के खाली पदों को भरने तथा हिंदी और इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित करने की मांग को लेकर विद्यालय गेट पर ताला जड़ दिया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में अध्यापकों की कमी के बारे में और विद्यालय को अंग्रेजी मीडियम व हिंदी मीडियम दोनों माध्यमों में संचालित कराने को लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं क्षेत्रीय विधायक से मांग की गई है। विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित होने के साथ-साथ उनका भविष्य भी संकट में पड़ रहा है। जिसके कारण विद्यार्थियों ने मजबूर होकर स्कूल के गेट पर ताला लगा कर विरोध प्रदर्शन किया।

वहीं बच्चों के साथ ग्रामीण भी विद्यालय के आगे धरने पर बैठ गए। विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलने पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामगोपाल मीणा मौके पर पहुंचे, जिन्होंने विद्यार्थियों और ग्रामीणों से समझाइश कर मामले को शांत कराया। साथ ही एक सप्ताह में उनकी मांग पूरी करने का आश्वासन दिया।

## आंदोलन के पांचवे दिन पहुंचे सीबीईओ, चार शिक्षक लगाये



बाप में धरना स्थल पर ग्रामीणों से सीबीईओ ने वार्ता की।

**बाप,** (निसं)। धोलिया स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में रिक्त पद भरने की मांग को लेकर किया जा रहा तालाबंदी आंदोलन व धरना प्रदर्शन पांचवे दिन सोमवार सुबह समाप्त हो गया।

पांचवे दिन सोमवार को धरना स्थल पर पहुंचे सीबीईओ मनफुलसिंह ने लोगों को आश्वस्त किया तथा बताया कि विद्यालय मे चार शिक्षक लगा दिये है। इसके अलावा कनिष्ठ लिपिक की प्रतिनियुक्ति रद्द कर दी है। कंप्यूटर अनुदेशक भी इस सप्ताह यंहा कार्यभार संभाल लेगा। जिस पर ग्रामीणों ने विद्यालय का ताला खोल आंदोलन समाप्त करने की घोषण कर दी। उल्लेखनीय है कि धोलिया में गुरूवार को ग्रामीणों ने विद्यालय पर ताला जड़ धरना शुरू कर दिया था। विद्यालय में स्वकृत 15 पद में से 9 पद रिक्त पड़े थे। जिससे पढाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। ग्रामीणों द्वारा बार बार मांग करने के बाद भी शिक्षकों के पद नहीं भरे जा रहे थे। इससे क्षुब्द ग्रामीणों ने तालाबंदी आंदोलन शुरू कर दिया था। पांचवे दिन सुबह सुबह ही सीबीइओ मनफुलसिंह वहां विद्यालय पहुंच गए।

सीबीईओ सिंह ने धरने में बैठे ग्रामीणों को बताया कि इस विद्यालय में कार्य व्यवस्थार्थ शिक्षक नरेंद्र सिंह, भवानी सिंह, गिरधारी राम को लगा दिया है। प्रातिनयुक्ति पर चल रहे कनिष्ठ सहायक हेमन्त ने भी सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होने बताया कि कंप्यूटर अनुदेशक इसी हफ्ते राजकीय उच्च माध्यमिक धोलिया जॉइनिंग करेंगे। सीबीईओ ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि एक अध्यापक और कार्य व्यवस्थार्थ लगाएंगे।

## राशिफल मंगलवार 20 सितम्बर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

आश्विनी मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, पुनर्वसु नक्षत्र रात्रि 9:07 तक, वारियान योग प्रातः 8:24 तक, वणिज करण प्रातः 8:14 तक, चन्द्रमा दिन 2:24 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-सिंह, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज कुमार योग रात्रि 9:07 तक है। भद्रा प्रातः 8:14 से रात्रि 9:27 तक रहेगी। आज दशमी का श्राद्ध और गुरू नानक पूण्य दिवस (प्राचीन मत)।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:19 से 10:50 तक, लाभ-अमृत 10:50 से 1:51 तक, शुभ 3:22 से 4: 52 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:18, सूर्यास्त 6:23

**मेष**
अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्यों से सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धन प्राप्त होगा।

**वृष**
धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा। शुभ कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**मिथुन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कर्क**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**सिंह**
स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**कन्या**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**तुला**
घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में परिचितों से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**धनु**
वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। शुभ कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**मकर**
अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार सम्पन्न होंगे।

**कुंभ**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मानसिक तनाव बना रहेगा। घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**मीन**
अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से आर्थिक लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी 'रियाज' व 'गौस' ने नेपाल भागने की फिराक में थे

## एनआईए की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने किये कई और खुलासे

**उदयपुर, (कासं)।** बहुचर्चित कन्हैयलाल हत्याकाण्ड के दोनों मुख्य अभियुक्तों को उदयपुर तस्दीक पर लाने के बाद कई और खुलासे हुए है। इन अभियुक्तों ने हत्या करने के बाद नेपाल भागने की तैयारी कर रखी थी।एनआई के की जांच में यह जानकरी सामने आई। इसके लिए उन्होनें दो प्लान तैयार किए थे। अभियुक्तों का पहला प्लान था जिसमें हत्या करने के बाद राजसमन्द होकर अजमेर पहुंच कर वहां दरगाह में ठहरने के बाद सड़क मार्ग से यूपी व बिहार होते हुए नेपाल जाने की योजना थी। दूसरा प्लान वीडियो वायरल नहीं करते तो कुछ दिन उदयपुर में बिताने के बाद नेपाल जाते।

सूत्रों के अनुसार अभियुक्तों रियाज अत्तारी एवं गोस मोहम्मद ने किसी कारण से अजमेर वाले रूट से भाग नहीं पाने की स्थिति में दूसरा प्लान तैयार कर रखा था। जिसके तहत घटना के बाद उदयपुर में अभियुक्तों के दो जगह रुकने की योजना थी। हालांकि घटना के बाद दोनों ने दूसरे प्लान को रद्द कर दिया। क्योंकि दोनों ने हत्या के बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर वरदात करना कबूल लिया था। ऐसे में उदयपुर में रुकना उनके लिए आसान नहीं था। अभियुक्त अजमेर से होते हुए कुछ दिन बिहार या हैदराबाद जाने वाले थे। वहां से नेपाल जाने वाले थे।

हत्याकाण्ड के बाद कैसे वीडियो बनाया जाए और रियाज को फैक्ट्री में जाकर वीडियो शूट करना था किसी तरह से वीडियो बनाने, उसमें हथियार दिखाते तथा वायरल करने की भी पूरी

- **मामले में एनआईए अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है**

प्लानिंग की थी। वीडियो वायरल होने के बाद फरार होने के दौरान बाइक व कपड़ों का विशेष ध्यान रखा गया। जिससे उनकी पहचान न हो सके। इसके बाद वे बाइक पर उदयपुर से राजसमन्द होकर अजमेर जाना शामिल था। जहां कुछ दिन रुकने के बाद हैदराबाद या फिर बिहार जाते। जहां से उन्हे एक व्यक्ति नेपाल जाने के लिए मदद करता।

अभियुक्तों के दूसरे प्लान में यह तय था कि यदि किसी तरह अजमेर के रास्ते नहीं भाग पाए तो उदयपुर शहर में ठहरना होगा। इसके लिए आरोपियों ने दावते इस्लाम संगठन से जुड़े दो लोगों के घर रुकने की योजना बनाई थी। ये दोनों लोग रियाज के दूर के रिश्तेदार थे। जिन्हें यह पता नहीं था कि रियाज व गौस क्या करने वाले है और कब घर आकर रुकेंगे लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद यह योजना फेल हो गई। कन्हैयालल की रैकी करते समय रियाज ने रिश्तदारों को उनके घर रुकने की इच्छा जताई थी। जिन्हें कहा था कि धर्म प्रचार में नया काम में आपकी मदद लेंगे तथा जरूरत होगी तो घर रुकेंगे।

दोनों रिश्तेदारों ने रियाज को धार्मिक काम करते देखा था इसलिए रुकने की हामी भर दी थी। एनआईए ने दोनों रिश्तेदारों से पूछताछ की लेकिन उनके कन्हैया हत्याकाण्ड में शामिल होने के सुराग नही मिलने पर उन्हें छोड़ दिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हत्याकाण्ड को अंजाम देने के बाद उन्होंने उदयपुर में रुकने की स्थिति में शहर के खांजीपीर एवं मल्लातलाई को चिन्हित कर रखा था। क्यों की दोनों मुस्लिम बाहुल्य इलाके हैं दोनों इन इलाकों एवं लोगों से परिचित थे।

उल्लेखनीय है कि गत 28 जून को उदयपुर शहर के मालदास स्ट्रीट में कन्हैयालाल टेलर की धारादार हथियार से अभियुक्तों ने हत्या कर दी थी तथा हत्या की जिम्मेदारी लेकर वीडियो वायरल किया था। इस मामले में एनआईए अब तक नो लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# अवैध कटाई रोकने गए वनकर्मियों और होमगार्ड जवानों पर हमला

## जब्त की गई जेसीबी मशीन को हाथापाई कर छुड़ाया

**बीकानेर, (कासं)।** खाजूवाला में सीमावर्ती चक 36 केजीडी की आरडी 153-155 क्षेत्र में खाजूवाला की नहरों के किनारे माफिया अवैध रूप से पेडों को काटकर चोरी कर ले जा रहे थे। बेरिंयावाली रेंज के रेंजर मोहनलाल मीणा ने बताया कि देर रात सवा 1 बजे वन अधिकारियों को केजेड़ी नहर में अवैध पेडों को काटने की सूचना मिली थी, जिस पर वन विभाग के अधिकारी होमगार्ड के जवानों के साथ पहुंचे और पकड़ने का प्रयास किया। मगर अवैध वन माफिया ट्रैक्टर रेहड़ा भगा ले गए। वहीं विभाग ने जेसीबी मशीन को जब्त कर वन अधिनियम में मामला दर्ज कर लिया। फिर वन विभाग बेरिंयावाली रेंज के अधिकारियों ने जेसीबी मशीन को रविवार सुबह खाजूवाला रेंज में ले जाने के लिए रवाना हुए।

दोपहर में जैसे ही खाजूवाला के

- **वन विभाग की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू**

राजीव सर्किल चौराहा पहुंचे तो जेसीबी मालिक दो-तीन अन्य युवकों के साथ बाइक पर मौके पर पहुंचा और हाथापाई कर वन विभाग के कार्मिकों व होमगार्ड के जवानों को नीचे धकेल दिया। इसके बाद वन माफिया ने होमगार्ड जवानों को कुचलने के प्रयास किया और भीड़ का फायदा उठाकर जेसीबी ले भागा। हालांकि वन विभाग के उड़न दस्ते ने पीछा कर जेसीबी मशीन सहित आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह विभाग की गाड़ी को जेसीबी मशीन का पंजा दिखाकर कुचलने की कोशिश की। वन विभाग बेबस नजर आया और जेसीबी लेकर भागे आरोपी हाथ नहीं लग पाये। हालांकि बेरिंयावाली वन विभाग द्वारा खाजूवाला पुलिस थाना में अनिल सियाग पर राजकार्य में बाधा व राजकीय संपत्ति को लूटने सहित नहर से सरकारी लकड़ी चोरी की रिपोर्ट दी है।

खाजूवाला थानाधिकारी अरविंद सिंह शेखावत ने बताया कि वन विभाग की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई है। खाजूवाला के केजेड़ी क्षेत्र में वन विभाग द्वारा लगाए गए पेडों को काटने, ट्रैक्टर रेहड़े में लकड़ी चोरी करने, मारपीट कर जेसीबी वन विभाग के कब्जे से छुड़ा ले जाने व होमगार्ड के कार्मिकों को कुचलने सहित राजकार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज करवाया हैं।

# करौली में फॉरेस्ट गार्ड 22 हजार रु. रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**करौली/हिण्डौन सिटी, (कासं)।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर करौली इकाई द्वारा सोमवार को कार्यवाही करते हुये राजेन्द्र सिंह वनरक्षक नाका फैलीपुरा रेंज हिण्डौन को परिवादी से 22 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि एसीबी की करौली इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि वन क्षेत्र में मिट्टी खुदाई का केस नहीं बनाने की एवज में मासिक बंधी के रूप में राजेन्द्र सिंह वनरक्षक तत्कालीन नाका फैलीपुरा रेंज हिण्डौन हाल कार्यालय क्षेत्रीय वन अधिकारी रेंज मण्डरायल

- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

एवं अन्य कार्मिकों द्वारा 22 हजार रुपये की रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी भरतपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरविजन में एसीबी की करौली इकाई के उप अधीक्षक पुलिस अमर सिंह के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया गया।

उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये राजेन्द्र सिंह पुत्र रामसिंह गुर्जर निवासी बड़ागांव पुलिस थाना सलेमपुर तहसील महवा जिला दौसा, हाल वनरक्षक तत्कालीन नाका फैलीपुरा रेंज हिण्डौन हाल कार्यालय क्षेत्रीय वन अधिकारी रेंज मण्डरायल को परिवादी से 22 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में अन्य कार्मिकों की संलिप्तता की जांच की जा रही है। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एमएन के निर्देशन में आरोपी के निवास अन्य ठिकानों की तलाशी एवं पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# सूरतगढ़ थर्मल की तीन इकाइयां शुरू

**सूरतगढ़, (निसं)।** प्रदेश में लगातार छाए बिजली संकट और लगातर विद्युत उत्पादन में हो रही गिरावट के बीच सूरतगढ़ थर्मल से एक अच्छी खबर आई है। लोड डिस्पैच सेंटर के निर्देश पर बंद पड़ी सूरतगढ़ थर्मल की तीनों इकाइयों को शुरू कर दिया गया है। इन तीनों इकाइयों के शुरू होने से सूरतगढ़ थर्मल में कुल 6 इकाइयों में से 5 इकाइयों से विद्युत उत्पादन शुरू हो गया है। वहीं एक इकाई तकनीकी खामी के चलते पिछले काफी समय से बंद पड़ी है, जिसके भी जल्द शुरू होने की संभावना है।

सूरतगढ़ थर्मल के मुख्य अभियंता एस.पी. बंसल ने बताया कि सूरतगढ़ थर्मल की तीन, पांच और छह नंबर इकाई पिछले काफी समय से चल रही थी। जिनमें तकनीकी खामी आने के कारण ये इकाइयां ट्रिप हो गईं थी। हालांकि इन इकाइयों के ट्रिप होने के थोड़ी देर बाद ही दुरुस्त कर दिया गया था लेकिन लोड डिस्पैच सेंटर से अनुमति नहीं मिलने पर यह इकाइयां 3 दिनों तक बंद रहीं।

रविवार को लोड डिस्पैच सेंटर से निर्देश मिलने के बाद इन तीनों इकाइयों को सिंक्रोनाइज किया गया। इससे तीनों इकाइयों से विद्युत उत्पादन शुरू हो गया। मुख्य अभियंता एस.पी. बंसल ने बताया कि इन तीनों इकाइयों के शुरू होने के बाद अब कुल पांचों इकाइयों से 1000 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है।

# कारागृह से फरार दूसरा बंदी भी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिला कारागृह से फरार तीन बंदियों में से पुलिस ने दूसरे फरार बंदी को भी गिरफ्तार कर लिया है अब एक अन्य की तलाश जारी है। कोतवाली थानाधिकारी रतन सिंह चौहान ने बताया कि 9 जून को जेल प्रहरी शक्ति सिंह ने रिपोर्ट दी कि 8 जून को रात्रि में 3 बंदी रोशनदान की खिडकी के पास थाली से खुदाई कर जेल फांदकर फरार हो गये थे। अनुसंधान का जिम्मा एएसआई दीपक कुमार को सौंपा गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने बंदियों की त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश दिये एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में नाकेबंदी कराकर तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया। एएसपी कानसिंह भाटी एवं पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड तथा घाटोल के पुलिस उप अधीक्षक कैलाशचंद्र के निर्देशन में टीम गठित की गई। घटना के दिन देर रात्रि में पुलिस उप अधीक्षक वृत्त घाटोल कैलाशचंद्र एवं थानाधिकारी मोटागांव की टीम ने जेल से फरार प्रवीण पुत्र कमलेश निनामा निवासी मुंगाणा को सागोली गांव से गिरफ्तार कर लिया।

शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस एवं जेल प्रशासन द्वारा सतत प्रयास किये जा रहे थे। मुखबीर की सूचना एवं तकनीकि अनुसंधान के लिये जेलर हेमंत सालवी के निर्देशन में जेल प्रहरी मुकेश कुमार ने विश्वसनीय सूत्र से शेष फरार आरोपी कमलेश पुत्र मानसिंह निवासी छोटी विजोरी पुलिस थाना पाटन के बारे में जानकारी ली। अभियुक्त कमलेश के अनंत चतुर्दशी पर्व पर घर पर चुपके से आने की सूचना मिली। जिस पर अनुसंधान अधिकारी दीपक कुमार ने थानाधिकारी पाटन कांतिलाल को अभियुक्त के बारे में सूचित किया। जिस पर उपनिरीक्षक कांतिलाल ने मय जाप्ते के फरार आरोपी कमलेश को उसके घर से रात्रि में दबिश देकर डिटेन किया एवं पुलिस थाना कोतवाली को सुपुर्द किया।

अभियुक्त ने बताया कि जेल से भागने के बाद वह रतलाम होते हुए ट्रकों में बैठकर सूरत, दमन आदि शहरों में लगभग तीन महीनों तक मजदूरी करता रहा और घर आया कि पुलिस की दबिश में पकडा गया। गिरफ्तारी में विशेष योगदान देने वाले जेल प्रहरी मुकेश कुमार को पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कृत करने के लिए अभिशंसा की है।

# अजमेर के रचित ने फतह किया अफ्रीका का माउंट किलिमंजारो

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर निवासी रचित अग्रवाल ने अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर फतह हासिल की है। उन्होंने तंजानिया की उहुरू चोटी पर तिरंगा लहराया। उहुरू पीक की ऊंचाई समुद्र तल से 5 हजार 895 मीटर या 19 हजार 341 फीट है। रचित ने तंजानिया से बताया कि किलिमंजारो पर्वत दुनिया का चौथा सबसे ऊंचा पर्वत है। इसकी चढ़ाई एकदम खड़ी है।

उन्होंने बताया कि 62.5 किलोमीटर की दूरी 6 से 7 दिन में पूरी की। वहां का तापमान माइनस 13 डिग्री सेल्सियस होने के कारण उनको कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। पीने का पानी जम जाता था। अजमेर के नया बाज़ार में रहने वाले रचित ने मुंबई की आईआईटी से बीटेक किया है और वह बेंगलूर की एक कंपनी में जॉब करते है। रचित ने बताया कि उनके पिता मुकेश ढाणी और माता संतोष ढाणी से यह

- **अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी उहुरू पीक पर लहराया तिरंगा**
- **उहुरू पीक की ऊंचाई समुद्र तल से 5 हजार 895 मीटर है**

प्रेरणा मिली और पत्नी शेवता के सहयोग से यह सपना पूरा कर पाए है।

रचित ने माउंट किलिमंजारो पर चढ़ाई की पूर्व तैयारी के लिए नियमित रूप से 1 घंटे जिम और कई किलोमीटर साइकिल चलाने के साथ साथ दस किलो का भार लेकर दस बारह मंजिल चढ़ ते उतरते थे। एक बार 14 घंटे में 250 किमी साईकिल से दूरी तय की ताकि उन्हें अफ्रीका में हाइकिंग करते हुए कोई परेशानी न हो। यह करने के साथ ही फिटनेस का खासा ध्यान रखते थे।

# भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

**करौली, (निस)।** जिला स्पेशल टीम एवं मासलपुर थाना पुलिस ने अवैध शराब सहित एक जीप जप्त कर ली है। जीप से अवैध शराब की 13 पेटियों में 428 पव्वे एवं तीन कार्टूनों में 36 बीयर की बोतलो को जप्त करने में सफलता हासिल की है। जिला स्पेशल टीम प्रभारी मनीष शर्मा ने थाना अधिकारी मासलपुर को सूचना दी कि करौली की तरफ से एक मेजर जीप भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर मासलपुर की तरफ आ रही है। डीएसटी टीम मेजर जीप का पीछा कर रही है। इस पर जिला स्पेशल टीम करौली एवं थाना मासलपुर ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध शराब से भरी हुई मेजर जीप को लैदोर खुर्द मोड़ के पास नाकाबंदी करते हुए बताया। जीप चालक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम भूपेंद्र सिंह निवासी उत्तर प्रदेश होना बताया। भूपेंद्र सिंह से शराब परिवहन करने के लिए अनुज्ञा पत्र मांगा तो कोई कागजात नहीं होना बताया । मेजर जीप के अंदर रखी अवैध शराब की पेटियो व जीप को जब्त कर एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# जवाई बांध के पानी के लिए धरना जारी, बाजार बंद रहे

**पाली, (निसं)।** पाली जिले के जवाई बांध में पर्याप्त पेयजल आरक्षित रखने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना जारी है। पाली में जवाई बांध के पानी के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। एक तरफ किसान फसलों की सिंचाई के लिए पानी मांग रहे है। वहीं सेवा और संकल्प महासमिति के बैनर तले जल जागरण अभियान समिति ओर से पीने का पानी आरक्षित करने की मांग की जा रही है। समिति के आहवान पर बाजार बंद रखा गया। दुकान बंद कर व्यापारियों ने भी पानी की मांग की।

दरअसल पाली के लोगों ने पिछले साल पानी के संकट का सामना किया था, लेकिन इस बार मानसून मेहरबान रहा। जवाई बांध में भरपुर पानी आया है। अब पानी के सही बंटवारे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए है। एक पक्ष किसानों का है। 6 दिन पहले किसान नेता जयेन्द्र सिंह कलथनी के नेतृत्व में जवाई जल यात्रा में सुमेरपुर और आहोर कमांड



जवाई बांध में पर्याप्त पेयजल आरक्षित रखने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना जारी रहा।

क्षेत्र के सैकडों किसानों ने पैदल कलेक्ट्रेट पर आकर प्रदर्शन किया था। किसानों ने चेताया था कि खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंचा तो घरों तक पानी नहीं पहुंचने देंगे। वहीं दूसरी ओर जल जागरण अभियान समिति पीने का

- **सेवा संकल्प समिति अध्यक्ष बोले- किसानों के दुश्मन नहीं, लेकिन हमारे हक का पानी नहीं छोड़ेंगे**

पानी मांग रही है। सेवा व संकल्प समिति के आहवान पर आज बाजार बंद रहा। पाली कलेक्ट्रेट के बाहर सेवा और संकल्प महासमिति की ओर से धरना-प्रदर्शन किया गया।

महासमिति के अध्यक्ष जबरसिंह राजपुरोहित सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि वे किसानों के दुश्मन नहीं हैं लेकिन पीने के लिए पानी चाहिए। फिर से पानी के संकट के हालात न बने इसलिए जरूरी है कि जवाई बांध में 49 फीट तक पानी रिजर्व रखा जाए। धरने पर जबर सिंह राजपुरोहित बाबूलाल देया, मांगीलाल गांधी, ताराचंद टॉक, लवर कंवर राठौड़, घनश्याम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सड़क हादसे में बुझे एक ही परिवार के तीन चिराग

## पति-पत्नी का एक ही चिता पर किया दाह संस्कार

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत लाडाकाबास निवासी सुल्तान भांकरिया व उनकी धर्म पत्नी कल्ली देवी व पोती देवांशी का थानागाजी के समीप रोड दुर्घटना में मौत हो गई।

सोमवार की शाम थानागाजी बिहारीसर गांव से दोस्त से मिलकर लौट रहे बुजुर्ग दंपति एवं पोती वापस लौटते समय ढिगारिया गांव गुगा की बनी के पास घुमाव पर विराटनगर की ओर से आ रही पिकअप गाडी एवं बाइक की टक्कर में बाइक सवार महिला कल्ली देवी पत्नी सुल्तान यादव तथा तीन वर्षीय पोती दिव्यांशी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक सुल्तान यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र थानागाजी लाया गया जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए बुजुर्ग को जयपुर के लिए रैफर किया। जिसकी जयपुर जाते समय विराटनगर के पास मौत हो गई।

हादसे के दौरान पिकअप गाडी पलट गई तथा चालक मौके से फरार हो गया। गांव लाडाकाबास के एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत की खबर सुनकर सन्नाटा पसर गया। वही ग्राम पंचायत लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव ने मौके पर पहुँचकर उनकी शिनाख्त कर पुलिस के सहयोग से पोस्टमॉर्टम कराकर



पति-पत्नी का एक ही चिता पर दाह संस्कार किया गया।

शव परिजनों को सौंप दिए। जहां दोनों का एक ही चिता पर दाह संस्कार किया गया।

हादसे के बाद से पूरे गांव में मातम पसर गया है। मृतक सुल्तान भांकरिया के दो लडकियां एक लडका है। दोनों बच्चे अभी छोटे है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, ग्राम पंचायत लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव, बलराम, छाजु, जगदीश, गुलाराम, बाबूलाल सहित जन जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

# खाद की किल्लत को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महुवा, (निसं)।** किसानों को आ रही खाद की समस्या को लेकर अध्यक्ष किसान संघ रामखिलाड़ी मीना के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि सरसों की फसल बोने का समय आ गया है और कोऑपरेटिव सोसायटीओं पर खाद उपलब्ध नहीं है।

क्षेत्र के किसानों की जमीन के लिए जिस मात्रा में खाद उपलब्ध होना चाहिए था उतना नहीं मिल रहा है। डीलरों के पास में भी खाद उपलब्ध नहीं है। जिससे कि किसानों को खाद की आपूर्ति नहीं हो रही है और उन्हें इस मजबूरी में कहीं ना कहीं कालाबाजारी से खाद महंगी दर खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सभी कोऑपरेटिव सोसायटीओ पर खाद उपलब्ध करवाएं जाने की मांग की है। और महुवा के लिए खाद का अलॉटमेंट प्रत्येक रेक पर लगभग 500 टन करवायें जिससे कि क्षेत्र के किसानों की समस्या का स्थाई समाधान हो और समय पर उन्हें उचित रेट पर खाद मिल सके ।

किसान नेता बनवारी लाल सांथा ने बताया कि किसानों में इस खाद की किल्लत को लेकर के भारी आक्रोश है। दो दिवस के अंदर इस समस्या का समाधान करें अन्यथा किसान सड़क पर उतरेगा और एक बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व कृषि ऊपज मंडी चैयरमैन सीताराम समलेटी व अन्य लोग मौजूद रहें।

# मालपुरा पालिका अध्यक्ष की कुर्सी बनी राजनीति का अखाड़ा

## आमजन को नही मिल रहा फलैगशिप योजनाओं का लाभ

**मालपुरा, (निसं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायधीश महेन्द्र कुमार गोयल द्वारा भाजपा की सोनिया सोनी को राज्य सरकार द्वारा निलम्बन किये जाने के 4 मई के आदेशों को रद्द कर बहाली के आदेश जारी करने व न्यायालय के आदेशों पर सोनिया सोनी द्वारा रिज्यूम कर 1 सितम्बर को विधिवत पार्षदों व शहरवासियों की उपस्थिति में पुनः अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने के बावजूद व न्यायालय के आदेशों को 26 दिन बीत जाने के बावजूद भी राज्य सरकार व डीएलपी द्वारा विभागीय आदेश जारी नहीं करने के चलते सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का आमजन को लाभ नही मिलने का मामला आया सामने आया है।

मामले के अनुसार फरवरी 2021 में भाजपा से निर्वाचित पालिका अध्यक्ष बनी सोनिया सोनी को राज्य सरकार व डीएलपी द्वारा 4 मई 2022 को एक आदेश जारी कर पालिका कार्यो में पति के हस्तक्षेप का हवाला देते हुए निलम्बन के आदेश जारी किये गये। पालिका अध्यक्ष की सीट ओबीसी महिला वर्ग के लिए होने के चलते कांग्रेस पार्षद व महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आशा नामा को सरकार ने 60 दिन के लिए पालिका अध्यक्ष का पदभार संभालने के लिए 6 सितम्बर



सोनिया सोनी

को आदेश जारी किये गये थे। सोनिया सोनी ने अपने निलम्बन आदेशो को न्यायालय मे चुनौती दी। लेकिन प्रदेश मे कांग्रेस सरकार के ईशारे पर डीएलपी डायरेक्टर हृदेश कुमार द्वारा बार-बार कांग्रेस की आशा नामा का कार्यकाल बढाने के आदेश जारी करने का क्रम जारी रहा। 24 अगस्त को न्यायधीश महेन्द्र गोयल की पीठ ने सभी पहलुओं की सुनवाई के बाद सोनिया सोनी का निलम्बन आदेश रद्द कर उसे बहाल किये जाने के आदेश दिये जाने व सोनिया द्वारा पदभार रिज्यूम किये जाने एवं 6 सितम्बर को आशा नामा का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बावजूद न्यायालय के आदेशो को नजर अंदाज

- **चार माह से पट्टा वितरण सहित विकास कार्य ठप**
- **26 दिन बाद भी राज्य सरकार सोनिया सोनी को नहीं दे रही विभागीय आदेश**

कर महज राजनैतिक घटनाक्रम के चलते 26 दिन बाद भी सोनिया सोनी को विधिवत विभागीय आदेश जारी नही करने से मालपुरा शहर का विकास पूर्ण रूप से ठप हो गया। रोजमर्रा के कार्यो के लिए भी आमजन पालिका मे चक्कर लगा रहा है।

बीते 4 माह से चल रहै घटनाक्रम व अध्यक्ष की कुर्सी को राजनीति का अखाडा बना देने के चलते ना तो पट्टा वितरण किया जा सका और ना ही सरकार की फलैगशिप योजनाओं का आमजन को कोई लाभ भी नही मिल रहा है। कार्यवाहक ईओ देशराज मीणा द्वारा कोर्ट के आदेशो के बावजूद सोनिया सोनी को अध्यक्ष का कार्यभार संभलाने के बजाय 2 सितम्बर को विभाग से मार्गदर्शन चाहे जाने का पत्र प्रेषित किया था। जो कि आज भी विचाराधीन है। जिसके चलते आमजन व राजनैतिक गलियारे मे बार-बार एक ही सवाल उठ रहा है कि आखिर कौन है मालपुरा नगरपालिका अध्यक्ष। डीएलपी के विभागीय आदेश जारी नही होने के चलते पार्षदो व आमजन मे बढते आक्रोश के चलते बीते दिनो इंद्रा गांधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना एवं नवीन इंद्रा गांधी रसोई के शुभारम्भ समारोह मे पार्षद व आमजन के नही पहुंचने से सरकार की दोनो ही फलैगशिप योजनाओं का शुभारम्भ महज कागजी खानापूर्ति रहा।

शहरवासियो व पार्षदो से निकली चर्चा मे सामने आया कि कांग्रेस सरकार जानबुझकर राजनैतिक द्वेषता से भाजपा की बहाल हुई सोनिया सोनी को विभागीय आदेश नही दे रही है। जिसके विरूद्ध अगले दो दिन में धरना प्रदर्शन जैसे आयोजनो की रणनीति बनाई गई है। तो सोनिया सोनी ने कहा कि वो शहर का विकास कर सरकार की योजनाओं का आमजन को लाभ देना चाहती है लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार व डीएलपी द्वारा जानबुझकर उन्है विभागीय आदेश नही दिये जा रहै है।

# डॉक्टर को जख्मी कर नेपाली नौकरानी और तीन बदमाशों ने जेवर-नकदी लूटे

## वैशाली नगर के हनुमान नगर एक्सटेंशन निवासी डॉ. मोहम्मद इकबाल भारती के घर में घुसी थी 1 साल पहले काम कर चुकी नौकरानी और उसके तीन साथी बदमाश

**जयपुर** (कासं)। वैशाली नगर की पॉश कॉलोनी हनुमान नगर विस्तार में डॉ. मो. इकबाल भारती के घर में घुसकर 1 वर्ष पहले काम कर चुकी नेपाली नौकरानी और उसके तीन साथियों ने लूट की वारदात की। मात्र 15 मिनट में बदमाशों ने डॉक्टर को बंधक बनाया और जख्मी कर जेवर-नकदी व कीमती सामान चुरा लिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए शहर में ए-श्रेणी की नाकाबंदी करवाई, लेकिन देर रात तक बदमाशों का पता नहीं चला था। पुलिस अब सीसीटीवी को चैक कर रही है, ताकि बदमाशों के बारे में ठोस जानकारी मिल सके।

पुलिस के मुताबिक वैशाली नगर के हनुमान नगर विस्तार निवासी डॉक्टर मोहम्मद इकबाल भारती के घर पर 1 साल पहले काम कर चुकी नौकरानी अनु दोपहर 2 बजे पहुंची। भूतल पर डॉ. भारती अपने ऑफिस में बैठे थे। परिचित होने पर अनु के लिए दरवाजा खोल दिया। तभी पीछे से अनु के 3 साथी भी घर में घुस गए और डॉ. भारती को बंधक बनाने का प्रयास किया। विरोध करने पर लुटेरों ने डॉ. भारती का गला दबा दिया। डंडे से सिर फोड़ा और मारपीट की। उनके गुप्तांग भी दबा दिए। बेहोशी की हालत में घसीट कर बदमाशों ने डॉ. भारती बाथरूम में बंद दिया।

इसी दौरान डॉ. भारती के घर मध्यप्रदेश के ग्वालियर निवासी नौकरानी मीरा 5 दिन पहले काम पर लगी है। मीरा वारदात के समय पहली मंजिल पर रसोई में आटा लगा रही थी। खटपट की आवाज पर रसोई से बाहर आई तो उसका सामना अनु से हुआ। मीरा को देख अनु भागने लगी तो वह उस पर झपटी, लेकिन उसके साथियों ने उसे धक्का मार कर गिरा दिया और भाग गए। मीरा कुछ और करती इससे पहले डॉक्टर भारती की आवाज ने उसे रोक दिया। मीरा ने तत्काल बाथरूम का गेट खोलकर डॉक्टर भारती को निकाला। पीड़ित की पत्नी डॉक्टर नसरीन भारती और आस पडौस में सूचना दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल डॉक्टर को अस्पताल पहुंचाया।


घायल डॉक्टर मो. इकबाल भारती


बदमाशों से भिड़ने वाली बुजुर्ग नौकरानी

एडिशनल डीसीपी रामसिंह शेखावत ने बताया कि लुटेरे अपने साथ एक नकब और दो बड़े पेचकस भी लाए थे। अनु को पता था कि पहली मंजिल पर डॉ. भारती के इस कमरे की अलमारियों में जेवर और कीमती सामान रखा है। लुटेरों ने चाबी से उसी कमरे और अलमारियों को चाबी से खोला। डॉ. भारती के हॉस्पिटल में भर्ती होने के कारण लूटे गए जेवर, रुपए अन्य कीमती सामान पता नहीं चल सका।

- पुलिस ने बदमाशों की पकड़ के लिए शहर में ए-श्रेणी की नाकाबंदी कराई, लेकिन उनका सुराग नहीं लगा
- एफएसएल टीम ने घर से साक्ष्य जुटाए, पुलिस भी सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशों को तलाश रही
- डॉक्टर को बचाने के लिए बदमाशों से भिड़ गई बुजुर्ग नौकरानी, घायल डॉक्टर को भी अस्पताल पहुंचाया

डीसीपी पश्चिम वंदिता राणा ने बताया कि बदमाशों की तलाश में आधा दर्जन से ज्यादा टीमें जुटी हुई है। सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला है, संदिग्धों से पूछताछ कर रहे हैं।

जिस तरह से बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया, उससे ऐसा लगता है कि उन्होंने पहले रैकी की उसके बाद प्लानिंग से काम किया। घटना के दौरान डॉक्टर ने बदमाशों के साथ काफी संघर्ष भी किया। इस दौरान घर में काफी सामान भी टूट-फूट गया। पुलिस और एफएसएल की टीम ने मौके से सबूत जुटाए।

# विधानसभा के बाहर से बिदककर भागी पुष्कर विधायक सुरेश रावत की गाय




**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा सत्र के पहले दिन सदन के बाहर एक रोचक वाकया नज़र आया।

दरअसल, भाजपा के पुष्कर से विधायक सुरेश रावत एक गाय को अपने साथ लेकर विधानसभा पहुंचे थे। वे प्रदेश के पशुधन में बढ़ते लंपी वायरस मुद्दे पर सरकार का ध्यान खींचना चाह रहे थे। लेकिन जैसे ही वे विधानसभा परिसर के बाहर पहुंचे और कैमरे के सामने बयान देना शुरू किया, तभी उनके साथ आई गाय बिदक कर वहां से भाग छूटी। जब ये वाकया हुआ तब वहां अन्य विधायकों के साथ ही सुरक्षाकर्मियों और मीडियाकर्मियों की भी मौजूदगी रही। बाद में मीडिया से बातचीत के दौरान विधायक सुरेश रावत ने कहा कि प्रदेश का पशुधन राज्य सरकार की अनदेखी का शिकार हो रहा है। लंपी वायरस से गायों की मौतें थमने का नाम नहीं ले रही है। मेरा परिवार भी गाय पालता है, गाय का दर्द मुझसे देखा नहीं गया, यही वजह है कि गहलोत सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए गाय लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे थे।

## अब तक क्यों नहीं हुई आदेश की पालना : हाईकोर्ट

**जयपुर,** (का.सं.)। हाईकोर्ट ने कैदियों के कल्याण से जुड़े मामले में अदालती आदेश की पालना नहीं होने पर अतिरिक्त मुख्य गृह सचिव को तलब किया है। अदालत ने एसीएस को 22 सितंबर को पेश होकर इस संबंध में स्पष्टीकरण देने को कहा है। जस्टिस प्रकाश गुप्ता और जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पालना रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट में बताया गया कि नए जेल नियमों के लिए गत 22 जुलाई को तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी सितंबर माह के अंत तक ड्राफ्ट बिल प्रशासन को सौंप देगी। इसके अलावा डूंगरपुर, अकलेरा, चूरू के राजगढ़ और हनुमानगढ़ जेल में नए बैरक बनाए जा रहे हैं। वहीं खुली जेल में भी निर्माण कराया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि पेट्रोल पंप खोलने के लिए 18 जेल चिन्हित की गई हैं। इनमें से जयपुर, कोटा, अलवर भरतपुर और अजमेर जेल में पेट्रोल पंप खोलने के लिए सहमति मिल चुकी है। वहीं जयपुर में 5 जुलाई 2020 को पंप खोला जा चुका है। इसका विरोध करते हुए न्यायमित्र प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को आश्वस्त किया था कि मार्च 2020 तक नए जेल नियम विधानसभा से पारित हो जाएंगे। इसके अलावा चालानी गार्ड की भर्ती भी पूरी कर ली जाएगी।

# लम्पी रोग पर विधानसभा में आज होगी 5 घंटे चर्चा

## कार्य सलाहकार समिति की बैठक में 2 दिन का कामकाज तय हुआ

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा सत्र के सप्तम सत्र में सदन की कार्यवाही संचालित करने और कामकाज तय करने के लिए सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी.जोशी की अध्यक्षता में कार्य सलाहकार समिति की बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में अभी तक 20 और 21 सितंबर का कामकाज तय हुआ है। 20 सितंबर को सदन में करीब 5 घंटे तक लंपी रोग से पशुधन की मौतों के मुद्दे पर चर्चा कराने का फैसला हुआ है। सूत्रों की मानें तो 20 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रश्नकाल चलेगा उसके बाद दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक लंपी रोग पर सदन में विधायक चर्चा करेंगे। 3 बजे से नेता प्रतिपक्ष अपनी बात रखेंगे और शाम 4 से 5 बजे तक पशुपालन मंत्री सदन में लंपी रोग और राज्य सरकार की ओर से लिए गए फैसलों पर जवाब देंगे। शाम 5 बजे विधानसभा में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अभिनंदन समारोह होगा, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य भाग लेंगे।

सूत्रों के मुताबिक 21 सितंबर को सदन में सुबह 11 से 12 बजे तक प्रश्नकाल चलेगा और उसके पश्चात सदन में 3 विधेयकों पर चर्चा होगी और उन्हें चर्चा के बाद सदन में पारित कराया जाएगा। बुधवार शाम को पुनः कार्य सलाहकार समिति की बैठक होगी, जिसमें आगामी कामकाज तय किया जाएगा। सोमवार को कार्य सलाहकार समिति की बैठक में मुख्य सचेतक डॉ. महेश जोशी, उप मुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया और उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ मौजूद रहे।

## बाल श्रम कराने वाले को सजा

**जयपुर** । अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-9 महानगर द्वितीय ने आधा दर्जन बच्चों से श्रम कराने वाले अभियुक्त मोहम्मद लईक को 14 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख 26 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि बीस जनवरी 2021 को मानव तस्करी निरोधक यूनिट की सूचना पर जालुपुरा थाना पुलिस ने नागौरी मंजिल भवन में दबिश दी थी। यहां पुलिस को आधा दर्जन बच्चे दयनीय हालत में चूडी बनाते मिले। बच्चों ने बताया कि उनके साथ पिछले छह माह से अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। उनसे सुबह चार बजे से लेकर देर रात तक लगातार चूडियां बनवाई जा रही है और इस दौरान न तो भरपेट खाने को दिया जाता है और ना ही बाहर जाने दिया जाता। इसके अलावा अभियुक्त छोटी-छोटी बात पर उनके साथ मारपीट भी करता है।

# अशोक गहलोत सरकार की गाय के प्रति संवेदनाएं मर गई हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण है : डॉ. सतीश पूनिया

- पूनिया ने कहा कि गहलोत सरकार लम्पी वायरस से 10 लाख गायों को संक्रमित और 57 हजार के आसपास काल कलवित बता रही है, जबकि हकीकत है कि 30 लाख से भी अधिक गायें संक्रमित हुई हैं और 10 लाख से अधिक गौवंश को नुकसान हुआ है, यह सीधे-सीधे सरकार की संवेदनहीनता का प्रमाण है।

**जयपुर** (कासं)। लंपी संक्रमण सहित प्रदेश के विभिन्न जनहित के मुद्दों पर विधानसभा मीडिया डेस्क पर मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि, राज्य की कांग्रेस सरकार सदन से भी और धरातल से भी भागना चाह रही है, लेकिन राजस्थान की जनता और प्रतिपक्ष उनको भागने नहीं देगा। एक-एक बात का जवाब उनको देना पड़ेगा, सदन में भी और सदन के बाहर भी। इस समय जो यक्ष प्रश्न है, जो ज्वलंत मुद्दा है वह लंपी का है, राजस्थान के गोवंश को बड़ा भारी नुकसान हुआ है, सरकार का आंकड़ा 10 लाख गायों के संक्रमित होने का और 57 हजार के आसपास काल कलवित होने का है, लेकिन जो हकीकत है वह इसके इतर है, 30 लाख से भी अधिक गाय संक्रमित हुई और 10 लाख से अधिक गोवंश को नुकसान हुआ है, यह सीधे-सीधे सरकार की संवेदनहीनता का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान को छोड़कर इसके जो पड़ोसी राज्य हैं, चाहे हरियाणा हो, गुजरात हो, उत्तर प्रदेश हो उन्होंने बहुत सही तरीके से सही समय पर इस आपदा से निपटने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए और वह सफल भी हुए।

उत्तर प्रदेश में प्रतिदिन दो से तीन लाख का टीकाकरण किया जा रहा है, इसी तरीके से उन्होंने बहुत पहले से ही शेल्टर्स बनाए, आइसोलेशन बनाए, टीकाकरण किया जा रहा है, पशुधन सहायकों की नियुक्तियां की, तीनों ही पडोसी प्रदेशों में बहुत अच्छे तरीके से प्रबंधन कर गोवंश को बचाया जा रहा है, अब काफी हालात वहां काबू में हैं, लेकिन राजस्थान में जिस तरीके से कांग्रेस पार्टी की अशोक गहलोत सरकार की गाय के प्रति संवेदनाएं मरी हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। 775 करोड़ रुपए तो सेस के थे जो गाय के नाम पर वसूले गए, 662 करोड़ रुपए आपदा के थे, 13 हजार करोड़ रुपए का जो आपदा प्रबंधन का पैसा था उसको खर्च किया जा सकता था, सरकार अस्थाई तौर पर पशुधन सहायकों की, पशुधन चिकित्सकों की नियुक्ति करती। 900 पशु चिकित्सकों की नियुक्ति का मामला तो न्यायालय में लंबित है, क्यों नहीं राज्य सरकार पैरवी कर उनको भी नौकरी देती, जिससे यहां बड़ी संख्या में पशु चिकित्सा अधिकारी मिलते। साथ ही हमारे प्रदेश के तमाम विधायकों ने 351 लाख रुपए लंपी की रोकथाम के लिए दिए हैं, मेरे अपने क्षेत्र में भी अभी तक दवाइयां नहीं आई हैं, कुल मिलाकर यह कांग्रेस सरकार के कामकाज की बानगी है। लंपी संक्रमण की रोकथाम के लिए, गायों को बचाने के लिए भाजपा कांग्रेस सरकार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से लड़ाई लड़ेगी।

## शारजाह सरकार के प्रतिनिधियों के साथ जयपुर में कॉन्फ्रेंस होगी

**जयपुर** (कासं)। एपैक्स इंडस्ट्री बॉडी, एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया, आगामी 22 सितंबर को जयपुर स्थित मैरियट होटल में हमरियाह फ्री ज़ोन अथॉरिटी, शारजाह सरकार, यूएई के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ एक कॉन्फ्रेंस कम इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन कर रहा है। अनलॉकिंग बिजनेस अपॉर्चुनिटीज इन यूएई पर आधारित यह कॉन्फ्रेंस राजस्थान राज्य से यूएई को निर्यात बढ़ाने और प्रमोट करने की दिशा में फ्री ट्रेड जोन्स के लाभों पर जागरूकता पैदा करेगा। कॉन्फ्रेंस के साथ-साथ 22 व 23 सितंबर को प्रतिनिधिमंडल के साथ बी2बी बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। सत्र का आयोजन राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड , जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल , फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री, फेडरेशन ऑफ राजस्थान एक्सपोर्टर्स, द एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान एंड गारमेंट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान जैसे प्रतिष्ठित संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। उद्योग के प्रतिनिधि इस महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा बन सकते हैं और विश्व स्तर पर अपने व्यापार का विस्तार कर सकते हैं।

## रोड सीमा से 285 अतिक्रमण हटाए

**जयपुर** (कासं)। इन्वेस्ट राजस्थान समिट से पहले सोमवार को जेडीए, नगर निगम, हाऊसिंग बोर्ड और रीको के अफसरों ने एक साथ मिलकर अस्थाई अतिक्रमण हटाने निकले। करीब 15 किलोमीटर क्षेत्र में सड़क पर कब्जा करके किये गए 285 अतिक्रमणों पर बुलडोजर गरजा। ग्रेटर निगम ने 4 कैंटर व 6 ट्रेक्टर में सामान जब्त कर 9 हजार रूपए का जुर्माना वसूला। जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि टोक रोड, हल्दीघाटी मार्ग, कुम्भा मार्ग से पन्नाधाय सर्किल, एनआरआई सर्किल, 7 नं. बस स्टेण्ड जगतपुरा से महल रोड, जगतपुरा पुलिया से बालाजी तिराहे व पूरे रूट का दौरा किया।

# सरकारी स्कूल में बच्ची से छेड़छाड़

**जयपुर** । मालवीय नगर की सरकारी स्कूल में 10 साल की नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। स्कूल के ही बाथरूम में अज्ञात बदमाश ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की। घटना शनिवार की बताई जा रही है। बच्ची ने घर पहुंचकर परिवार को जानकारी दी। सोमवार को स्कूल खुलने पर परिजन बच्ची को लेकर स्कूल पहुंचे और अध्यापकों को जानकारी दी। इसके बाद मालवीय नगर थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा के पूर्व मंत्री कालीचरण शराफ और राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा स्कूल पहुंची। सुमन शर्मा ने बताया कि शनिवार को बच्ची करीब 12 बजे स्कूल कैंपस में बने बाथरूम गई थी। इस दौरान एक व्यक्ति ने उसके साथ छेड़छाड़ की और वहां से भाग गया। बच्ची से हुई पूछताछ में अभी तक सामने आया कि आरोपी स्कूल का नहीं हैं। सुमन शर्मा ने भी बच्ची से बात की तो बच्ची ने आपबीती बताई। बच्ची के परिवार की ओर से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है। शर्मा ने बताया कि स्कूल में 900 से अधिक बच्चियां हैं। यहां पर किसी भी प्रकार का कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं है। लड़कियों का स्कूल होने के बाद भी यहां पर कोई चौकीदार नहीं हैं। बाहरी व्यक्ति कैसे स्कूल परिसर में घुस कर इस तरह की घटना कर सकता हैं। सुमन शर्मा ने बताया कि घटना के बाद बच्ची ने परिजनों की मौजूदगी में स्कूल स्टाफ को जानकारी दी। उसके बाद भी प्रिंसीपल आशा गुप्ता या किसी अन्य ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई। प्रिंसीपल ने बताया कि शनिवार को परिजन बच्ची को लेकर मेरे पास आए थे। मुझे और मेरे स्टाफ को जानकारी दी, लेकिन परिजनों ने पुलिस कार्रवाई करने के लिए मना कर दिया था। इसके बाद सभी लोग घर चले गए। आज जब स्कूल खुला तो परिजन बच्ची के साथ स्कूल आए। कार्रवाई की बात की जिस पर मैने मालवीय नगर थाना पुलिस को सूचना दी।

## सार-समाचार


### ट्रेन में यात्री से 11 लाख रुपये बरामद

**जयपुर** (कासं)। जयपुर जंक्शन पर जीआरपी पुलिस ने सोमवार को गरीब रथ से आए एक संदिग्ध व्यक्ति से करीब 11 लाख रुपए जब्त किए हैं। जीआरपी थानाधिकारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दिल्ली-सराय रोहिल्ला से ब्रान्द्रा को जाने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन में 76 नम्बर सीट पर एक संदिग्ध यात्री बैठा है। वह दिल्ली से मुम्बई चोरी या किसी अन्य अपराध से संबंधित 10 लाख 97 हजार रुपए लेकर जा रहा है। इस सूचना पर जीआरपी पुलिस ने ट्रेन के जयपुर जंक्शन पहुंचने पर चैकिंग की। इस दौरान गरीब रथ एक्सप्रेस के जी-2 कोच में संदिग्ध व्यक्ति जितेश गंगाराम सावंत (39) निवासी श्री कृष्णा निवास सायन कोम्बे रोड कॉरपोरेट पार्क के सामने चैम्बूर मुम्बई मिला। पूछताछ करने पर उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगी। इस पर उसके बैग की तलाशी लेने पर 10 लाख 97 हजार रूपये मिले। इतनी अधिक राशि के बारे में पूछताछ करने पर उसने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया और ना ही कोई वैध दस्तावेज पेश किया। प्रथम दृष्टतया यह रकम चोरी अथवा किसी अपराध से सम्बन्धित या हवाला की प्रतीत होने पर जब्त कर ली गई।

### खत्री की कहानी का कल होगा मंचन

**जयपुर** । हंस पत्रिका के नवंबर 2014 में प्रकाशित जयपुर के रमेश खत्री की कहानी "क्या तुम वाकई चली जाओगी" का नाट्यय रूपान्तरण "दो किनारे " शीर्षक से आशीष मौर्य ने किया है। इसका मंचन 21 सितंबर को त्रिवेणी नाट्यय महोत्सव के अंतर्गत कालिदास रंगायन, पटना में थिएट्रोन नाट्यय संस्था द्वारा किया जायेगा। पहले भी इस नाटक का मंचन बलिसिंह प्रेक्षागृह लखनऊ में हो चुका है। इस उपलब्धि के लिए डॉ. हेतु भारद्वाज, ऋतुराज, डॉ. दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, रत्नकुमार सांभरिया, हरिराम मीना, प्रेमचंद गांधी, डॉ. सत्यनाराण ने उन्हें बधाई दी है।

### डॉ. भारद्वाज डेंटल काउंसिल के सदस्य



**जयपुर** । राजकीय जयपुरिया अस्पताल जयपुर के दंत विभाग के प्रभारी एवं प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. हरीश भारद्वाज को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान सरकार ने राजस्थान स्टेट डेंटल काउंसिल का सदस्य मनोनीत किया है। डॉ. भारद्वाज पूर्व में भी राजस्थान सरकार द्वारा डेंटल काउंसिल के मनोनीत सदस्य रह चुके हैं और यह उनका दूसरा कार्यकाल होगा।

### छात्रसंघ कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय में बीती रात कुछ अज्ञात लोगों ने फाइव ईयर लॉ कॉलेज छात्रसंघ कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ कर की। इस घटना को लेकर छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालय कुलपति को शिकायत करते हुए गांधी नगर थाने में मामला दर्ज कराया है। फाइव ईयर लॉ कॉलेज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय चौधरी के कार्यालय में बीती रात को तोड़फोड़ की गई। इसे लेकर चौधरी ने गांधीनगर थाने और यूनिवर्सिटी कुलपति को शिकायत करते हुए मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अजय चौधरी ने शिकायत में लिखा कि 18 सितंबर की रात में उनके कार्यालय में कुछ असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की। कार्यालय में शराब की बोतलें फेंकी गईं, जिसके टुकड़े अभी भी कार्यालय में बिखरे हुए हैं। उन्होंने शिकायत में सरकारी संपत्ति के साथ निजी नुकसान होने की भी बात कही है। वहीं दूसरी ओर कॉमर्स कॉलेज के छात्रों ने क्लासेज नहीं लगने के चलते आक्रोशित छात्रों ने सोमवार को कुलपति सचिवालय के बाहर प्रदर्शन किया। छात्रों ने छात्र संघ चुनाव संपन्न होने और एडमिशन का काम भी लगभग पूरा होने के बावजूद क्लासेज नहीं लगने पर सवाल उठाए। जब छात्रों को क्लास टाइम टेबल जल्द जारी करते हुए नियमित कक्षाएं लगने का आश्वासन दिया गया उसके बाद उन्होंने अपना प्रदर्शन समाप्त किया।

# जितनी खराब रोड लाइट्स सुधरेंगी, विद्युत कंपनी को भी उतना ही पैसा देगा निगम : सुखप्रीत बंसल

## 'हर रात 2-2 वार्डों में एलआई, पार्षद व कंपनी प्रतिनिधि खराब रोड-स्ट्रीट लाइट्स को चैक करेंगे, अगले दिन सुधारेंगे'

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम क्षेत्र में बंद पड़ी रोड व स्ट्रीट लाइट्स को पावर सेविंग बताकर ठेका कंपनियां जमकर चांदी कूट रही है। मैंटीनेंस के नाम पर हर महीने नगर निगम से बिल तो बनता है, लेकिन स्ट्रीट लाइट्स नहीं सुधरती। ऑनलाइन पोर्टल पर भी करीब 3800 शिकायतें लंबित है। इस पर नाराजगी जताते हुए सोमवार को विद्युत समिति की चेयरमैन सुखप्रीत बंसल ने विद्युत अधिकारियों और कंपनी के लोगों की बैठक बुलाई। उन्होंने साफ कहा कि जितनी खराब लाइट्स को कंपनी सुधारेगी, हम सिर्फ उतना ही पैसा देंगे। सरकारी राजस्व जनता के खून-पसीने की कमाई है, इसे यूं ही किसी को नहीं ठगने देंगे। सुखप्रीत बंसल ने महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर को भी प्रस्ताव बनाकर भेजा है। जिसमें कहा है कि विद्युत कंपनियों को लाइट मेंटीनेंस की एवज में ही पैसा दिया जाना चाहिए।

सुखप्रीत बंसल ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया है कि प्रत्येक रात को नगर निगम का एल.आई, पार्षद व कंपनी के प्रतिनिधि 2-2 वार्डों में जाकर खराब लाइट्स को चिन्हित करेंगे और अगले दिन उन लाइट्स को सुधारेंगे। अभी फर्म सभी लाइट्स के रखरखाव का पैसा उठा रही है, जबकि जिस लाइट का मेंटिनेंस किया जा रहा है, उसका ही कंपनी को भुगतान किया जाना चाहिए। बैठक में विद्युत अधिकारियों को लंबित शिकायतों के निस्तारण के लिए नाइट पेट्रोलिंग करने की हिदायत भी दी। बंसल ने बताया कि ग्रेटर निगम में लाइट्स से जुड़ी 3800 से ज्यादा शिकायतें पेंडिंग है। फिर भी ठेका कंपनियां अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। बैठक में दिवाली पर थीम के आधार पर बाजारों में रोशनी करने और भविष्य में चाइनीज लाईट नही लगाने के प्रस्ताव लिया गया।


ग्रेटर निगम की विद्युत समिति चेयरमैन सुखप्रीत बंसल ने अधिकारियों की बैठक ली।

# ससुराल में विवाहिता को जान से मारने की कोशिश

- पति ने लात-घूंसों से पीटा, पत्नी के हाथ और पैर बांधकर गले में लगाया फंदा

**जयपुर** । अजमेर में एक विवाहिता की हत्या का प्रयास करने का मामला सामने आया है। दहेज नहीं लाने पर पति ने लात-घूंसों से पत्नी को जमकर पीटा। फिर जान से मारने के लिए हाथ-पैर बांधकर गले में रस्सी का फंदा लगा दिया।

जैसे-तैसे मौत से बचकर अपने घर पहुंचकर पीड़िता ने भांकरोटा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि गुलाबी नगर भांकरोटा निवासी 22 वर्षीय विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। 13 मई 2019 को उसकी शादी ब्यावर अजमेर में हुई। शादी के कुछ दिनों बाद से उसके ससुरालवाले दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। घरवालों के कम दहेज देने की कहकर 5 लाख रुपए पीहर से मांगवाने की कहा। परिवार के गरीब होने की कहकर रुपए मांगने से मना कर दिया।

आरोप है कि जिसके बाद से उसे दो-दो दिन भूखा रखने लगे। पति जानवरों की तरह मारपीट करता। फरवरी 2020 में ससुराल से वह पीहर आ गई। परिजनों ने समझाइश कराकर इलाज के बाद उसे जैसे-तैसे ससुराल भेज दिया। दहेज की मांग को लेकर शारीरिक-मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। 13 सितम्बर 2022 को पति ने उसे लात-घूंसों से पीटा। रात करीब 1 बजे प्लास्टिक के पाइप से पति ने उसकी जमकर पिटाई की। अगले दिन दोपहर करीब 2 बजे दोबारा उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता का आरोप है कि जान से मारने के लिए मेरे गले में रस्सी का फंदा लगा दिया। मेरे हाथ-पैर बांध दिए और कहा कि आज तुझे जान से मारकर रहेंगे। जैसे-तैसे बड़ी मुश्किल से खुद को बचाया, नहीं तो मुझे जान से मार देते। कॉल कर परिजनों को बुलाकर पीहर आई। ससुराल से जाते समय भी धमकी दी कि वापस आना है तो 5 लाख लेकर आना, वरना तेरे लिए इस घर में कोई जगह नहीं है। पीड़िता ने पुलिस को मेडिकल करवाने की कहा है। मारपीट से उसके शरीर पर जगह-जगह चोट और फंदा लगाने से गले पर निशान है।



## Hunger Action Month

Hunger is a problem that exists throughout the world from third world countries to the shining pinnacle of modernity in places like Poland, Germany, and the United States. No one should have to go hungry, and Hunger Action Month reminds us that there are those out there who need the help of a kind soul with an open hand, and that there are more than enough resources in the world for us all to eat well. Isn't it time we all stood up and did something for the hungry in our community and our world?

राष्ट्रदूत
TUESDAY
20 September 2022
A-B

#HAIR-CARE

# Ayurvedic Remedies

A head full of shiny, dark hair can turn heads while head with dry, lifeless, damaged hair has lesser appeal.



Warm humid weather, sunshine, and unruly, frazzled locks? Yep. You are not alone.

This common mane mishap can be very annoying, especially when nothing seems to tame it. Fortunately, just like how there are hacks to detangle curly hair, we have got some tips and tricks to help fight the frizz.

Hair is one of the most attractive aspects of a person. A head full of shiny, dark hair can turn heads while head with dry, lifeless, damaged hair has lesser appeal. There are definitely simple, but effective ways of inducing life back into the hair.

Read to know some of the most common ayurvedic remedies and medicines for different causes of dry, frizzy damaged hair and how it can be reversed to enjoy healthy, shiny hair using ayurvedic treatment.

But, before learning tips to manage frizzy hair and switching up your hair care routine, it is vital to understand what frizzy hair is and why it happens in the first place.

### What Is Frizzy Hair?

When different individual hair fibres run in multiple directions, your hair looks untidy, fluffy, frazzled, fuzzy, damaged, or anything in between. Frizz occurs when a hair strand becomes completely worn out and loses its smoothness, suppleness, and natural pattern, making hair unpredictable to manage and style.

### Causes of Dry and Fizzy Hair

- Nutritional deficiencies
- Excessive exposure to the sun
- Air-conditioned environments
- Excessive use of hairdryers
- Unhealthy hair products, can all affect the hair, making it dry and dull.


Hair is so affected can be lifeless, break easily, have split ends, and fall easily. The shine and texture are affected and the scalp also lacks moisture and feels dry.

### Ayurvedic Home Remedies

Lifeless, dull, and dry hair need not be a reason to lose sleep. There are simple ayurvedic remedies that would be readily available in most homes to try dry hair problems and these ayurvedic remedies are used for ages and have proven beneficial beyond doubts. We created a list of ayurvedic home remedies for dry and frizzy hair, some are given below:

1. **Eggs:** This food item not only rich in proteins but also one of the healthiest products for hair care. In Ayurveda treatment for dry hair, an egg can play an important role as they promote the growth of keratin which is essential for hair growth.
2. **Lime:** Lime has antibacterial properties and is rich in vitamin C. This helps clear scalp infections and promotes hair growth, which is healthier.
3. **Olive oil:** It reduces dandruff, treats split ends, and restores the shine and smoothness of the hair.
4. **Coconut oil:** One of the most commonly used hair oils in ayurvedic treatment, it moisturizes the hair and reduces dandruff and restores shine in the hair.
5. **Curry leaves:** Adding curry leaves to coconut oil and warming it to apply on the scalp helps immensely in restoring life to hair. A warm towel can be used to wrap the hair when the oil is left in place for about 15 to 30 minutes.
6. **Henna:** Rosemary or henna as it is commonly called is another way to condition hair and restore the shine and luster back. It strengthens the hair cuticles and makes it less prone to breakage.
7. **Aloe vera:** Gel collected from a freshly cut aloe vera plant has antibacterial and antifungal properties and used to treated fizzy and dry hair as an ayurvedic treatment. Aloe vera helps in restore life back in damaged hair. It also reduces itching,
8. **Avocado:** This fruit has amazing benefits on hair care, Avocado helps in preventing hair damage and also reduces hair loss and improves hair health.
9. **Olive oil:** Common ayurvedic home remedies for frizzy hair, use of olive oil. This remedy helps in reducing dandruff, and so improves infections which could be affecting hair health.
10. **Hibiscus:** If you're facing damaged hair issues then try out ayurvedic medicine to repair damaged hair and improves the volume of hair. Hibiscus also helps in effective in hairfall problem too. The leaves and the flower of hibiscus used as a paste that is left for about an hour and rinsed off.

In addition to all these ayurvedic remedies mentioned for frizzy hair, gentle brushing, not brushing wet hair, proper diet, and good sleep are equally important for shiny and healthy hair.



One evening, over a few pegs of rum and limited paani, Balbir enlightened us that the reason we did not have enough water for our "shampoo", was that we had not utilized the "flying saucers". According to him, we were living in water scarcity, even though there was an abundance of water all around us. Deepak, on his second rum paani, pooh-poohed this theory and countered that there was a water shortage only due to insufficient rainfall over the Thar.



# The Flying Saucers of the Thar



Wg. Cdr. CSV Ramany, VM (G)
*The author is a retired IAF fighter pilot*

#LITTLE MOUTHS

It was in the late 1970s. The Generals on the other side of the border were badly hungover, possibly due to a plentiful supply of American bourbon. Whenever such an event took place, the alert status of the Indian Hunter Strike Squadron was moved up a few notches, so as to deter any of the Generals from contemplating any misadventure when in delirium tremens.

This time we were moved to Nal Airbase, just outside Bikaner. Six Hunter aircrafts, with full weapon load, pilots, technicians and the works. And of course, Balbir. Whenever we would move on any operational exercise, Balbir - our Major Domo - was an essential part of the strike detachment. With his flowing Rajasthani turban and ear to ear moustache, he would impart profound words of wisdom to us all the while ensuring we were given aloo parathas and plenty of chai.

This particular move was in the month of May - the summer heat was at it's peak, and for some reason known (or otherwise) to the Military Engineering Services (also referred to as the MES or Money Earning Service), the taps in the Officers' Mess went dry. A water bowser was arranged and water was rationed out -we had enough water apiece for a shit and a shave, but not enough for a shampoo. There was enough water for chai during the day, and Rum paani in the evenings, so life was not too bad. The only chaps who faced any issues were the married officers - when they finally they returned home they were greeted not with a smooch befitting an air warrior, but with a towel and a bar of soap at the front door with the stern injunction - "Do not come in till your a** smells like roses".

It was during this period of water deprivation that Balbir told us to look out for "inverted tea cups" or "udan khatola" when flying over the Thar. We had noticed them earlier - smooth undulations over the desert landscape - but a look from lower altitudes showed that they startlingly resembled flying saucers that had landed over the Thar Desert.

One evening, over a few pegs of rum and limited paani, Balbir enlightened us that the reason we did not have enough water for our "shampoo", was that we had not utilized the "flying saucers". According to him, we were living in water scarcity, even though there was an abundance of water all around us. Deepak, on his second rum paani, pooh-poohed this theory and countered that there was a water shortage only due to insufficient rainfall over the Thar.

Balbir, of course, knew everything and had an answer to everything. He proceeded to remind us of the time when we were part of the Eastern Air Force and had gone on a short holiday to Cherapunji in Assam. Balbir was with us during our short holiday, when we stayed in the Government Guest House. This guest house had a framed notice:

"Water is precious - please use it carefully".

Cherapunji is notorious in Government school textbooks as the place in India that receives maximum rainfall. In a place with 14,000 mm of rainfall - enough to fill a high ceiling stadium - we were aghast to even think they could face a water shortage! Balbir then pointed out the stark contrast with Jodhpur - a city that had built a flourishing civilization and a stunning fort of yellow sandstone, despite receiving only 50 to 100 mm of rain!

"How" we asked, unable to anticipate the lesson in history and humility that we were about to receive.

> These groundwater recharge points were the original "kunds" of Rajasthan. These "kunds" were actually extremely clever water harvesting structures with an artificial catchment.



Rain water Harvesting In Rajasthan.

The answer to this, spoke the wise and all-knowing Balbir, twirling his proud moustache, lay in the secrets his ancestors had buried in the sands of the great Thar. Through meticulous foresight and planning, they had, hundreds of years ago, done rain water harvesting. From roof tops to tanks - they had worked to build a resourceful and sustainable water-secure future.

He gave the example of Jodhpur. Once upon a time, Jodhpur had the extraordinary Padamsar and the Ranisar lakes. The Ranisar was inside the Jodhpur Fort. The hills behind the fort were the rain water catchment area, which first brought water to the Ranisar. This would get filled and then the overflow would go to the Padamsar, the lake of the people. The overflow of that would go to all the stepwells, which were the groundwater recharge points across the city of Jodhpur.

These groundwater recharge points were the original "kunds" of Rajasthan. These "kunds" or "upside down cups" or "upside down flying saucers", or as Balbir called them, "udan khatolas", were actually extremely clever water harvesting structures with an artificial catchment. Whatever water fell as rain, was harvested and stored in an underground well.

The science behind them is incredible – one hectare of land would harvest around one million litres of water, even in a place like Jaisalmer, which has one of the driest conditions in the country. The city itself had flourished despite receiving just 50 millimetres of rain in a year, thanks to harvesting every drop. This water harvest was stored in the kund system of Rajasthan. The kund works by paving the ground with lime, making it drain to the middle. When it rained, all the water got channelled into a well, which was kept covered to keep the water clean.

Balbir felt that there has always been enough water in Rajasthan. It is only after the British (or "gori shakal" according to Balbir) came to India, that this system fell apart and Rajasthan started being called a dry state. The "gori shakal" did not understand scientific diversity or community-based water management. The British replaced this indigenous and ingenious system with their own so called "modern" canals and diversion systems. Water was taken out of the hands of communities and given to bureaucrats to manage.

The wisdom of Balbir's ancestors was soon to get lost.

Independent India replicated this. The first stepdown was when the state took control from the local community of all the households as the provider and supplier of water. This meant that harvesting rain was no longer a priority. Local groundwater, which was recharged using rainwater was replaced by surface water brought from long distances in canals. Which begets the question that Balbir posed to us, "If cities and even villages get piped water from distant sources, who will harvest rain and why should they?" The next, haunting question, "What happens when the pipes go dry?"

Circling back to Jodhpur. A century ago, it was a classic example of beautiful water harvesting. Now the catchment areas of Jodhpur have been destroyed for mining and quarrying. So, the water harvesting potential has shrunk and Jodhpur depends today on water from the Rajasthan Canal which is very expensive because it has to be pumped over a great distance. This has deepened the cost, the unsustainability and the crisis.

Today, the many drains that channelized the rain to the "kunds", have been built upon or destroyed. This is why it is so very difficult in Rajasthan these days to harvest rain. Balbir felt that the wisdom of his ancestors was ignored, been allowed to die, and that is why we are doomed to an eternal cycle of drought and flood.

The ecological rationality of these ancient Indian systems must be understood and blended with the challenges of today. The biggest challenge (this was Balbir, back in 1970s) was climate change. This would give more rainfall in a fewer number of rainy days. This means more flooding in cities - a phenomenon which is unfortunately all too common these days. We must go back to the catchment areas, the "kunds" of Balbir's ancestors, be conscious of the local environment and involve full community participation. We must rebuild our relationship with water. We can do this by respecting ancient India's wisdom.

By respecting the wisdom of Balbir's forefathers.

---


*(Author's Note: All the factual data in this article is from a paper submitted by Dr. Sunita Narain, Director General, Centre for Science and Environment (CSE), Govt. of India.)*

writetoarbit@rashtradoot.com



Nal Airbase.

> The ecological rationality of these ancient Indian systems must be understood and blended with the challenges of today. The biggest challenge (this was Balbir, back in 1970s) was climate change.



Ranisar Lake, Jodhpur.

#BOTANY

## World's Largest Known Plant

Researchers happened across the plant when they took genetic samples of what they thought were two different plants over 180km apart.



Researchers have discovered what is now believed to be the largest plant in the world. The single plant of Posidoniaaustralis was discovered in the shallow waters of the World Heritage Area of Shark Bay in Western Australia. The ancient specimen of an incredibly resilient seagrass stretches across 180km. It is estimated to be at least 4,500 years old.


Researchers from The University of Western Australia (UWA) and Flinders University were taking samples of seagrass shoots from Shark Bay to generate "fingerprints" that used over 18,000 genetic markers. But they were stunned by the results when they did so. What they thought were different plants more than 180 kms apart turned out to be the exact same plant with the same genetic fingerprint.

Evolutionary biologist Elizabeth Sinclair from UWA, who is a senior author of the study said that the research project began when researchers wanted to understand how genetically diverse the seagrass meadows in Shark Bay were. They also wanted to know which plants should be collected for seagrass restoration.

"The answer blew us away - there was just one! That's it, just one plant has expanded over 180km in Shark Bay, making it the largest known plant on earth. The existing 200 square kilometres of ribbon weed meadows appear to have expanded from a single, colonising seedling," said UWA student researcher and lead author of the study, Jane Edgeloe.

Its enormous size is not the only thing that sets it apart: the plant also has twice as many chromosomes as its oceanic relatives; making it a "polyploid." "Whole-genome duplication through polyploidy - doubling the number of chromosomes - occurs when diploid 'parent' plants hybridise. The new seedling contains 100 per cent of the genome from each parent, rather than sharing the usual 50 per cent," said Sinclair.

The plant appears to be extremely resilient without successful flowering and seed production. It experiences a wide range of temperatures and salinities and also extremely high light conditions. Usually, this would be highly stressful for most plants, but the giant plant seems to thrive in these conditions.



#TRENDS&GADGETS

## Transparent and Wireless




The Nothing phone (1) will feature a transparent back, according to the company, and it will come with wireless charging support as well.

Nothing-the London-based phone start up by former OnePlus founder Carl Pei- has revealed some key details about its upcoming and much hyped phone (1). The Nothing phone (1) will feature a transparent back, according to the company, and it will come with wireless charging support as well.

In an official statement, Nothing has talked about its phone (1), though the details are still scared. It also looks like the Nothing phone (1) will 'celebrate the wireless charging coil'. It looks like the brand is looking at different layouts which it claims will offer a different design compared to "typical Android phones." Again, what this actually means for users is a bit unclear.

In a statement, Nothing also said, "We experienced a similar challenge with finding the right suppliers daring enough to come on this journey with us. And like ear (1), our designers and engineers fought back and forth to get phone (1) just right."

Carl Pei and Nothing's head of design Thomas Howard have also given an interview to online publication Wallpaper.com about the company's upcoming phone. 'From a design perspective, we really wanted to bring the inside out, and that meant working with the engineers to start from first principles,' Howard was quoted as saying. He stressed that Nothing wants to celebrate the



'good' components in a smartphone. He clarified that the idea with the transparent design is to show "components that the end-user normally never sees."


According to leaks, the new phone (1) could launch in July this year. The price is expected to be range of Euro 500 or nearly Rs. 41,000 on conversion. Interestingly, leaks also claim the phone will run a Snapdragon 700 series chip, like the new Snapdragon 7 Gen 1 chipset. So it would mean the Nothing phone (1) will not get the top of the line Snapdragon 8.

Nothing has also launched the launcher for its phone, where it is promising a new minimal aesthetic.

There's no doubt that the Nothing phone (1) has a lot of hype around it, in part linked to Carl Pei and his OnePlus achievements. But whether it can deliver something path-breaking is what we will have to wait and see.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बालक की निर्मम हत्या के आरोप में दंपती गिरफ्तार

## 17 सितंबर को 10 वर्षीय बालक गोलू हरिजन का किया था अपहरण

करौली, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस बताया कि गत 17 सितंबर को 10 वर्षीय बालक गोलू पुत्र पप्पू हरिजन का अपहरण कर निर्मम हत्या करने के सनसनीखेज मामले में आरोपी सोनू उर्फ धर्मराज व सीमा पत्नी सोनू को गिरफ्तार किया।

ज्ञात रहे कि गत 17 सितंबर को परिवादी पप्पू हरिजन पुत्र संतोकी हरिजन 45 निवासी गणेश गेट बाहर हरिजन बस्ती करौली ने एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि 17 सितंबर को श्याम करीब शाम 6 बजे मेरा लडका गोलू मेरे घर पर ही था। उसके बाद मेरे को विष्णु हरिजन निवासी मांची डंगरिया हाल गणेश गेट बाहर हरिजन बस्ती करौली ने मेरे घर आकर बताया कि आपका बच्चा गोलू को सोनू उर्फ हरिओम पुत्र बाबूलाल हरिजन निवासी रेलवे स्टेशन के पास गंगापुर सिटी हाल निवासी होली खिडकिया बाहर हरिजन बस्ती करौली को बडा पांचना बांध के पास ले जाता हुए हम कई लोगों ने देखा है। इस सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस एवं हमारी कालोनी के लोग कई संख्या में बडा पांचना पुल पर पहुंचे जहां हमने हमारे बच्चे गोलू की आसपास तलाश करने पर नहीं मिला।


पुलिस गिरफ्त में बालक की हत्या के आरोपी दंपती।

थानाधिकारी कोतवाली करौली मय टीम द्वारा परिजनों द्वारा बताये गये बताये गये संदिग्ध स्थान व बच्चे को किन किन स्थान पर देखा उन सभी स्थानों को रात्रि में सर्च किया गया तो अंजनी माता व हनुमान मंदिर की पहाडी पर क्रेसर वाले रास्ते पर बने खण्डर मकान में पीछे झाडियों में अपहरण शुदा बालक गोलू का शव मिला। शव का पोस्टमार्टम गठित बोर्ड द्वारा कराया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस टीमों द्वारा संदिग्ध सोनू व उसकी पत्नी को अंजनी माता के मन्दिर के पास घूमते हुए मिले जिनसे घूमने का कारण पूछा तो दोनो ने अलग-अलग जबाव दिये तथा कडाई से पूछताछ करने पर पुरानी रंजिश को लेकर बच्चे का अपहरण कर हत्या करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

■ **कड़ाई से पूछताछ करने पर दंपती ने पुरानी रंजिश को लेकर बच्चे का अपहरण कर हत्या करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया**

# आरएएस लक्ष्मीकांत बालोत को बर्खास्त करने की मांग


मांग को लेकर जिला कलक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन करते गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के लोग।

■ **बालोत ने की थी महर्षि गौतम और अहल्या बाई के खिलाफ अभद्र टिप्पणी**

राजसमंद, (निसं)। राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी लक्ष्मीकांत बालोत द्वारा गुर्जर गौड समाज के आराध्य देव महर्षि गौतम और देवी अहिल्या के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का मामला और तूल पकडता जा रहा है। इस विरोध में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन के साथ ही जिला कलैक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखलाल पंचोली ने बताया कि आरएएस लक्ष्मीकांत द्वारा माता अहिल्या और महर्षि गौतम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई है, जो कतई बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। गुर्जर गौड समाज द्वारा कभी भी आरक्षण की मांग नहीं की गई है, इसके बावजूद जिम्मेदार पद पर बैठे प्रशासनिक अधिकारी द्वारा ऐसी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं है। ऐसे में मुख्यमंत्री को तत्काल समाज की भावनाओं को मध्य नजर रखते हुए अधिकारी को बर्खास्त करना चाहिए। समाज की महिला जिलाध्यक्षा सपना शर्मा ने बताया कि समाज की भावनाओं को ध्यान रखते हुए ऐसे अधिकारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कडा एक्शन लेना चाहिए जिससे कि अधिकारियों में संदेश जाए और कोई भी अभद्र टिप्पणी दोबारा ना करें।

इस दौरान सरंक्षक सीपी व्यास, अध्यक्ष सुखलाल पंचोली, महिला जिलाध्यक्ष सपना शर्मा, मनोहरलाल व्यास, सुरेश जोशी, प्रदीप कुमार उपाध्याय, चन्द्रप्रकाश साखवा, मदनलाल शर्मा, शांतिलाल तिवारी, रूपेश जोशी, युगल किशोर जोशी, शम्भूलाल, भगवत शर्मा, किरण जोशी, लता श्रोत्रिय, सावित्री शर्मा, अरुणा शर्मा, दिव्या उपाध्याय, गायत्री शर्मा आदि मौजूद थे।

# आसमान से गिरा रिमोट लगा उपकरण

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिले के जैतसर इलाके के गांव एक बीपीएसएम में देर शाम एक विचित्र उपकरण आसमान से जमीन पर आ गिरा। उपकरण हरदासवाली इलाके के किसान मनीराम मेघवाल के खेत में मिला। जानकारी मिलने पर आस-पास के लोग खेत पर पहुंच गए। बॉर्डर एरिया के नजदीक होने से लोगों ने इसके सीमा पार से आने की आशंका भी जताई। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर सीआई विक्रम चौहान मौके पर पहुंचे। उन्होंने उपकरण को कब्जे में ले लिया।

इस उपकरण में एक गुब्बारा लगा है। इसके साथ एक रिमोट और लंबी तार है। संभवत: यह उपकरण गुब्बारे के सहारे आसमान में छोड़ा गया हो। आसमान में यह फटा और उपकरण जमीन पर आ गिरा हो। इलाके में ऐसे उपकरण पहले भी मिलते रहे हैं। मौसम विभाग के अधिकृत सूत्रों ने ऐसा कोई उपकरण मिलने की जानकारी होने से इनकार किया। हालांकि उनका कहना था कि मौसम विभाग हवा का प्रेशर, डायरेक्शन सहित मेट्रोलॉजी के अलग-अलग पैरामीटर्स मापने के लिए ऐसे उपकरण छोड़ता है। उनका कहना था कि ऐसे उपकरण आसपास के पंजाब, हरियाणा इलाके से भी छोड़े हुए हो सकते हैं। सामान्यत: इन्हें छोड़ने का उद्देश्य मौसम की एक्टिविटी मापने का ही होता है।

# फरार आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। गैस कटर से एटीएम काटने तथा ज्वेलरी की दुकान से सामान चोरी करने के मामले में फरार शेष आरोपी को सायरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार एसबीआई बैक शाखा सायरा संदीप कुमार ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि बैंक शाखा के पास एटीएम है। रात में बैंक कर्मचारी राजवीरसिंह ने एटीएम मशीन के रूम का ताला टूटा होकर कैश चुराने का प्रयास करने तथा पास स्थित शिव ज्वेलर्स दुकान से इमीटेशन जैवलरी वप सामान चोरी करने की सूचना दी थी। मौके पर जाकर देख पुलिस को सूचना दी। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में तीन आरोपियों के गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था।

# जर्जर मकान की पट्टियां गिरीं, बड़ा हादसा टला

गंगापुर सिटी, (निसं)। स्थानीय देवी स्टोर चोराहे के पास स्थित जौहरी बाजार में रविवार रात एक मकान की छज्जे की चीरिया (पट्टी) टूटकर सड़क पर गिर गई। गनीमत यह रही कि रात होने के कारण बाजार में कोई नहीं था इस कारण कोई बडा हादसा नहीं हुआ। इसके बाद दुकानदारों ने जर्जर मकानों को चिह्नित कर सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की है। जहां यह मकान है वह शहर का मुख्य बाजार है जहां पर हमेशा ही हजारो आदमियों की रैलमपेल रहती है।

इसी मकान के नीचे बैठ कर दुकानदार अपनी दुकानदारी करते है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार शाम को जौहरी बाजार में दुकानदार दुकानों को बंद कर घर चले गए और रात करीब 9 बजे तक बाजार बंद हो गया। इसके बाद रात को बाजार में एक जर्जर और पुराने क्षतिग्रस्त मकान की दूसरी मंजिल की छज्जे की चीरिया (पट्टी) टूटकर सडक पर आ गिरी। यह घटना रात के समय हुई थी और उस वक्त बाजार भी बंद हो चुका था और सड़क पर आवाजाही भी नहीं थी। इसके कारण आस-पास कोई नहीं होने के कारण बडी घटना होने से टल गई। दूसरे दिन सोमवार को सुबह बाजार में चहल-पहल होने लगी और दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों को खोलने के लिए पहुंचे तो सडक पर टूटी हुई चीरिया (पट्टी) देखकर उन्हें घटना का पता चला।

# बारिश के बाद मलेरिया और डेंगू का प्रकोप बढ़ा

बीकानेर, (कासं)। संभाग के सबसे बड़े हॉस्पिटल पीबीएम में मलेरिया और डेंगू के मरीजों ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। रविवार को गंगाशहर में रहने वाले 32 वर्षीय युवक की मलेरिया रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उसे पीबीएम में भर्ती किया गया है। मरीज का पिछले कुछ दिनों से बुखार नहीं टूट रहा था।

मरीज ने मलेरिया की जांच बाहर की लैब से करवाई थी, जिसे हॉस्पिटल प्रशासन प्रमाणिक नहीं मानता। उसकी दोबारा जांच करवाई जायेगी। पीबीएम के सीनियर फिजिशियन डॉक्टरों की मानें तो हॉस्पिटल की ओपीडी और घर पर परामर्श लेने के लिए पहुंच रहे अधिकतर मरीज वायरल बुखार की चपेट में होते हैं। उनकी ब्लड जांच करवाने पर प्लेटलेट्स 50 हजार से कम होती है। जिन मरीजों की प्लेटलेट्स लगातार कम हो रही हो या उनका बुखार टूट नहीं रहा हो, उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती किया जा रहा है।

डॉक्टर्स के अनुसार पिछले 15 दिन में 100 से अधिक ऐसे मरीज सामने आ चुके हैं, जिनकी प्लेटलेट्स 50 हजार से कम थी। इस प्रकार के मरीजों को हॉस्पिटल में भर्ती कर इलाज किया गया। अच्छी बात यह है कि अभी तक डेंगू और मलेरिया से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि इसके बावजूद सावधानी बरतना जरूरी है, क्योंकि शहर के कई इलाकों में अभी भी जलभराव है।

डॉ. परमेन्द्र सिरोही, सीनियर फिजिशियन, पीबीएम हॉस्पिटल का कहना है कि इस साल बारिश ज्यादा हुई है। मच्छरों ने भी अंडे देना शुरू कर दिया है। अधिकतर मरीजों में डेंगू और मलेरिया के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। 15 दिन में 100 से अधिक मरीजों को प्लेटलेट्स कम होने के कारण भर्ती करना पड़ा। घर के आसपास या छत पर किसी भी सूरत में पानी का ठहराव नहीं होने दें।

# शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था पर जताया आक्रोश

## त्योहारी सीजन पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग

अजमेर, (कास )। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के संरक्षक कालीचरणदास खंडेलवाल की अध्यक्षता में गंज स्थित होटल रीगल में सोमवार को एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहर के समस्त व्यापारिक संगठनों की समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था पर जिला व पुलिस प्रशासन के प्रति आक्रोश जताते हुए त्योहारी सीजन में व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की।

श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के मुख्य संरक्षक कालीचरण दास खण्डेलवाल की अध्यक्षता में सोमवार को गंज स्थित होटल रीगल में एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें महासंघ सहित शहर के सभी व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बाजारों से ई रिक्शा, टैक्सियां पीर मित्र गली, पड़ाव, डिग्गी चौक, सेन्ट जोन्स मार्केट, दरगाह बाजार आदि मार्ग पर जाम की स्थिति को नहीं सुधार पाने, शहर की सडकों को दुरुस्त करवाने, एलिवेटेड रोड की गर्डरों को हटाने, शहर की समस्त रोड लाईटो, सीसीटीवी कैमरों को चालू कराने आदि की समस्याओं का समाधान नहीं किए जाने पर एक प्रस्ताव पारिक कर आक्रोश जताते हुए महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को प्रमुख शासन सचिव उषा शर्मा के माध्यम से जानकारी दी जाएगी।

महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि बैठक में एलिवेटेड रोड की दूसरी भुजा के शीघ्र पूरा करने, पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा व्यापारियों से अभ्रद व्यवहार, गाली गलौज करने, गंज गुरुद्वारे के सामने से सिटी बसों का आवागमन बंद करवाने की मांग की। वहीं विशिष्ठ अतिथि खाईलैण्ड मार्केट विकास समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश टांक ने आगामी त्योहारों नवरात्रि, दशहरा, धनतेरस, दीपावली सहित समस्त त्योहारों से पूर्व शहर की कानून व्यवस्था को सुचारू करवाने की बात कही। तुल्सी लालवानी ने धानमंडी देहली गेट के यातायात को दुरुस्त व दरगाह क्षेत्र के पुलिस उपअधीक्षक के रिक्त पद, दरगाह थाने सहित अन्य थानों के रिक्त पदों को शीघ्र भरवाने की मांग की। विजय हंसराजानी ने पीर मिठ्ठा गली में तीन पहिया वाहनों के लक्ष्मी चौक से प्रवेश को बंद करने, देहली गेट धान मंडी के यातायात को दुरूस्त करने की मांग की। बैठक में अध्यक्ष महेन्द्र बंसल, राजेन्द्र सिंह निर्वाण, दिनेश यादव,भागचन्द दौलतानी, घनश्याम पचोली,रणवीर सैनी ने बाजारों में खाना बदोशो की समस्याओं से भी व्यापारियों एवं आम नागरिकों को राहत देने की मांग की।

महासंघ के किशोर विधानी, किशोर टेकवानी, रणवीर सैनी, भागचंद दौलतानी, जशन वरलानी, सुरेश तंबोली सहित अन्य ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन महासचिव रमेश लालवानी ने किया।

# बंदियों के खिलाफ मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। तलाशी के दौरान बंदियों के पास आपत्तिजनक सामन मिलने पर तीन बंदियों के खिलाफ जेल प्रशासन ने सूरजपेल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जेल प्रशासन की ओर से रविवार को जेल की तलाशी ली गई। इस दौरान बंदी अरणोद प्रतापगढ़ निवासी कैलाश उर्फ पिन्टू पुत्र रामलाल मेघवाल, काब्जा आसपुर निवासी लक्ष्मण पुत्र शंकर तथा अरणोत प्रतापगढ़ निवासी कारू पुत्र रामनारायण के कब्जे से आपत्ति जनक सामन मिला। तलाशी में कैलाश से मोबाईल, लक्ष्मण से चार्जर तथ कारू से सीम बरामद की थी। इस पर केन्द्रीय कारागृह के उपाधीक्षक की सूचना पर जेलर भगवानसहाय की रिपोर्ट पर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

# हेरोइन सहित दम्पती गिरफ्तार

अनूपगढ़, (निसं.)। पुलिस ने गश्त के दौरान 24.30 ग्राम हेरोइन सहित पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 12 लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस थानाधिकारी फुलचंद शर्मा ने बताया कि एसआई अनूप सिंह मय जाब्ता रविवार को गश्त करते हुए 22 ए की तरफ जा रहा थे। जब वह प्रेमनगर से आगे नहर पर पहुंचे तो एक महिला और एक पुरूष पुलिस की गाड़ी को देखकर झाड़ियों में छुपने का प्रयास कर रहे थे। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस को शक होने दोनों से नाम पता पूछा। पुरूष ने अपना नाम जसविंद्र सिंह उर्फ जस्सा उर्फ बाबा पुत्र अमरीक सिंह, जटसिख, निवासी वार्ड नंबर 8 प्रेमनगर अनूपगढ़ बताया। जबकि महिला ने जसप्रीत कौर पत्नी जसविंद्र सिंह, रायसिख, निवासी वार्ड नंबर 8 प्रेमनगर बताया तथा दोनों ने पति-पत्नी होना बताया।

पुलिस को शक होने पर दोनों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान जसविंद्र सिंह के पास एक प्लास्टिक की थैली में 24.30 ग्राम हेरोइन मिली। जबकि महिला के पास हेरोइन की बिक्री के 1440 रूपए नगदी, 60 प्लास्टिक की छोटी जिपर थैलियां और एक इलेक्ट्रिक कांटा मिला। जिसे हेरोइन तौलने के काम लिया जाना बताया।

इस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जांच कार्रवाई के लिए रामसिंहपुर पुलिस थाना के एसआई दौलाराम को जांच सौपी है। प्राथमिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लम्बे समय से हेरोइन का काम करते हैं तथा दिल्ली से हेरोइन लाकर बेचते हैं। आरोपियों ने बताया कि महिला पर किसी प्रकार का शक नहीं होता, इसलिए दिल्ली से जसप्रीत कौर हेरोइन लेकर आती है।

# मोस्ट वांटेड बदमाश पकड़ा

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान जोधपुर पुलिस के वांटेड बदमाश को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चन्द्रशील ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक तपेन्द्र शर्मा के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी संजय शर्मा के नेतृत्व में गठित दल ने नाकाबंदी के दौरान धोखाधड़ी मामले में जोधपुर पुलिस का वांटेड आरोपी देवासियों का वास बोरानाड़ा जिला जोधपुर निवासी भग्गाराम पुत्र मोड़ा राम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से जब्त वाहन को धारा 207 में जब्त कर जोधपुर पुलिस को सूचना दी।

# छात्रा ने जीवन लीला समाप्त की

■ **परिवार वालों ने भी आत्महत्या के कारणों को लेकर किसी तरह की जानकारी नहीं दी**

अजमेर, (कासं)। अलवर गेट थाना क्षेत्र के जेपी नगर मदार निवासी 14 वर्षीय नाबालिग 12वीं की छात्रा ने घर पर स्टॉल से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। फंदे पर लटकी छात्रा को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची अलवरगेट पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस छात्रा द्वारा आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच शुरू कर दी है।

अलवर गेट थाने के हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार को जेपी नगर मदार निवासी 14 वर्षीय 12वीं में पढनें वाली छात्रा ने घर के हॉल में अपनी स्टॉल से फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। छात्रा द्वारा आत्महत्या करने के समय पर घर पर परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था, कुछ देर बाद उसका भाई सिद्धार्थ घर पहुंचा तो उसने अपनी बहन को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखकर परिजन को सूचना दी।

घर पहुंचे परिजन ने छात्रा को फंदे से उतार कर जेएलएन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया और छात्रा के शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा कर अलवर गेट थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची अलवर गेट थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। सिंह ने बताया कि मृतक छात्रा के पास से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। प्रारंभिक जांच में परिवार वालों ने भी आत्महत्या के कारणों को लेकर किसी तरह की जानकारी नहीं दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

छात्रा की मौत के बाद दु:खी परिजन ने सराहनीय कदम उठाते हुए उसकी आंखें अस्पताल में डोनेट कर दी। मृतक छात्रा के पिता मनोज ने बताया कि उनकी बेटी राजा कोठी स्कूल में 12वीं कक्षा में अध्ययनरत थी। सोमवार को अज्ञात कारणों के चलते उसने आत्महत्या जैसे कदम उठाया। पिता मनोज ने बताया कि उनकी बेटी की आंखें डोनेट का फैसला किया जिससे किसी अन्य व्यक्ति को आंखों की रोशनी मिल सके।

# इंटक नेता पर प्राणघातक हमला

उदयपुर, (कासं)। टहलने के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने इंटक नेता पर फायर कर दिया। निशाना चूकने से नेता की जान बच गई। हमले में घायल इंटक नेता को उपचार के लिए शहर के निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इधर घटना की सूचना मिलने प आक्रोषित हिंदुस्तान जिंक जावर माइन्स की विभिन्न खदानें के श्रमिकों ने हडताल कर आरोपियों की गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंटक नेता लालूराम मीणा सोमवार सवेरे अपने नियमित समयानुसार घूमने के लिए जावरमात रोड़ की तरफ गए थे। वापस लौटते समय पुलिया के समीप बाइक सवार तीन बदमाशों में से एक ने तीन फायर किए। रिवल्वर से तीन फायर किए।

इस दौरान निशाना चूकने से एक गोली इंटक नेता लालूरम मीणा के बाये कान को छूती हुई निकल गई। इसको देख पड़ोसी की मदद से जावरमाइन्स चिकित्यसालय पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचर के बाद एमबी चिकित्सालय पहुंचे एवं वहां से रेफर करने पर उन्हे निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इधर सूचना मिलने पर अक्रोषित हिंदुस्तान जिंक से जुड़ी जावर, बलारिया, मोचिया सहित विभिन्न युनिटको के श्रमिकों ने हड़ताल कर जावरमाइन्स थाने पहुंच कर प्रदर्शन किया। जहां आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ गए।

# आसोजी नवरात्र 26 सितम्बर से, चामुण्डा माताजी के दर्शन प्रात: 7 बजे से शाम 5 बजे तक

## शराब साथ लाना, पीकर आने वाले दर्शनार्थियों का प्रवेश निषेध रहेगा

जोधपुर, (नि.सं.)। राव जोधा द्वारा मेहरानगढ के पश्चिमी छोर पर स्थापित प्रतिहारों की कुल देवी श्री चामुण्डा के मंदिर में आसोजी नवरात्र का प्रारम्भ कुंभ स्थापना के साथ 26 सितम्बर से होगा। कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020 एवं 2021 में आसोजी नवरात्रा के दौरान माँ चामुण्डा के दर्शन प्रशासन के निर्देशानुसार बन्द रखे गये थे। वर्ष 2019 के बाद इस वर्ष आसोजी नवरात्रा में पुन: मेहरानगढ स्थित माँ चामुण्डाजी के दर्शन किये जा सकेंगे। प्रशासन के निर्देशानुसार मेहरानगढ में चामुण्डा माताजी के दर्शन प्रात: 7 से सायं 5 बजे तक होंगे। इस दौरान शराब साथ लाना, पीकर आने वाले दर्शनार्थियों का प्रवेश निषेध रहेगा।

**दर्शन प्रवेश समय :-** नवरात्र के दौरान प्रशासन के निर्देशानुसार मंदिर के द्वार प्रात: 7 से खोले जायेंगे इसलिये माताजी के दर्शन के लिए दर्शनार्थी प्रात: 7 बजे से सायं 5 बजे तक मेहरानगढ में प्रवेश कर सकेंगे। उसके पश्चात् प्रवेश निषेध व वर्जित रहेगा।

**मुहूर्त अनुसार थापना :-** मेहरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट के महाप्रबन्धक जगतसिंह राठौड ने बताया कि सतवर्ती पाठ का संकल्प और स्थापना का मोहरत दोपहर 12.10 से 12.50 के बीच का निकला है। जोधपुर राजपरिवार की इष्ट देवी माँ चामुण्डा की पूजा अर्चना करने के लिए पूर्व शासक गजसिंह, श्रीमती हेमलताजी राज्ये उपस्थित रहेंगे। पंडित घनश्याम त्रिवेदी ब्रह्म मुहूर्त्त में माँ चामुण्डा, माँ कालकाजी, माँ सरस्वती एवं बेच्छराजजी की मूर्तियों को पवित्र जल से स्नान करायेंगे और लाल रंग की कोर तुर्रियाँ लगी पोशाक धारण करवायेंगे। प्रात: काल मंदिर के शिखर मुख्य ध्वजा चढाई जायेगी और चारों दिशाओं में छोटी-छोटी ध्वजाएं चढाई जायेगी।

श्री चामुण्डा मंदिर के पास 'उपासनालय' कक्ष में नौ वेदपाठी ब्राह्मण स्थापना से नवमी तक दुर्गापाठ का वाचन करेंगे। 03 अक्टूबर को अष्टमी की रात हवन प्रारंभ किया जायेगा जिसकी पूर्ण आहुति महानवमी 04 अक्टूबर को दोपहर 12.10 से 12.40 बजे के बीच में महाराजा श्री गजसिंहजी (द्वितीय) एवं महारानी हेमलताजी राज्ये द्वारा की जायेगी। महानवमी 04 अक्टूबर को 12.50 से 01.05 से थापना जी के उत्थापना का मुहूर्त्त एवं 12.40 से 12.50 के बीच पूर्व शासक गजसिंह की तिलक आरती होगी।

**पंक्तिबद्ध व्यवस्था एवं डी.एफ.एम.डी. गेट से प्रवेश:-** वर्ष 2019 की भांति इस वर्ष भी प्रशासन के सुझावानुसार सभी व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। जयपोल के बाहर से ही एक पंक्ति में लाईनों की व्यवस्था की जायेगी जो मंदिर तक रहेगी तथा डी.एफ.एम.डी. गेट से ही जयपोल व फतेहपोल से दर्शनार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा। पट्टे पर महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों, दिव्यांगों के लिये आने-जाने की व्यवस्था रहेगी और वे वहीं से जायेगे और वहीं से आयेगे। इसी प्रकार पुरुषों एवं युवाओं के लिये सलीम कोट से होते हुए बसन्त सागर से आने-जाने की व्यवस्था रहेगी। इन सभी स्थानों पर बेरिकेड्स लगाने का कार्य जल्द ही प्रारम्भ किया जायेगा।

**एम्बुलेंस व फायर बिग्रेड की व्यवस्था:-** प्रशासन की ओर से एम्बुलेंस और फायर बिग्रेड की व्यवस्था भी की जा रही है जो जयपोल के बाहर तैनात रहेगी। इसी प्रकार ट्रस्ट की ओर से भी एम्बुलेंस की व्यवस्था रहेगी तथा एम्बुलेंस जीप ऊपर पट्टे के पास तैनात रहेगी। इसी प्रकार चिकित्सा सेवाओं में ट्रस्ट की तरफ से भी डॉक्टर एवं कम्पाउडर की नियुक्ति की जायेगी जो नवरात्रा के दौरान सभी आवश्यक उपकरणों एवं मेडिकल सुविधाओं की व्यवस्थाओं के साथ उपस्थित रहेंगे।

**शराब लाने व पीकर आने पर प्रवेश निषेध:-** प्रशासन के निर्देशानुसार नवरात्रि के दौरान प्रथम दिवस से अंतिम दिवस तक दर्शनार्थियों का शराब साथ लाना व शराब पीकर प्रवेश करना निषेध रहेगा।

**प्रसाद चढ़ाने की व्यवस्था अलग से:-** प्रसाद चढाने के लिए बसन्त सागर पर महामृत्युंजय मूर्ति वाले मार्ग पर पुरुषों के लिए एवं पट्टे पर महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था रहेगी। जहां पर अतिरिक्त ब्राह्मणों की व्यवस्था प्रसाद चढाने के लिए होगी जिससे मंदिर परिसर में भक्तगण केवल माँ के दर्शन कर पुन: लौट सकेंगे।

नारियल बडा करने के लिये महिलाओं के लिए पट्टे पर ही व्यवस्था होगी और पुरुषों के लिये बसन्त सागर के पास व्यवस्था होगी। प्रशासन के सुझाव पर सभी दर्शनार्थियों से निवेदन रहेगा कि वे पानी वाले नारियल के स्थान पर गोटे वाले प्रसाद लेकर आये जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा ना हो। पूर्व के वर्षो की इस वर्ष भी नवरात्री के दौरान मंदिर परिसर में परिक्रमा वर्जित रहेगी।

पॉलिथीन में प्रसाद लाना वर्जित व दर्शनार्थी कैरी बैग (हैंगिग बैग) साथ न लावें - पॉलिथीन में प्रसाद का उपयोग वर्जित रखा गया है।

**सुरक्षा व्यवस्था के लिए सी.सी.टी.वी. कैमरों की व्यवस्था व कण्ट्रोल रूम:-** सुरक्षा व्यवस्था के लिए अलग-अलग स्थानों पर सी.सी. टी.वी. कैमरे लगे हुए है जो विभिन्न स्थानों पर दर्शनार्थियों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर कडी नजर रखेंगे। इसके साथ ही दो कण्ट्रोल रूम की भी स्थापना की जायेगी जहां से महिला एवं पुरुष दर्शनार्थियों को दर्शन के लिए निर्देश पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर दिये जायेंगे।

## संक्षिप्त

### मोहर सिंह गुर्जर निर्विरोध अध्यक्ष

**किशनगढबास,** (निसं)। ग्राम सेवा सहकारी समिति किशनगढबास के



संपन्न हुए चुनाव में गांव गहणकर के मोहर सिंह गुर्जर निर्विरोध सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किए गए हैं। मोहर सिंह गुर्जर को अध्यक्ष बनाए जाने पर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष परमानंद लखयाणी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। गुर्जर के अध्यक्ष बनने पर पूर्व ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष खुशीराम यादव पूर सरपंच जनेश भूटानी प्रेम सोनी सहित व्यापारियों एवं शहर के गणमान्य लोगों ने साफा व माला पहनाकर सम्मान किया।

### कमलेश प्रजापत बने कैप्टन

**मालपुरा,** (निसं)। एमबीएम विश्व विद्यालय जोधपुर में पदस्थापित



मालपुरा निवासी कमलेश कुमार प्रजापत एनसीसी अधिकारी से पदोन्नत होते हुए कैप्टीन पद पर सुशोभित होने पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष जत्ता बधाई दी। कमलेश के छोटे भाई व मालपुरा सीएचसी नर्सिंग ऑफिसर राजेश कुमार एवं समाजसेवी कुंजबिहारी खारोल ने बताया कि कमलेश कुमार बीते 10 साल से एमबीएम विश्वविद्यालय जोधपुर मे एनसीसी लैफटीनेंट रैंक पर रहते हुए 600 से अधिक एनसीसी कैडेटस को सफलता पूर्वक ट्रैनिंग व सर्टिफिकेट दिलवाये है।


**जन्मतिथि संशोधन**

मैं शेरसिंह पुत्र बहादुरसिंह गुर्जर निवासी बंधका नंगला, तहसील हिण्डौनसिटी, जिला-करौली (राजस्थान) सशपथ बयान करता हूं कि मेरी पत्नी शीला के आधार कार्ड में जन्मतिथि 01- 07-1986 गलत दर्ज हो गई है। जबकि अन्य दस्तावेजों में सही जन्म तिथि 15-07- 1986 दर्ज है। भविष्य में इसे ही सही माना जावे।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री मिट्ठू सिंह राठौड पुत्र स्व. श्री गंगा सिंह एवं श्रीमती सज्जन कंवर पत्नी श्री मिट्ठू सिंह राठौड़ निवासीगण मकान नं.88, श्याम विहार कॉलोनी, कालवाड रोड़, झोटवाडा, जयपुर (राज.) के पुत्र भूपेन्द्र सिंह राठौड व उसकी पत्नी श्रीमती करिश्मा कंवर शेखावत हमसे अलग रहते है तथा इनका व्यवहार मेरे अभिभाष्यगण के प्रति ठीक नहीं है तथा वे गलत संगत में है। इसलिए मेरे अभिभाष्यगण ने अपने उक्त पुत्र व पुत्र वधु को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा अब मेरे अभिभाष्यगण का अपने उक्त पुत्र व पुत्र वधु से किसी प्रकार का कोई लेना-देना व रिश्ता नहीं है। मेरे अभिभाष्यगण के उक्त पुत्र व पुत्र वधु से कोई भी लेन-देन एवं संव्यवहार किया है और करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
(दलजेन्द्र सिंह राठौड़) एडवोकेट, मो.7976240076

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री अबरार अहमद पुत्र श्री मन्जूर अहमद, (बख्तियार), निवासी-मकान नम्बर 907, हकीम जी की गली, मोती डूंगरी रोड, जयपुर राजस्थान द्वारा जरिये इकरारनामा दिनांक 25.1.2021 मकान नम्बर 1345 व 1346, मोती डूंगरी रोड, जयपुर स्थित सम्पत्ति, जिसका कुल क्षेत्रफल 205.19 वर्गगज है को उक्त सम्पत्ति के संयुक्त स्वामी 1.अब्दुल गफ्फार पुत्र स्व. श्री करीम बक्श, 2. अब्दुल वहाब पुत्र स्व.श्री करीम बक्श, 3.अब्दुल रजाक पुत्र स्व.श्री करीम बक्श, 4. अब्दुल रशीद पुत्र स्व. श्री अब्दुल हमीद, 5 अब्दुल जाहिद पुत्र स्व. श्री अब्दुल हमीद 6, मोहम्मद शाहिद पुत्र स्व. श्री अब्दुल हमीद, 7 अब्दुल जावेद पुत्र स्व.श्री अब्दुल हमीद, 8.मोहम्मद साजिद पुत्र स्व.श्री अब्दुल हमीद निवासियान-मकान नम्बर 1345-1346, गली मर्दान खां, मुस्लिम मुसाफिर खाने के सामने, मोती डूंगरी रोड, जयपुर से खरीद करने का इकरार किया हैं। यदि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति बाबत् कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि किसी प्रकार की कोई खरीद फरोख्त करता है तो स्वयं जिम्मेदार होगा।
जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट
दिनांक-19.9.2022 मो.नं.9829256466

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 98/2022
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**
चूंकि श्री जे.के.अरोडा पुत्र श्री आर.एल.अरोडा निवासी ए-504, अनुकम्पा अपार्टमेन्ट, त्रिमूर्ति मार्ग माडल टाउन, मालवीय नगर जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत सांई आश्रम ट्रस्ट, दी सांई नैस्ट, प्लाट नं.56, सन्तोष विहार, एन.आई.आर. चौराहा के पास, मैन 160 फीट रोड, जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 14.09.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 21.11.2022
मोहर अदालत
रतनलाल योगी
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

**विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश स्थान शाहपुरा जयपुर**
**देवी सहाय विरूद्ध मुरली वगैरहा**
**वाद बाबत घोषणा वगेरहा**
**वाद सं. 32 सन् 2016**
**बनाम हेमराज पुत्र स्व.मुरली जाति रैगर**
**स्थान बिदारा तहसील शाहपुरा जिला जयपुर (राज.)**
वादी ने आपके विरूद्ध दावा के लिये वाद पंजीयन किया है आपको इस न्यायालय में दिनांक 17 माह 10 सन् 2022 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात (हाजिर) हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता हैं कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हैं। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज दिनांक 16 माह 09 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर
न्यायालय, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश
शाहपुरा (जयपुर) राजस्थान


# संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्ता से निस्तारण करें : कलेक्टर

**अलवर,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों से कहा कि जिस प्रकार जिले के सभी चिकित्सालयों का प्रशासनिक अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया था उसी प्रकार समय-समय पर अन्य विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण कराया जाएगा। विभाग अपने कार्यालयों की व्यवस्थाएं दुरूस्त व सुचारू रखे।

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने निर्देश दिये कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को गंभीरता से लेकर त्वरित और गुणवत्ता के साथ निस्तारण करे। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग से समन्वय कर जिला मुख्यालय पर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल समय-समय पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारी की बैठक लेवे। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को




कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

निर्देश दिये कि दीपावली से पूर्व वार्डवार सघन सफाई अभियान चलाकर शहर की पूर्ण साफ-सफाई करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि नगर परिषद व पुलिस अतिक्रमण के विरूद्ध संयुक्त कार्रवाई करे। स्थाई अतिक्रमण चिन्हित कर अतिक्रमियों को तुरन्त अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस देवे। यदि वो अतिक्रमण नहीं हटाता है तो संयुक्त कार्रवाई के माध्यम से अतिक्रमण हटाए और अतिक्रमी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करावे। अस्थाई अतिक्रमियों की सामग्री जब्त करे। शहर में सभी रोड लाइट चालू रहे तथा खराब रोडलाइटों को सही कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि विभागीय योजनाओं विशेष तौर पर मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, निःशुल्क

■ **'स्थाई अतिक्रमण चिन्हित कर अतिक्रमियों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस देवे'**

दवा एवं जांच योजना सहित अन्य सभी योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करे। सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में चिरंजीवी योजना के तहत किए जा रहे उपचार की प्रतिदिन की रिपोर्ट भिजवाए। बैठक में यूआईटी की सचिव डॉ. मंजू, एडीएम द्वितीय सुश्री वन्दना खोरवाल, एडीएम शहर ओ.पी सहारण, डीएसओ जितेन्द्र सिंह नरूका, एडीपीएस श्वेता यादव, नगर विकास न्यास के उप सचिवयोगेश डागुर, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता संगीत अरोडा, आरटीओ रानी जैन, जिला कोषाधिकारी राजकुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## घर में घुसा सांड, चार लोग घायल

**अलवर,** (निसं)। अलवर के मालाखेडा क्षेत्र के जमालपुर गांव में सोमवार सुबह से बौखलाए सांड ने 4 लोगों को घायल कर दिया। इनमें दो बुजुर्ग हैं। एक युवक को जयपुर रेफर किया है। वहीं तीन का गांव में इलाज जारी है। पागल सांड आदमी को देखते ही पीछे भाग रहा है।

सांड के दौडने से एक बकरी चपेट में आ गई, जिसकी मौत हो गई। सांड एक घर में घुस गया। गांव में लोग छतों पर चढे हुए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को सूचना दी लेकिन, फिलहाल मौके पर कोई नहीं पहुंचा है। ग्रामीण छाजू सिंह ने बताया कि गांव के युवक सुरेश को सांड ने उठाकर पटक दिया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। उसे जयपुर रेफर किया गया है। वहीं रामलाल बैरवा को उठाकर पटक दिया। मूल सिंह व भंवर सिंह को भी घायल कर दिया। इनमें से तीन का गांव में इलाज जारी है। परिवार के लोग ही घायलों का घरों में इलाज करने में लगे हैं। सुबह 10 बजे तक भी सांड गांव में ही लोगों के पीछे दौडता रहा। सांड के डर से लोग घरों की छत पर चढ गए। एक-दो बार खुले में खेत की तरफ सांड को लेकर गए। लेकिन फिर वापस गांव में आ गया। जैसे ही सांड किसी व्यक्ति को देखता है उसके पीछे दौडता है। बीच में एक बकरी आ गई। सांड से टकराने से उसकी मौत हो गई। सांड मुंह से झाग छोड रहा है। जिससे लगता है कि वह बौखलाया हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी है। लेकिन, गांव कोई टीम नहीं पहुंची है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजाना सांड गांव में ही घूमता था। लेकिन शनिवार से सांड लोगों के पीछे दौडने लगा था। रविवार सुबह तक सांड ज्यादा आक्रामक हो गया। जिसने अब तक कई जनों को घायल कर दिया है। गांव के लोग हाथों में लटठ् लेकर घूम रहे हैं।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। उनियारा में महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में 12 प्रतिशत आरक्षण सहित 11 सूत्रीय मांग तथा जयपुर में गिरफ्तार लोगों की रिहाई मांग को लेकर उपखंड के माली समाज के लोगों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। माली समाज की आयोजित बैठक में पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल लाल सैनी ने भाग लिया तथा ज्योतिबा फुले तथा मां सावित्री बाई फुले के छाया चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

आयोजित कार्यक्रम को समाज के कई प्रबुद्धजनों ने संबोधित किया। जिन्होंने अंतिम सांस तक लडाई लडने का आव्हान किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री प्रभूलाल सैनी ने कहा कि राज्य सरकार को माली समाज की मांगों पर गहनता से विचार विमर्श करना चाहिए तथा उनकी मांगों को मानना चाहिए। पुलिस ने शांतिपूर्वक जयपुर में किए जा रहे आंदोलन में आंदोलनकारियों पर बर्बरता पूर्वक जो लाठीचार्ज तथा मारपीट का कार्य किया है। उनकी घोर शब्दों में निन्दा करता हूं। बैठक के बाद माली समाज के लोगों ने आक्रोश रैली निकाली। जो ज्योतिबा फुले छात्रावास से रवाना होकर मुख्य सडक मार्ग से निकलते हुए उपखंड कार्यालय पहुंची। वहां माली समाज के लोगों ने उपखंड अधिकारी रजनी मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।


**विवाद्यको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**आदेश 5 के नियम 1 और**
**न्यायालय सहायक कलेक्टर सांभरलेक जि. जयपुर**
**भोलूराम बनाम कैलाश वगैरह**
**वाद पत्र सं. 18/20**
**वाद बाबत विभाजन व स्थायी निषेधाज्ञा**
बनाम-1-किशनललाल पुत्र छोटू 2- राजू पुत्र स्व. गुल्ला 3-जीवण पुत्र स्व.गुल्ला 4-बिदामी पत्नि स्व.गुल्ला 5-शांति पुत्री स्व.गुल्ला 6-बरजी पुत्र स्व.गुल्ला 7- गोरा पुत्री स्व.गुल्ला 8-चंदा पुत्री स्व.गुल्ला 9-रतनी पुत्र स्व.गुल्ला 10- नन्दूदेवी पत्नि छोटू 11- शंकर पुत्र स्व.पन्ना 12- मुकेश पुत्र स्व.पन्नाराम 13- माली, 14- संतोष 15-बिरदी 16-भागू 17 सुमन पुत्रीयान स्व.पन्नाराम 18- प्रभात पुत्र गोपी 19 -भूरा पुत्र लादू 20 -भोलू पुत्र चन्दा 21 -मंगला पुत्र धन्ना, 22- मांगीलाल पुत्र रामेदव 23-रामकुवार पुत्र गोपीराम 24-रामनिवास पुत्र सुवालाल 25- सावरमल पुत्र स्व.श्योना 26. मंगल पुत्र स्व.श्योना 27- चंदाराम पुत्र स्व.श्योना 28- ज्याना पुत्री स्व.श्योना 29-धन्नी पुत्री स्व.श्योना 30- सीताराम पुत्र सेडू समस्त जाति अहीर (यादव) निवासी केशा का बास तहसील कि.रेनवाल जिला जयपुर राज. 31-स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा भैसावा 32-पंजाब नेशनल बैंक शाखा करणसर, 33-तहसीलदार तहसील कि. रेनवाल जिला जयपुर वादी ने उपरोक्त आपके विरुद्ध उपरोक्त के वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 27.9.22 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा काई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा का आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रतिष्ठ करे।
आपको सूचित किया जाता हैकि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता.6.9.2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से लगाकर दिया गया है।
मोहर
न्यायाधीश
सहायक कलक्टर सांभर लेक


## प्रोफेसरों के तबादले में मंत्री ने किया जातिवाद : बैरवा

**जयपुर,** (निसं)। रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्रसिंह यादव पर प्रोफसरों के तबादला करने और दलित प्रोफेसरों को हटाकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

डॉ.बैरवा ने बयान जारी कर आरोप लगाया कि उच्च शिक्षा मंत्री ने बडी संख्या में स्वजातीय प्रोफेसरों को कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय में पदस्थापित किया और प्रतिनियुक्ति देने के साथ साथ उनको इच्छित कॉलेजों में ट्रांसफर कर दिया जबकि इसके विपरीत बड़ी संख्या में दलित प्रोफेसरों के तबादले अलग-अलग जगह कर दिए। कुछ को अनिश्चितकालीन अवधि के लिए कार्यव्यवस्था पर भेजा। इससे दलित प्रोफेसरों में अंदरूनी आक्रोश है। बैरवा का आरोप है कि अलवर कला कॉलेज में ही तबादलों के जरिए लाए गए 7 प्रोफेसरों में 4 मंत्री की जाति के हैं और हटाए गए 7 प्रोफेसरों में 5 दलित हैं। डॉ अशोक कुमार खटीक के साथ तो विभागीय जांच में भेदभाव साबित हो चुका है। इनकी 7 महीने से ज्यादा के वेतन भत्तों का भुगतान अभी तक भी नहीं किया है। धर्मनिरपेक्ष विचारधारा के रुक्टा के क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे डॉ.शैलेंद्र सिंह भाटी, ओमप्रकाश यादव, राजेश वर्मा का भी तबादला कर दिया है। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय में पद स्थापित एकमात्र दलित प्रोफेसर डॉ.राजेश कुमार वर्मा को भी हटा दिया है। उन्होने मांग की है कि जरूरी होने पर तबादले जातिवाद, भेदभाव करके नहीं बल्कि तार्किक तरीके से किए जाए। तबादलों के लिए एक पारदर्शी स्थानांतरण नीति बनाई जाए।

## वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का, कड़ी मेहनत जरूरी : प्रांजल कंवर

**निवाई,** (निसं)। भगतसिंह कालोनी में स्थित आदर्श विद्यालय में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के ब्लॉक स्तरीय आयोजन का सोमवार को समापन समारोह पूर्वक हुआ। इसमें विजेता टीमों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को अतिथियों ने सम्मानित किया।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसीलदार प्रांजल कंवर, ब्लाक शिक्षा अधिकारी मीना बंसन एवं प्रधानाचार्या लक्ष्मी शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि तहसीलदार प्रांजल कंवर ने कहा कि खेलों में एक टीम जीतती है वहीं दूसरी टीम हारती है, विजेता टीम आगे के लिए तैयारी करे एवं हार वाली टीम को विजेता टीम से सीख ले। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा है जिसके

■ **ग्रामीण ओलंपिक खेलों का ब्लॉक स्तरीय समापन समारोह, विजेता टीमों का सम्मान**

लिए खिलाडियों में कडी मेहनत की आवश्यकता है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मीना बंसल ने बताया कि आदर्श स्कूल के प्रांगण में खेलों का समापन समारोह हुआ। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने कई प्रकार के देश भक्ति सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुतियां दी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण ओलंपिक खेलों में महिला व पुरुष कबड्डी, टेनिस बाल क्रिकेट, खो-खो, वॉलीबॉल, शूंटिग बॉल और हॉकी के मैच खेले गए। जिनमें विजेताओं टीमों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य गिरिराज गुर्जर ने किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अरिवन्द शर्मा, प्रधानाचार्य सुविज्ञा चौहान, उप प्राचार्य निलम गिन्दोडी, राकेश अग्रवाल, विनोद कुमार तिवाडी, कृतिका शर्मा, हरिनारायण मीणा, रामजीलाल मीणा, आमिन खान, विष्णुलाल शर्मा, जन्सीलाल गुर्जर, प्रेम चौधरी, सहायक विकास अधिकारी हंसराज मीणा, चिरंजीलाल बैरवा, कैलाशचन्द गुर्जर, कमलेश लक्षकार, चिरंजीलाल मीणा, कनिष्ठ सहायक शिवदयाल बैरवा सहित कई अधिकारी व शारीरिक शिक्षक मौजूद थे।

## सेंट जोजफ कॉलेज में होगी एलएलबी की परीक्षाएं

**टोंक** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय टोंक में एलएलबी की परीक्षा कॉपियाँ चोरी होने के बाद डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय जयपुर के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्र सोमवार को परिवर्तन होने के साथ ही राजकीय महाविद्यालयय टोंक एलएलबी की सोमवार को दो पारियों की परीक्षाएं हुई। 20 सितम्बर एलएलबी की समस्त परीक्षा सेंट जोसफ महाविद्यालय, डाईट रोड, टोंक पर आयोजित होगी। राजकीय कन्या महाविद्यालय टोंक में एलएलबी की परीक्षा की कॉपियाँ चोरी हो गई थी, जिसके कारण परीक्षा केन्द्र परिवर्तन किया गया है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय के कुलसचिव अयूब खान के निर्देशानुसार 20 सितम्बर से आगामी दिवसों की (प्रात:काल पारी 10.30 से 12.30 व दोपहर पारी 2.30 से 4.30) दोनों पारियों की समस्त परीक्षायें सेंट जोसफ महाविद्यालय, डाईट रोड, टोंक पर आयोजित होगी।

## ट्रकों में ले जा रहे गोवंश को पुलिस ने कराया मुक्त, छह गिरफ्तार

**रामगढ-पचवारा,** (निसं)। थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कल्लावास ग्राम के नजदीक बीती रात गौ रक्षा कमांडो फोर्स के प्रतिनिधियों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर दो ट्रकों में खचाखच भरे गोवंश को रामगढ़ पचवारा थाना पुलिस द्वारा मुक्त कराया। वही ट्रक कंटेनर में खचाखच भरे करीब 29 गाय एवं नौ बछडों को लेकर थाना पुलिस द्वारा पशु क्रूरता अत्याचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

गौ रक्षक को सेवकों की मानें तो इन दो ट्रक कंटेनर में गोवंश को संभवत या तस्करी के लिए ही ले जाया जा रहा था। गौ सेवकों ने बताया कि उनको सूचना मिलने के बाद जब ट्रकों को रोककर तलाशी ली गई तो उनमें गोवंश भरा पाया गया। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में लंपी वायरस का प्रकोप

■ **पशु क्रूरता अधिनियम में मामला दर्ज, तस्करी को लेकर की जा रही पड़ताल**

गोवंश में चल रहा है। ऐसे में गोवंश को इस तरह ट्रकों में भरकर ले जाना सीधा सीधा गौ तस्करी का मामला दर्शाता है। वही पशु चिकित्सकों द्वारा इन गोवंश की जांच पडताल की गई तो ज्यादातर गोवंश दूध देने लायक पाया ही नहीं गया। फिर इन गोवंश परिवहन को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि आखिरकार किस लिए इन लोगों द्वारा जयपुर के हटवाडा से रवाना बनाकर कंटेनर ओं में गोवंश को भरकर तेलंगाना के लिए डेयरी फार्म पर ले जाया जा रहा था। वही पूरे मामले को लेकर थाना अधिकारी दिनेश कुमार मीणा ने बताया कि फिलहाल गोवंश को डीडवाना के भूतेश्वर गौशाला में छोडा गया है साथ ही मामले को लेकर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इस मामले में आधा दर्जन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो लोग शाहपुरा के एवं बाकी चार लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पूछताछ में इन लोगों द्वारा अधिकृत तरीके से ले जाना बताया है। वहीं पुलिस द्वारा गौ रक्षकों के इनके ऊपर गौ तस्करी के आरोपों के बाद गोवंश परिवहन से जुडे सभी तथ्यों पर जांच की जा रही है। वहीं पुलिस की पूरी जांच पडताल के बाद ही पूरी तरह साफ हो पाएगा कि आखिर इन गोवंश को किस उद्देश्य से प्रवेश किया जा रहा था।

## लूट मामले में बदमाश गिरफ्तार

**बहरोड/नीमराना,** (निसं)। तसींग रोड बहरोड पर 27 जुलाई को बदमाशों द्वारा बंधन बैंक के कर्मचारी की बाइक को टक्कर मारकर देसी कट्टा कनपटी पर लगाकर 1 लाख 40 हजार रुपए छीन ले जाने के मामले में दर्ज प्रकरण पर कार्यवाही करते हुए 1000 रुपए का इनाम घोषित करते हुए मामले पर संज्ञान लेते हुए लुटेरे राहुल पुत्र ओमप्रकाश निवासी नियामतपुर थाना नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा को 18 सितंबर को गिरफ्तार किया।

## दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। सदर थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि एक वर्ष पूर्व सदर पुलिस ने गश्त के दौरान गांव सुनारी से अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के मामले में एक वर्ष से फरार चल रहे वांछित आरोपी रामफूल मीणा पुत्र पांचूराम निवासी मूंडली शिवदासपुरा जयपुर तथा मुकेश मीणा पुत्र नंदलाल मीणा निवासी शंकरपुरा, कोटखावदा जयपुर को गिरफ्तार किया है।


**कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.**
Tel-(01434) 232013, Email: npdeoli@gmail.com
क्रमांक-न.पा.दे./प्र.श.के.स.अभि./2022-23/2520 दिनाक-19.9.22
**आपत्ति आमन्त्रण सूचना**
निम्न 23 आवेदनकर्ताओ ने बैरवा मोहल्ला, एजेन्सी एरिया, विवेकानन्द कॉलोनी, सदर बाजार, कुम्हार मोहल्ला, राजपूत कॉलोनी, भिस्ती मोहल्ला, अन्य में अपनी सम्पत्ति के पट्टे/अन्य कार्य के लिए आवेदन किया है। जिसकी आपत्ति आमंत्रण सूचना इस कार्यालय के पत्रांक 2517 दिनांक 19.9.2022 द्वारा जारी कर दी गई है।जिससे सबंधित आवेदन की विस्तृत जानकारी नगरपालिका देवली की वेबसाईट http://lsg.urban.rajasthan.gov.in तथा स्वायत्त शासन विभाग की वेबसाईट http://shahar2021.rajastan.gov.in व नगरपालिका नोटिस बोर्ड चस्पा सूची पर देखी जा सकती है। किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में अपना दावा /आपत्ति नगरपालिका देवली में 07 दिवस में प्रस्तुत करें।बाद म्याद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगीं । सूचित रहे।
**(सुरेश कुमार मीणा)**
**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका देवली**


## चाकसू में माली समाज ने ज्ञापन सौंपा

**चाकसू,** (निसं)। माली सैनी समाज ने दो अलग-अलग स्थानों पर सोमवार को जयपुर में हुए आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा दर्ज मामलों को वापस लेने एवं गिरफ्तार समाज के लोगों की रिहाई के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर पालिका पार्षद सुरेश सैनी, पार्षद प्रतिनिधि गणपत लाल सैनी, राकेश सैनी, समाजसेवी लालाराम जादम सहित सैकडों समाज बंधु थे। वही कोटखावदा में माली सैनी समाज ने तहसील कार्यालय में तहसीलदार सृष्टि जैन को ज्ञापन सौंपा।


**विज्ञप्ति** मैं पांचूराम जगरवाल सर्व साधारण को सूचित करना चाहता हूँ कि मेरा बडा पुत्र पवन जगरवाल मेरे कहने का नहीं है। इसलिए मैं अपने पुत्र से भविष्य में कोई रिश्ता नहीं रखना चाहता हूँ। और इसके द्वारा किए गए कृत्य और आचरण से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है।
ABDUL BARI, Advocate
Ph.: 0141-780956

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 1145, मेहरो का रास्ता, रामगंज बाजार जयपुर में विष्णु नारायण अग्रवाल के हिस्से की सम्पत्ति को मेरा अभिभाष्य मोहम्मद फेहमीद क्रय कर रहा है।किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो तीन दिवस में बतायें। अन्यथा आपत्ति स्वीकार नही होगी तथा मेरा अभिभाष्य उक्त हिस्से को खरीदने के लिय स्वतंत्र रहेगा।
जयपुर (जुबैर इरशाद) एडवोकेट
दिनांक-19.9.2022 मो.नं.9828549967

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 1145, मेहरो का रास्ता, रामगंज बाजार जयपुर में गोपाल बंसल के हिस्से की सम्पत्ति को मेरा अभिभाष्य रियाजुद्दीन क्रय कर रहा है।किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो तीन दिवस में बतायें। अन्यथा आपत्ति स्वीकार नही होगी तथा मेरा अभिभाष्य उक्त हिस्से को खरीदने के लिय स्वतंत्र रहेगा।
जयपुर (जुबैर इरशाद) एडवोकेट
दिनांक-19.9.2022 मो.नं.9828549967

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 1145, मेहरो का रास्ता, रामगंज बाजार जयपुर में श्रीराम अग्रवाल के हिस्से की सम्पत्ति को मेरा अभिभाष्य मुबश्शिरा क्रय कर रही है।किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो तीन दिवस में बतायें। अन्यथा आपत्ति स्वीकार नही होगी तथा मेरा अभिभाष्य उक्त हिस्से को खरीदने के लिय स्वतंत्र रहेगा।
जयपुर (जुबैर इरशाद) एडवोकेट
दिनांक-19.9.2022 मो.नं.9828549967

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 1145, मेहरो का रास्ता, रामगंज बाजार जयपुर में प्रहलाद दास बंसल के हिस्से की सम्पत्ति को मेरा मेरा अभिभाष्य अब्दुल रहीम क्रय कर रहा है।किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो तीन दिवस में बतायें। अन्यथा आपत्ति स्वीकार नही होगी तथा मेरा अभिभाष्य उक्त हिस्से को खरीदने के लिय स्वतंत्र रहेगा।
जयपुर (जुबैर इरशाद) एडवोकेट
दिनांक-19.9.2022 मो.नं.9828549967


## चौमूंवासियों के लिए बांद्रा एक्सप्रेस उपयोगी साबित होगी : सुमेधानंद

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं शहर के रेलवे स्टेशन पर श्रीगंगानगर-बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सोमवार से शुरू हो गया है। बांद्रा श्रीगंगानगर एक्सप्रेस के चौमूं स्टेशन पर पहुंचने पर सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती और विधायक रामलाल शर्मा सहित भाजपा

■ **चौमूं विधायक ने ट्रेन के ठहराव पर केंद्रीय रेल मंत्री और सीकर सांसद का जताया आभार**



बांद्रा श्रीगंगानगर एक्सप्रेस के चौमूं पहुंचने पर सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, विधायक रामलाल सहित भाजपाइयों ने स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं ने ट्रेन और कर्मचारियों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार स्वागत सत्कार किया।

सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती और विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से केंद्रीय रेल मंत्री ने बांद्रा श्रीगंगानगर एक्सप्रेस के ठहराव की चौमूं रेल्वे स्टेशन की स्वीकृति दी है। सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि चौमूं विधानसभा क्षेत्र के लिए यह ट्रेन बहुत उपयोगी साबित होगी और नियमित जयपुर आने जाने वाले यात्रियों को कम आर्थिक बोझ उठाना पडेगा। इस मौके पर विधायक रामलाल शर्मा ने ट्रेन के ठहराव पर केंद्रीय रेल मंत्री और सीकर सांसद का आभार जताते हुए कहा कि श्रीगंगानगर-बांद्रा एक्सप्रेस का समय सवेरे ड्यूटी टाइम होने के चलते करीब 600 से 700 लोगों को जयपुर आने जाने में फायदा मिल सकेगा।

चौमूं क्षेत्र के लोग पशुपालन व्यवसाय पर निर्भर होने के चलते सैकडों लोग यहां से सब्जिया एवं दूध लेकर जयपुर नियमित रूप से आते जाते रहते हैं। वही मजदूर और नौकरी पेशा लोग इस ट्रेन के माध्यम से नियमित समय पर आना जाना हो सकता है। उपस्थित लोगों ने ट्रेन के ठहराव का समय अच्छा बताते हुए सीकर सांसद और विधायक रामलाल शर्मा का आभार जताया। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष गजानन्द कुमावत, बांसा मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट, पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, पवन चोपडा रेलवे कर्मचारी अधिकारी, पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी, सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक जिला जयपुर (राज.)**
E-Mail:-sambharnagarpalika@gmail.com, Phone No. 01425-228245
क्रमांकः- न.पा.सा./भू.वि./2022/1834 दिनांक 19/9/22
**भूमि नीलामी सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका क्षेत्र में पालिका द्वारा आवासीय एवं व्यावसायिक योजना "जागेश्वर विहार" कॉलेज के पीछे, सांभर लेक आवासीय योजना के भू-खण्ड व कॉलेज रोड सांभर लेक पर स्थित दुकान व नावां रोड सांभर लेक पर स्थित आवासीय प्लाट को नीचे दर्शित भू-खण्ड संख्या व साईज अनुसार निम्नांकित दिवसों में विक्रय किये जायेगें। जिसकी विस्तृत जानकारी मय मानचित्र कार्य दिवसों में कार्यालय में देखा जा सकता है। उक्त निलामी निर्धारित दिनाँक को दोपहर 02:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक जरिये आम निलामी से विक्रय किये जायेंगे। भूखण्ड जिस स्थान व जिस स्थिति में होंगे उसी स्थिति में विक्रय किये जायेंगें। जिनका विवरण निम्न हैं।

| क्र. सं. | योजना का नाम | भूखण्ड/दुकान संख्या | नाप क्रमशः (भूखण्ड संख्या अनुसार) | तादाद | आवासीय/ व्यावसायिक | धरोहर राशि प्रति भूखण्ड/ दुकान | निलामी तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जागेश्वर विहार | S-20, S-21 | 26.83 वर्गगज, 22.22 वर्गगज | 02 दुकान | व्यावसायिक | 25,000 | 20.10.2022 | दोपहर 02:00 बजे से सायं |
| | | 49, 50 | 77.78 वर्ग गज | 02 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | 5:00 बजे तक |
| 2. | जागेश्वर विहार | S-22, S-23 | 22.22 वर्गगज, 22.22 वर्गगज | 02 दुकान | व्यावसायिक | 25,000 | 21.10.2022 | दोपहर 02:00 बजे से सायं |
| | | 51, 52 | 77.78 वर्गगज 67.41 वर्ग गज | 02 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | 5:00 बजे तक |
| 3. | जागेश्वर विहार | S-24, S-25, S-26 | 22.22 वर्गगज, 22.22 वर्गगज 25.26 वर्ग गज | 03 दुकान | व्यावसायिक | 25,000 | 01.11.2022 | दोपहर 02:00 बजे से सायं |
| | | 53, 54, 55 | 102.05 वर्ग गज 77.78 वर्ग गज 77.78 वर्ग गज | 03 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | 5:00 बजे तक |
| 4. | नावां रोड सांभर लेक | नावां रोड स्थित प्लाट | 102.90 वर्गगज, | 01 | आवासीय | 10,000 | 02.11.2022 | दोपहर 02:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक |

**निलामी शर्तें -**
1. बोली लगाने से पूर्व बोलीदाता को उक्त धरोहर (अमानत) राशि नकद जमा करवाना अनिवार्य होगा।
2. यह भूमि विक्रय राज.न.पा. भूमि निष्पादन नियम 1974 के नियम से संशोधन 2 के 2019 व उसके जारी परिपत्रों के अन्तर्गत की जा रही हैं।
3. जिस व्यक्ति के नाम अमानता राशि की रसीद कटेगी पालिका द्वारा उसी व्यक्ति के नाम का पट्टा जारी किया जायेगा नाम में किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जायेगा।
4. उच्चतम बोली लगाने वाले को निलामी की दिनाँक से तीन कार्य दिवसों के भीतर अपनी बोली का 15 प्रतिशत राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयसीमा के भीतर अपनी बोली का 15 प्रतिशत राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयसीमा के भीतर उक्त राशि जमा कराने में विफलता के कारण बोलीदाताओं द्वारा जमा करवायी गई अमानत राशि जब्त कर ली जायेंगी और भूमि की निलामी स्वचलित रूप से रद्द मानी जायेगी।
5. बकाया 35 प्रतिशत राशि निलामी तिथि से 120 दिनों के भीतर जमा करवाना अनिवार्य होगा। विफल क्रेता है तो अवधि की समाप्ति के बाद बोली लगाने वाले 60 दिनों में या विस्तारित समयावधि के भीतर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित देय राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा।
6. भूखण्ड 99 वर्ष लीज होल्ड पर अरबन सेटलमेन्ट ग्राउण्ड रेन्ट के आधार पर विक्रय किया जावेगा जिसकी लीज राशि आरक्षित दर पर व्यावसायिक की 5 प्रतिशत व आवासीय की 2.50 प्रतिशत नियमानुसार क्रेता को जमा करानी होगी।
7. डीड लीज शाश्वत पत्र का विधिवत पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा जिसके स्टाम्प व नक्शा एवं रजिस्ट्री का व्यय क्रेता का होगा।
8. बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता/अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सांभर लेक के पास सुरक्षित रहेगा जिसका कारण बताना आवश्यक नहीं होगा
9. 3 वर्ष की अवधि के अन्दर नियमों के अन्तर्गत नक्शा स्वीकृत करवाकर क्रेता को भवन निर्माण कराना होगा। यदि 3 वर्ष की अवधि में भवन निर्माण नहीं कराया गया तो जमा करायी गई राशि को बगैर लौटाये पालिका द्वारा राशि जब्त कर भूखण्ड को निरस्त कर अपने कब्जे में ले लिया जावेगा तथा पूनः निलाम कर दिया जावेगा।
10. भूमी को मानचित्र एवं शर्तें प्रतिबन्धों व समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।
11. उपरोक्त भूखण्डों का क्षेत्रफल कम या ज्यादा होगा तो उसके आधार पर राशि जमा करानी होगी
12. सफल बोली दाता 180 दिन में 50 प्रतिशत राशि जमा करवायेगा, विफल रहने पर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा यदि बोली दाता डिमाण्ड नोटिस की तारिख से 15 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि करवाता है तो 1 प्रतिशत की बोली राशि में छूट मिलेगी
13. दुकानों की नीलामी बोली पालिका की व्यावसायिक नजूल दर से प्रति वर्गगज के हिसाब से चालू होगी। जिसमें दुकानों की वास्तविक लागत अलग से देय होगी।

(बालकिशन जांगिड) अध्यक्ष
नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक
(मनीषा यादव) अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक




श्रीबलभद्र जी श्री सुभद्रा जी श्री जगन्नाथ जी

श्रीराधा गोविन्द देवाय नमः

परमपूज्य धर्मसम्राट स्वामी
श्री करपात्रीजी महाराज

मान्य महानुभाव ! सादर अभिनन्दन और स्मरण ।

पूज्यपाद श्रीगोवर्धनमठ, पुरीपीठाधीश्वर, श्रीमज्जद्गुरू

# शंकराचार्य स्वामी
# श्री निश्चलानंदसरस्वती जी महाराज

# हिन्दूराष्ट्र संगोष्ठी एवं विशाल धर्मसभा

20 सितम्बर 2022 | सायं 5 बजे से

कार्यक्रम स्थलः
मन्दिर श्री गोविन्द देव जी सभाग्रह, जयपुर

में आप सपरिवार एवं ईष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित है।


श्रीमज्जगद्गुरु - शंकराचार्य स्वामी
श्रीनिश्चलानन्दसरस्वती जी महाराज


स्वामी निर्विकल्पानन्द सरस्वती
श्रीमज्जगद्गुरू शंकराचार्य निजसचिव


श्री हृषिकेश ब्रह्मचारी जी महाभाग
आदित्यवाहिनी, प्रभारी
भारत, भूटान, नेपाल

कार्यक्रम संयोजकः श्री चन्द्रप्रकाश अग्रवाल (भाड़ेवाला)

| सम्पर्क सूत्रः | सतीश अग्रवाल | अजय यादव (पूर्व पार्षद) | गोपाल शर्मा (पूना वाले) |
|---|---|---|---|
| | 9414889212 | 9829057725 | 9587666000 |

आयोजकः धर्मसंघ, पीठापरिषद्, आदित्यवाहिनी, आनन्दवाहिनी (राजस्थान)

निवेदकः सर्वसमाज हिन्दू महासभा, जयपुर (राज.)

सम्पर्क सूत्रः 9414439579, 9314005860, 9049666000, 9782345666, 9667340512



ऑस्ट्रेलिया की परिस्थियों में अंगुली के स्पिनरों की तुलना में लेग स्पिनर को ज्यादा मदद मिलती है। वह बल्लेबाजों के लिए मुश्किल चुनौती पेश करेगा। बल्लेबाजों को उसके खिलाफ सतर्क रहना होगा। - **मुथैया मुरलीधरन**

पूर्व श्रीलंकाई गेंदबाज, श्रीलंकाई गेंदबाज वानिंदु हसरंगा के बारे में।

# खेल जगत



**आज का खिलाड़ी** **रितु फोगाट**



**भारत** की पहलवान से 'मार्शल आर्ट फाइटर' बनीं रितु फोगाट को लगता है कि 'मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स' (एमएमए) में मानसिक मजबूती भी शारीरिक फिटनेस जितनी ही अहम है। यह भारतीय 29 सितंबर को सिंगापुर में 'वन 161' से सर्कल में वापसी करेंगी जिसमें वह घरेलू प्रबल दावेदार और पूर्व 'वन' महिला स्ट्रावेट विश्व खिताब चैलेंजर टिफनी टियो से भिड़ेंगी। फोगाट का जीत का रिकॉर्ड 7-2 का है जो शानदार है। उन्होंने कहा, ''जीतने के लिये मैं अपनी योजना पर डटे रहने की कोशिश करती हूं जो बहुत महत्वपूर्ण है।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए जीतने से ज्याता परखने की श्रृंखला

## अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाला है टी-20 विश्व कप

### भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मैचों की शृंखला की शुरुआत आज करेगी

मोहाली,19 सितंबर। भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मैचों की शृंखला की शुरुआत मंगलवार को करेगी, हालांकि भारत के लिए कुछ खिलाड़ियों और संयोजनों को परखना इस शृंखला को जीतने से ज्यादा अहम होगा।

अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत के सामने ज्वलंत सवाल है कि रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग कौन करेगा। कप्तान रोहित ने लोकेश राहुल को ओपनिंग के लिए पहली पसंद बताते हुए यह भी कहा है कि विराट कोहली कुछ मैचों में पहले बल्लेबाजी करने आ सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू शृंखला में कारगर साबित होने वाला ओपनिंग संयोजन टी20 विश्व कप में प्राथमिकता हासिल कर सकता है।



चोट से उभर कर लौटे जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल के लिए यह शृंखला विश्व कप से पहले वॉर्म अप का काम करेगी। विश्व कप स्क्वाड में अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में शामिल हुए मोहम्मद शमी भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी बाहें खोल सकते थे, लेकिन कोरोना संक्रमित होने के कारण उनके स्थान पर उमेश यादव आ गये हैं। इसके अलावा टीम यह भी देखना चाहेगी कि घुटने की सर्जरी के बाद रिहैब से गुजर रहे रवींद्र जडेजा की कमी को अक्षर पटेल किस हद तक पूरा कर पाते हैं।

दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया ने हरफनमौला मिचेल मार्श, मार्क्स स्टॉयनिस और तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को विश्व कप से पहले आराम दिया है। मार्श की अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिये चुना है, जो उनके लिये एक नयी जिम्मेदारी होगी। विस्फोटक बल्लेबाज टिम डेविड इस शृंखला से ऑस्ट्रेलिया के लिये पदार्पण कर सकते हैं, जो ग्लेन मैक्सवेल के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम को आश्चर्यजनक मजबूती देने की क्षमता रखते हैं।

# मोदी ने कांस्य पदक जीतने पर बजरंग, विनेश को बधाई दी

नयी दिल्ली, 19 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के स्टार पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट को बेलग्रेड में आयोजित विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर सोमवार को बधाई दी। मोदी ने ट्वीट किया, हमारे पहलवान हमें गौरवान्वित करते हैं। बेलग्रेड में आयोजित विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट को बधाई। यह दोनों के लिए खास है क्योंकि विनेश इस मंच पर दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयी हैं और बजरंग ने अपना चौथा पदक जीता है।

टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने रविवार को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के अंतिम दिन पुरुषों के 65





किग्रा में कांस्य पदक जीता। विश्व चैंपियनशिप में यह उनका चौथा पदक था। उन्होंने 2018 में रजत जबकि 2013 और 2019 में कांस्य पदक जीते हैं। दूसरी ओर, विनेश ने महिलाओं की 53 किलो फ्रीस्टाइल श्रेणी में रेपेचेज के माध्यम से अपना दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक जीता। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने भी बजरंग को बधाई देते हुए कहा, बजरंग पूनिया ने फिर अपनी स्पोर्टिंग क्लास दिखाई है। उन्होंने 2022 के बेलग्रेड संस्करण में कांस्य पदक के साथ सीनियर विश्व चैंपियनशिप में अपना चौथा पदक हासिल किया है। मैं उन्हें बधाई देता हूं।

# रुबेल हुसैन ने टेस्ट क्रिकेट से लिया सन्यास

ढाका, 19 सितंबर। बंगलादेश के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की। हुसैन ने सोशल मीडिया का रुख करते हुए कहा कि वह युवाओं को अधिक अवसर देने की आवश्यकता महसूस करते हैं, इसलिए उन्होंने खेल के सबसे लंबे प्रारूप से संन्यास लेने का निर्णय लिया।

हुसैन ने फेसबुक अकाउंट पर लिखा, अस्सलाम अलैकुम। मैं आपसे कुछ बात साझा करना चाहता था। मैंने आधिकारिक तौर पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को एक पत्र सौंपा है और टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा, क्रिकेट का लंबा प्रारूप राष्ट्रीय टीम को मजबूत करने में एक बड़ी भूमिका निभाता है। मुझे लगता है कि अगर युवा तेज गेंदबाजों को ज्यादा मौके मिलते हैं तो हमारी टीम और मजबूत होगी। टेस्ट में युवाओं को अधिक अवसर प्रदान करने



के लिए मैंने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने का फैसला किया है।

हुसैन ने 2009 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और 13 साल के लम्बे समय में उन्होंने बंगलादेश के लिए 27 टेस्ट खेले। उन्होंने पिछले दो वर्षों में कोई टेस्ट मैच नहीं खेला था, जबकि आखिरी बार वह फरवरी 2020 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में नजर आये थे। हुसैन ने टेस्ट करियर में 5 विकेट चटककार 166 रन देकर सर्वश्रेष्ठ कारनामा किया था। टेस्ट क्रिकेट में अपने करियर के दौरान उन्होंने 36 विकेट झटके और महज एक बार पांच विकेट लेने में सफल हुए।

उन्होंने कहा, मैं बंगलादेश के लिए 27 टेस्ट खेलने में सक्षम रहा, जो मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। जिन लोगों ने लाल गेंद क्रिकेट के साथ मेरी यात्रा के दौरान मेरी मदद की है, मैं उन सभी का आभारी हूं और मुझे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी मुझे आपका साथ मिलेगा। मैंने भले ही टेस्ट क्रिकेट से सन्यास ले लिया हो, लेकिन मेरा मानना है कि बंगलादेश के लिए एकदिवसीय और टी20 प्रारूप में मुझे अभी भी बहुत योगदान देना है। हुसैन ने कहा कि वह अन्य सफेद गेंद प्रतियोगिताओं के साथ ढ ाका प्रीमियर लीग (डीपीएल) और बंगलादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में खेलना जारी रखेंगे।

# युवराज, धवन ने बधिर क्रिकेट टीम को चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये शुभकामनाएं दी

नयी दिल्ली, 19 सितंबर। भारत के दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह और अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन ने डीआईसीसी टी20 चैंपियन्स ट्रॉफी 2022 के लिये रवाना होने वाली भारतीय बधिर क्रिकेट टीम को सोमवार को शुभकामनाएं दीं। युवराज ने एक पत्र के माध्य से कहा, मैं उत्साही खिलाड़ियों, बोर्ड के सदस्यों और भारतीय बधिर क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आईडीसीए की प्रगति और विकास में आपके अथक प्रयास देखकर बहुत खुशी हो रही है।

यह पूरे देश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर दे रहा है। संयुक्त अरब अमीरात में डीआईसीसी टी20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 के लिए तैयार पूरी टीम को मेरी शुभकामनाएं। मुझे विश्वास है कि आप सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और देश का नाम ऊंचा करेंगे।

धवन ने टीम को लिखे गये पत्र में कहा, भारतीय बधिर क्रिकेट टीम के दिव्यांग खिलाड़ियों के साथ मेरी शुभकामनाएं हैं। यह टीम संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित





डीआईसीसी टी20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 में भारत की ओर से शानदार प्रदर्शन करेगी।

बधिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (डीआईसीसी) एक अक्टूबर से नौ अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में टी20 चैंपियन्स ट्रॉफी 2022 का आयोजन करेगा जिसमें भारत की बधिर क्रिकेट टीम हिस्सा लेगी। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, बंगलादेश और पाकिस्तान की टीमें भी टूर्नामेंट में नजर आयेंगी। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने टूर्नामेंट के लिये सोमवार को भारतीय टीम की नयी जर्सी का अनावरण भी किया।

आईडीसीए की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रोमा बलवानी ने आयोजन के प्रति अपना उत्साह प्रकट करते हुए कहा, ''डीआईसीसी टी20 चैंपियंस ट्रॉफी दिव्यांग जनों में खेल को बढ़ ावा देने का बेजोड़ मंच है। हम चैंपियनशिप मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हैं और हमें विश्वास है कि मैदान में हमारी टीम अपनी काबिलियत का प्रदर्शन करेगी। हमारा अनुरोध है कि खिलाड़ियों को सभी प्यार दें। उनके समर्थन से हमारे खिलाड़ियों को मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का हौसला बुलंद होगा। आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि खिलाड़ी इस चैंपियनशिप के लिए पूरी तरह तैयार और उत्साहित हैं। वे इस शानदार खिताब के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

# हॉप्स का विजय अभियान आगे बढ़ा

नयी दिल्ली, 19 सितंबर। खेलो इंडिया महिला प्रीमियर लीग खिताब की अघोषित विजेता हॉप्स एफसी ने सोमवार को सिग्नेचर क्लब को मोना (दो) और संतोष के गोलों से हराकर अपना विजय अभियान आगे बढ़ाया। विजेता हॉप्स की पूजा को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। दिन के दूसरे मैच में हंस और ग्रोइंग स्टार केबीच कांटे की टक्कर में दोनों टीमों ने 1-1 के स्कोर पर अंक बांट लिए। पुरुषों की प्रीमियर लीग में रेंजर्स क्लब ने हिंदुस्तान को 3-0 से परास्त किया। मैन ऑफ द मैच कृष्ण कुमार ने दो दर्शनीय गोल किये, जबकि एक गोल लकी के नाम रहा। दिन के पहले मैच में गढ़ वाल हीरोज और रॉयल रेंजर्स का मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा। गढ़ वाल का गोल मैन ऑफ द मैच अक्रीम अबीओए ने और रोयल का गोल हिमांशु राय ने जमाया।

# स्ट्राइक रेट पर काम कर रहा हूं : राहुल

मोहाली, 19 सितंबर। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने सोमवार को कहा कि वह अपने स्ट्राइक रेट को सुधारने पर काम कर रहे हैं और पिछले 10-12 महीनों में उनको दी गयी भूमिका को बेहतर तरीके से समझ रहे हैं।

राहुल ने यहां मैच से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं इस (स्ट्राइक रेट) पर काम कर रहा हूं। स्पष्ट रूप से पिछले 10-12 महीनों में प्रत्येक खिलाड़ी के लिए परिभाषित भूमिकाओं के साथ, आप बहुत स्पष्ट रूप से जानते हैं और खिलाड़ी समझता है कि उनसे क्या अपेक्षित है और हर कोई इसके लिए काम कर रहा है।

राहुल के स्ट्राइक रेट की आलोचनाओं के बीच विराट कोहली को टी20 विश्व कप से ओपनिंग की जिम्मेदारी दिये जाने की अटकलें लगायी जा रही थीं, हालांकि कप्तान रोहित शर्मा ने राहुल को ओपनिंग के लिये पहली पसंद बताया है।

राहुल ने अपनी बल्लेबाजी पर बात करते हुए कहा, यह टी20 क्रिकेट है। जितना अधिक खेल विकसित हो रहा है, आप पहले बल्लेबाजी करें या बाद में, आपको खेल के किसी भी स्तर पर आक्रामक होना होगा। आपको हमेशा चौके-छक्के लगाने की मानसिकता में रहना होगा। जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो मेरे साथ भी ऐसा ही होता है। जब आप पहले बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो आप खुद को यह समझने के लिए तीन या चार गेंदें देना चाहते हैं कि पिच कैसा व्यवहार कर रही है, उसके बाद गेंदबाजों को दबाव में डालने की कोशिश होती है।

उन्होंने कहा यही सब चीजें आपके दिमाग में चलती हैं। आप क्रीज पर अपने साथी से बात करते हैं और एक दूसरे की मदद करते हैं। आप पिच के बारे में, अपने शॉट्स के बारे में और उन क्षेत्रों के बारे में बात करते हैं जिन्हें निशाना बनाया जा सकता है। यह कुछ चीजें हैं जिनपर आप एक दूसरे से चर्चा करते हैं और एक योजना तैयार करते हैं। भारत के पास अब विश्व कप की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 शृंखलायें है, और राहुल को उम्मीद है कि मौजूदा माहौल खिलाड़ियों को 'गलती करने या विफल होने से न डरने' की अनुमति देता है।



राहुल ने कहा, उस ड्रेसिंग रूम में एक खिलाड़ी के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसका कप्तान, कोच और उसके (साथी) खिलाड़ी उसके बारे में क्या सोचते हैं। केवल हम जानते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति से किस भूमिका की अपेक्षा की जाती है और हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश कर रहा है। एक खिलाड़ी हर बार सफल नहीं होगा। हमने ऐसा माहौल बनाया है जहां खिलाड़ी गलती करने या असफल होने से नहीं डरते।

उन्होंने कहा, आलोचना हर बार होती है। हम आप में से किसी से भी ज्यादा खुद की आलोचना करते हैं। हम जीतने का सपना देखते हैं; हम देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, हम विश्व कप जीतना चाहते हैं जो हमारे दिमाग में है। जब हम अच्छा नहीं करते हैं, तो यह हमें सबसे ज्यादा दर्द देता है। हमारे पास एक ऐसा सपोर्ट स्टाफ और कप्तान है जो न केवल अच्छे समय की सराहना करते हैं बल्कि कठिन समय में भी अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी का समर्थन करते हैं।

# खेल आयोजन पुलिस-बल में बढ़ायेंगे सौहार्द, समन्वय : अनुराग ठाकुर

### मंत्री अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा आयोजित सातवें अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर-2022 का शुभारम्भ किया

नयी दिल्ली, 19 सितंबर। केंद्रीय खेल एवं युवा मामले मंत्री अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा आयोजित सातवें अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर-2022 का शुभारम्भ करते हुए सोमवार को कहा कि इस तरह के आयोजन अंतर पुलिस बल सौहार्द और समन्वय को बढ़ावा देते हैं।

ठाकुर ने कहा कि इस तरह के अखिल भारतीय खेल आयोजन अंतर पुलिस बल सौहार्द और समन्वय को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों का समर्थन करने का अनुरोध करते हुए कहा कि क्लस्टर में भाग लेने वाले खिलाड़ी भले ही किसी भी पुलिस बल या राज्य से हों, भविष्य में वे भारत के लिए ही खेलेंगे।

उन्होंने हवाई अड्डों और दिल्ली मेट्रो रेल में व्यवस्था बनाये रखने में सीआईएसएफ की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ के जवान हवाई अड्डों पर पूरी लगन से ड्यूटी कर रहे हैं और यात्रियों के साथ उनका व्यवहार विनम्र है।

ठाकुर ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को देश का मान बढ़ ाने के लिये बधाई दी और कहा कि पुलिस खेल भी देश को नये पदक विजेता देने का काम करेंगे। सीआईएसएफ के महानिदेशक शील वर्धन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि खेल-कूद पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग है।

## केकेआई बायर्स एंड केबल्स रियल कबड्डी लीग मैचों से पहले खिलाड़ियों ने अभ्यास में जमकर बहाया पसीना

जयपुर, 19 सितंबर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में एटलेंचर स्पोर्ट्स द्वारा 21 सितंबर से आयोजित होने वाले केईआई वायर्स एंड केबल्स रियल कबड्डी लीग सीजन2 की टीमों के खिलाड़ियों ने आज अभ्यास के दौरान जमकर पसीना बहाया। उद्घाटन मुकाबले से पहले ही जयपुरराइट्स के बीच कबड्डी लीग के प्रति काफी उत्साह देखा जा रहा है। आरकेएल के सीईओ शुभम चौधरी ने बताया कि जगन्नाथ विश्वविद्यालय सीतापुरा परिसर में सभी टीमें जोरदार अभ्यास करते हुए देखी गई। उद्घाटन दो मुकाबले होंगे जिसमे पहला जयपुर जगुआर और जोधाना वारियर्स और दूसरा मुकाबले में मेवाड़ मॉक्स और चंबल पाइरेट्स के बीच जोरदार मुकाबला होने की संभावना है।

## उत्तराखंड में शुरू हई 'उत्तराखंड सुपर टी-20 लीग'

नयी दिल्ली, 19 सितंबर। उत्तराखंड क्रिकेट बोर्ड ने मार्केंटिंग और ब्रांड कंपनी रिती ग्रुप के साथ मिलकर उत्तराखंड सुपर टी20 लीग के आयोजन घोषणा कर दी है। अठारह सितंबर को शुरू हुई पांच दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 22 सितंबर को होगा। इस टूर्नामेंट के सारे मुकाबले शेरपुर के तनिश क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर रिती ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अरुण पांडे ने कहा कि क्रिकेट हर भारतीय के दिल की धड़कन है और पूरे भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्होंने उत्तराखंड बोर्ड और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे खेल को आगे बढ़ ाने में सहायता प्रदान कर रहे हैं। इस लीग में पांच टीमें हिस्सा ले रही हैं जो राउंड रॉबिन फार्मेट में एक दूसरे से भिड़ेंगी। राउंड रॉबिन में पहला और चौथा स्थान हासिल करने वाली टीमें एक दूसरे से पहले सेमीफाइनल में भिड़ेंगी जबकि दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाली टीमें दूसरे सेमीफाइनल में मुकाबला करेंगी। यूसीबी ने यह सुनिश्चित किया है कि राज्य के सभी चयनकर्ता और बोर्ड सदस्य इस प्रतियोगिता में उपस्थित रहें। बोर्ड के अनुसार अच्छा प्रदर्शन करेन वाले खिलाड़ियों को उत्तराखंड क्रिकेट टीम के लिए सईद मुश्ताक अली जैसे आयोजनों में खेलने का अवसर मिलेगा।


# 27 से शुरू होगा 'कपिल देव-ग्रांट थॉर्नटन इन्विटेशनल'

## पेशेवर खिलाड़ियों के साथ गोल्फ के शौकिया, कॉरपोरेट और सेलिब्रिटी गोल्फर भी हिस्सा लेंगे

### भारतीय क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव ने ग्रांट थॉर्नटन भारत और भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के साथ मिलकर घोषणा की

नयी दिल्ली, 19 सितंबर। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव ने सोमवार को ग्रांट थॉर्नटन भारत और भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के साथ मिलकर 'कपिल देव-ग्रांट थॉर्नटन इन्विटेशनल' टूर्नामेंट के आयोजन की घोषणा की, जिसमें पेशेवर खिलाड़ियों के साथ गोल्फ के शौकिया, कॉरपोरेट और सेलिब्रिटी गोल्फर भी हिस्सा लेंगे।

कपिल देव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा मैं इस टूर्नामेंट को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मैं ग्रांट थॉर्नटन भारत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विशेष चंडियोक का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने भारत के गोल्फिंग इतिहास में एक ऐतिहासिक आयोजन शुरू किया। उन्होंने बताया कि 27-30 सितंबर 2022 तक



आयोजित टूर्नामेंट गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ और कंट्री क्लब के गैरी प्लेयर कोर्स में खेला जाने वाला पहला पूर्ण क्षेत्र पीजीटीआई कार्यक्रम होगा। टूर्नामेंट में कुल एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के लिये 126 पेशेवर खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

ग्रांट थॉर्नटन भारत के सीईओ विशेष चंडियोक ने कहा, हम गोल्फ को लोकप्रिय, समावेशी और सभी के लिये सुगम बनाना चाहते हैं। इस टूर्नामेंट का प्रतिनिधित्व करने और पेशेवर एवं शौकिया खिलाड़ियों के लिये एक समावेशी मंच बनाने के लिये कपिल देव से बेहतर कोई नहीं हो सकता था। हम आशा करते हैं कि इस श्रेष्ठ राष्ट्रीय गोल्फ आयोजन के जरिये अधिक लोग गोल्फ को चुनने के लिये आकर्षित होंगे।

शुरुआती 126 खिलाड़ियों में से शीर्ष 50 खिलाड़ी प्रतियोगिता के अंतिम हिस्से में प्रवेश करेंगे। तीसरे और चौथे दौर में शौकिया और पेशेवर खिलाड़ी एक टीम के रूप में खेलेंगे और टीम पुरस्कार के लिये दावेदारी पेश करेंगे। इस आयोजन से मिलने वाले अंक खिलाड़ियों की पीजीटीआई रैंकिंग को भी प्रभावित करेंगे।

पीजीटीआई के सीईओ उत्तम सिंह मुंडी ने कहा, हम कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन इन्विटेशनल को अपने कार्यक्रम में जोड़कर उत्साहित हैं। हम भारत में गोल्फ को बढ़ ावा देने के लिये कपिल देव, ग्रांट थॉर्नटन भारत और आयोजन के अन्य साथियों का शुक्रिया अदा करते हैं।

मुंडी ने प्रतियोगिता के अनूठे प्रारूप के बारे में कहा, इस टूर्नामेंट का अनोखा प्रारूप बेहद आकर्षक है। यह शौकिया खिलाड़ियों के लिये मौका है कि वह पेशेवर खिलाड़ियों के कंधे से कंधा मिलाकर खेल सकें और टीम भावना को अनुभव कर सकें।

# हैडिन ने ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स को दिलाई रोमांचक जीत

### रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 के दूसरे मुकाबले में बंगलादेश लीजेंड्स को तीन विकेट से हराया


इंदौर,19 सितंबर। ब्रैड हैडिन (58 नाबाद) के मैच जिताऊ अद्धर्शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स ने होल्कर स्टेडियम में खेले गए रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 के अपने दूसरे मुकाबले में बंगलादेश लीजेंड्स को तीन विकेट से हरा दिया। बंगलादेश लीजेंड्स ने रविवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 158 रन का स्कोर बनाया, जिसे ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स ने अंतिम गेंद पर सात विकेट खोकर हासिल कर लिया।

बंगलादेश लीजेंड्स की तीन मैचों में यह लगातार तीसरी हार है, जबकि ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स की दो मैचों में यह पहली जीत है। बंगलादेश से मिले 159 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स ने तीन रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवा दिया। कप्तान शेन वॉटसन (35) और कैलम फर्ग्यूसन (24) ने दूसरे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की, हालांकि इलियास सनी ने वॉटसन, फर्ग्यूसन, नॉर्थन रेर्डन (03) और ब्रॉड हॉज (04) को जल्दी-जल्दी आउट करके 90 रन के स्कोर तक ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया।

यहां से ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स की टीम लक्ष्य से दूर होती हुई दिखाई दे रही थी। टीम को अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 26 रन बनाने थे और हैडिन के रूप में उसकी उम्मीदें कायम थीं। हैडिन ने यहां से अपना अद्धर्शतक पूरा करते हुए अंतिम तीन गेंदों पर लगातार तीन चौके लगाकर ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स को रोमांचक जीत दिला दी। हैडिन ने 37 गेंदों पर तीन चौके और चार छक्के लगाए। बंगलादेश लीजेंड्स के लिए इलियास के चार विकेटों के अलावा अब्दुर रज़्ज़ाक ने दो और अबुल हसन ने एक विकेट अपने नाम किया।

इससे पहले, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश लीजेंड्स की शुरुआत काफी खराब रही और पहले 10 ओवर के अंदर 62 रन पर ही उसकी आधी टीम पवेलियन लौट गई। इसके बाद अंत में कुछ अच्छी बल्लेबाजी के दम पर बंगलादेश की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 158 रन तक पहुंच सकी। बंगलादेश के इस स्कोर तक पहुंचने में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का भी अहम योगदान रहा, जिन्होंने 39 एक्स्ट्रा रन दिये।

बंगलादेश के लिए इलियास सनी ने 29 गेंदों पर दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 32 रन बनाये, जबकि आलोक कपाली ने 20 गेंदों पर तीन चौकों की बदौलत इतने ही रन की पारी खेली। नजमुस सआदत ने एक चौका और एक छक्के के सहारे 20 रन का योगदान दिया।



*जमीन पर चलती शार्क, किसी भयावह साइन्स फिक्शन फिल्म का दृश्य सा लगता है। पर हालिया अध्ययन में शार्क की ऐसी प्रजाति का पता चला है जो वास्तव में पानी से निकलकर करीब 30 मीटर तक सूखी जमीन पर चल सकती है और करीब दो घंटे तक ऑक्सीजन के बिना जीवित रह सकती है। एपोलैट शार्क के नाम से जानी जाने वाली छोटे साइज़ की यह शार्क ना तो डरावनी है, ना काटती है और ना ही आपके पीछे भागती है। ऑस्ट्रेलिया तथा फ्लोरिडा एटलांटिक युनिवर्सिटी के बायॉलजिस्ट का कहना है कि रीफ में रहने वाली एपोलैट शार्क की यह अद्भुत क्षमता, अत्यधिक विरोधी परिस्थितियों में सरवाइव करने में इसकी मदद करती है। इन्टिग्रेटिव कम्पैरेटिव बायॉलजी जर्नल में छपे शोध का कहना है कि, आज तक के जो निष्कर्ष हैं उनके अनुसार, इस प्रजाति में, इक्कीसवीं सदी की कुछ चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित हो गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि, जमीन पर चलना सरवाइवल की रणनीति हो सकती है और इसका कारण ना केवल शार्क का प्राकृतिक रुप से कठोर आवास है, बल्कि, एक कारण क्लाइमेट चेंज भी हो सकता है। शोध की मुख्य लेखक मेरिएन पोर्टर ने कहा कि, एपोलैट शार्क अत्यधिक कठिन हालात में रहती हैं। तैरने के अलावा ये धीमी व तेज गति से चल सकती हैं। इनमें, भोजन के लिए अधिक अनुकूल स्थान तक पहुँचने के लिए सूखी भूमि पार करने की अद्भुत क्षमता है, जो अन्य प्रजातियों में नहीं पाई जाती। अगर हम यह जानना चाहते हैं कि क्लाइमेट चेंज के मुश्किलतम दौर में जानवरों के साथ क्या होता है, तो इस समय ऐसी परिस्थितियों में जो जानवर रह रहे हैं उन्हें समझना और यह जानना कि वो कैसे इन परिस्थितियों से निपट रहे है, इनके संरक्षण के लिए पहला कदम होगा। एपोलैट शार्क्स 3 फीट लम्बी होती हैं और इनके पैडल जैसे फिन्स होते हैं, जिनकी मदद से ये समुद्र तल और सूखी धरती पर चलती हैं। ये वैस्टर्न पैसिफिक ओशन में न्युगिनी और वैस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के आसपास कोरल रीफ के बीच छिछले पानी में रहती हैं।*

# सत्रावसान किये बिना पुनः सदन बुलाने से नाराज भाजपा विधायकों ने हंगामा किया

## स्पीकर को कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी

- **उपनेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि, एक सत्र में प्रत्येक विधायक को 100 प्रश्न का कोटा होता है, जो कि अधिकतर विधायकों का पहले चरण में ही पूरा हो गया है, अब दूसरे चरण में वे विधायक प्रश्न नहीं पूछ पायेंगे।**

जयपुर, 19 सितम्बर (वि.सं.)। विधानसभा के बजट सत्र का सत्रावसान किये बिना फिर से सदन आहूत करने से नाराज भाजपा विधायकों ने सोमवार को जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पूरा विपक्ष वैल में आ गया और जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस कारण विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) डॉ.सी.पी. जोशी ने कार्यवाही को दो बार करीब 20 मिनट के लिये स्थगित किया।

इस बीच विधानसभा में विपक्ष के नेता गुलाब चंद कटारिया और उपनेता राजेन्द्र राठौड़ के साथ स्पीकर की तीखी नोक झोंक भी हुई। जहां स्पीकर ने सदन को नियमों के तहत चलाने की बात की और हंगामा समाप्त करने को कहा। गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि "मुझे विधानसभा का लंबा अनुभव है। विधानसभा सत्र में हर विधायक को प्रश्न पूछने का अधिकार है। जिस जनता के हम प्रतिनिधि हैं, उसके प्रति हम अपने कर्तव्यों के पूर्ति करने का प्रयास करते हैं। जो सवाल हमने लगाए थे, उन सवालों को बैन किया जा रहा है। ये एक तरह से हमारे लोकतांत्रिक अधिकार को खत्म कर देना है।"

भाजपा के विरोध में सत्तापक्ष के विधायक गोविंद सिंह डोटासरा और मंत्री बी.डी.कल्ला ने मोर्चा सम्भाला। पलटवार में कांग्रेस विधायकों ने कहा कि भाजपा ने पूर्व में किस तरह से पांच साल का शासन चलाया है, ये सबको पता है।

दरअसल भाजपा विधायक दल ने तय रणनीति के अनुसार हंगामा शुरू किया था। वहीं कांग्रेस विधायक भी विपक्ष के इस हंगामे का विरोध करने लगे। इस दौरान स्पीकर जोशी ने दोनों पक्षों को शोर-शराबे को शांत करने की अपील की, लेकिन उनकी बार-बार की अपील का भी आक्रोशित विधायकों पर कोई असर नहीं दिखा। इसके बाद स्पीकर को कार्यवाही 11 बजकर 7 मिनट पर 15 मिनट के लिये स्थगित करना पड़ी। इस बीच विपक्ष के विधायक वैल में बैठे-बैठे ही नारेबाजी करते रहे। इसके बाद फिर सदन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामे के बीच ही स्पीकर ने सरकारी कामकाज पूरा किया। लगातार गतिरोध होता देख पांच मिनट के लिये पुनः सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

इससे पहले भाजपा विधायकों ने स्पीकर डॉ. सी.पी.जोशी के कमरे में भी सांकेतिक धरना दिया था। विधायकों का आरोप था कि राज्य सरकार ने सोची-समझी साजिश के तहत विधानसभा सत्र का सत्रावसान नहीं किया, जिससे वे इस सत्र में प्रश्न पूछने के अधिकार से वंचित हो रहे है।

इस धरने के बाद सरकारी मुख्य सचेतक डॉ. महेश जोशी भी विधानसभाध्यक्ष डॉ.सी.पी.जोशी से मुलाक़ात करने पहुंचे थे। जहां दोनों के बीच सदन को शांतिपूर्ण तरीके से चलाने को लेकर बातचीत भी हुई।

दरअसल विधानसभा सत्र के पहले दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही भाजपा विधायक दल ने अपने इरादे जता दिए थे। कार्यवाही शुरू होने से पहले हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में राज्य सरकार को विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों पर घेरने की रणनीति बनी थी। इस दौरान गुलाब चंद कटारिया, राजेन्द्र राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व आमेर विधायक डॉ. सतीश पूनिया समेत तमाम बीजेपी विधायक मौजूद रहे।

# 'लोकपाल के समक्ष लंबित मामले में शुक्रवार तक कोई कार्यवाही नहीं होगी'

## राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में आश्वासन दिया

- **आर.सी.ए. ने यह आश्वासन नागौर व श्रीगंगानगर सहित अन्य जिला संघों की सम्दबद्धता रद्द करने के मामले पर दायर याचिकाओं पर हुई सुनवाई के दौरान दिया।**
- **अदालत ने आर.सी.ए. से यह भी पूछा कि, लोकपाल के पद पर सुप्रीम कोर्ट का रिटायर जज या हाई कोर्ट का रिटायर सी.जे. होना चाहिए फिर हाई कोर्ट के रिटायर जज को लोकपाल क्यों बना रखा है।**

जयपुर, 19 सितंबर (का.सं.)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आर.सी.ए.) ने नागौर व श्रीगंगानगर सहित अन्य जिला संघों की संबद्धता रद्द करने से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में अंडरटेकिंग दी है कि वे लोकपाल के समक्ष लंबित इस मामले में शुक्रवार तक कोई भी कार्रवाई नहीं करेंगे।

वहीं सुप्रीम कोर्ट ने आर.सी.ए. की अंडरटेकिंग के बाद इस मामले की शुक्रवार को सुनवाई तय की। अदालत ने मामले में बी.सी.सी.आई. व आरसीए से जवाब देने के लिए भी कहा है। अदालत ने आर.सी.ए. से पूछा है कि जब लोकपाल के पद पर रिटायर सुप्रीम कोर्ट जज या हाईकोर्ट के रिटायर सीजे को होना चाहिए तो उन्होंने हाईकोर्ट के रिटायर जज को लोकपाल क्यों बना रखा है। सर्वोच्च अदालत ने यह आदेश श्रीगंगानगर और नागौर जिला क्रिकेट संघों की अपील पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने आर.सी.ए. को कहा कि, वे लोकपाल के पद पर हाईकोर्ट के रिटायर जज को नियुक्त करने संबंधी उनके संविधान के रूल्स भी पेश करें।

सुनवाई के दौरान जिला क्रिकेट संघों की ओर से सीनियर एडवोकेट निधेश गुप्ता व डॉ. अभिनव शर्मा ने कहा कि लोढा कमेटी की सिफारिशों के अनुसार लोकपाल पद पर सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज या हाईकोर्ट के रिटायर चीफ जस्टिस ही नियुक्त हो सकते हैं, लेकिन आर.सी.ए. ने लोकपाल पद पर राजस्थान हाईकोर्ट के रिटायर जज जस्टिस दिनेश चन्द्र सोमानी को नियुक्त कर रखा है। उनकी नियुक्ति को हाईकोर्ट में चुनौती दी हुई है, इसके बावजूद वे मामले की नियमित सुनवाई कर रहे हैं। इसलिए प्रार्थी जिला संघों की संबद्धता के रद्द करने के मामले में लोकपाल के समक्ष हो रही कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। वहीं आरसीए की ओर से सीनियर एडवोकेट सिद्दार्थ दवे व प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि आर.सी.ए. के संविधान में रिटायर हाईकोर्ट जज को लोकपाल पद पर नियुक्त करने का प्रावधान है।

जिस पर अदालत ने उन्हें आगामी सुनवाई पर लोकपाल की नियुक्ति सबंधी आर.सी.ए. के रूल्स पेश करने के लिए कहा। गौरतलब है कि, आर.सी.ए. ने पिछले दिनों श्रीगंगानगर, नागौर और अलवर जिला क्रिकेट संघों की संबद्धता को निरस्त कर दिया था। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देने पर एकलपीठ ने नागौर व श्रीगंगानगर क्रिकेट संघ की संबद्धता रद्द करने पर रोक लगा दी थी, लेकिन खंडपीठ ने लोकपाल को इस मामले में निर्णय लेने की छूट दे दी थी। खंडपीठ के आदेश को जिला क्रिकेट संघों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

## इलैक्टोरल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उपलब्ध करवाकर चुनावी व्यवहार में सुधार के उद्देश्य को लेकर वर्ष 2017-18 के आम बजट में इलैक्टोरल बॉण्ड्स का समावेश किया गया था। तथापि केन्द्र सरकार ने जनवरी 2018 में एक अधिसूचना के जरिए व्यक्तियों और कॉरपोरेट संस्थानों को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (एस.बी.आई.) से इलैक्टोरेट बॉण्ड्स खरीदने के लिए अधिकृत किया। अधिसूचना के अनुसार इन बॉण्ड्स को 15 दिन के भीतर किसी राजनीतिक पार्टी को डोनेट किया जा सकता है और टैक्स बैनिफिट्स उठाए जा सकते हैं। डोनर का नाम गुप्त रखा जाएगा और इस प्रकार के डोनेशन्स सूचना के अधिकार के अंतर्गत नहीं आएंगे। लेकिन इस सिस्टम की त्रुटियों को लेकर पिछले वर्षों से सभ्य समाज में विवाद उठते रहे हैं। उदाहरण के तौर पर यह आलोचना की जाती रही है कि डोनर की पहचान जहां गुप्त रखी जाएगी, वहीं वर्तमान सरकार पार्टियों को दिए गए डोनेशन्स की जानकारी प्राप्त कर सकती है क्योंकि एस.बी.आई. सरकार के अधीन है। आलोचक कहते हैं कि इस प्रकार की जानकारी सरकार को संभावित डोनर को विपक्षी दलों के लिए इलैक्टोरल बॉण्ड्स ना खरीदने के लिए प्रभावित करने की एडवांटेज देती है।

# हरियाणा के सुपारी किलर को दिनदहाड़े गोलियों से भूना

## यह घटना नागौर कोर्ट के बाहर हुई, जहां सुपारी किलर संदीप सेठी पेशी पर आया था

- **घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारे बाइक से फरार हो गए।**
- **दिनदहाड़े हुई इस घटना से कलैक्टर सर्किल पर दहशत का माहौल बन गया।**

नागौर, 19 सितम्बर (निस)। नागौर कोर्ट के बाहर सोमवार दोपहर दिनदहाड़े हरियाणा के एक सुपारी किलर संदीप सेठी की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई।

हत्या के बाद कलेक्टर चौराहे पर अफरातफरी व दहशत का माहौल हो गया। पूरे शहर में सनसनी फैल गई। कोर्ट परिसर से कुछ ही दूरी पर कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय होने के बावजूद सरेआम दिनदहाड़े हमलावर हत्या की वारदात को अंजाम देकर भाग निकले। हरियाणा का सुपारी किलर संदीप सेठी सोमवार को कोर्ट में अपने साथियों के साथ पेशी पर आया था। वह दोपहर करीब 1:00 बजे कोर्ट परिसर से जो ही बाहर निकला तभी उस पर हमलावरों ने गोलियां दागना शुरू कर दिया।

फायरिंग के दौरान संदीप सेठी के सिर में और सीने पर गोलियां दागी गई। गोलियां लगने से संदीप सेठी मौके पर ही निढ़ाल होकर गिर पड़ा। साथ ही उसके दो साथियों के भी बीच-बचाव में गोलियां लगी। सेठी सहित दो घायलों को राजकीय जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सेठी को मृत घोषित कर दिया और दो गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हाई सेंटर रैफर कर दिया। सूचना मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा सहित अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।

साथ ही शहर भर में और जिले भर में नाकाबंदी भी करवाई गई। मगर देर शाम समाचार लिखे जाने तक आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाये थे। पुलिस देर शाम तक सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य खंगालती रही। फायरिंग के दौरान एक अधिवक्ता के भी हाथ पर छर्रे लगे जिनका राजकीय चिकित्सालय में उपचार करवाया गया। सीसीटीवी कैमरे में तीन हमलावर फायरिंग कर रेलवे स्टेशन चौराहे की तरफ पैदल भागते दिखाई दिये। आगे चलकर चौराहे पर पहले से ही खड़ी दो मोटरसाइकिल चालकों के पीछे बैठकर पुराना हॉस्पिटल की तरफ भाग गये।

फायरिंग की घटना को लेकर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि, नागौर अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है। कानून व्यवस्था पर लोगों का भरोसा उठ गया है। इस मामले में मुख्यमंत्री तुरंत जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित करें। इस मामले को आरएलपी के विधायक दमदारी से सदन में भी उठाएंगे।

## दक्षिण भारत में भाजपा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भाजपा से बचाने के लिए कड़ा संघर्ष कर रही है।

बोम्मई ने कहा कि यह सब कर्नाटक सरकार और बैंगलुरु शहर की छवि खराब करने वाली सोची-समझी साजिश का हिस्सा है तथा इससे दोनों राज्यों के बीच के रिश्ते प्रभावित होंगे।

बोम्मई ने कहा कि ऐसा किसी को भी नहीं करना चाहिये।

तेलंगाना के आई.टी. मंत्री के.टी. रामा राव, जो मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव के बेटे हैं, ने भी निवेशकों पर डाले जा रहे दबाव के बारे में बोलते हुये, अधिकारियों द्वारा माँगे गये कथित "कमीशन" का खुला जिक्र किया तथा कहा कि बैंगलुरु के कुछ ठेकेदारों ने यह बात खुलकर कही है।

के.टी.आर. ने दावे से कहा कि, पड़ोसी राज्य के विपरीत, तेलंगाना ने प्रोफेशनल ग्रोथ के लिये प्रगतिपूर्ण, शान्तिपूर्ण तथा अनुकूल वातावरण प्रस्तुत किया है तथा निवेशकों की सुविधा का ख्याल रखने वाली तेलंगाना सरकार निवेशकों की जरूरतों का पूरा करने के लिए तत्पर रहती है।

के.टी.आर. आई.टी. कंपनियों को हैदराबाद की तरफ आकर्षित करने के लिये, उनसे बैंगलुरु से बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर के वादा करते आ रहे हैं।

प्रसंगवश बता दें कि कर्नाटक में कांग्रेस और जनता दल- दोनों के नेताओं ने हैदराबाद के पोस्टरों को लेकर, बोम्मई पर कटाक्ष करते हुये कहा कि कर्नाटक सरकार का यश दूर-दूर तक फैल गया है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारास्वामी जो अभी-अभी तेलंगाना गये थे तथा वहाँ उन्होंने मुख्यमंत्री के.सी.आर. से भेंट की थी, ने कहा कि ये आरोप हर जगह पहुँच रहे हैं कि भाजपा के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार कमीशन लेने वाली सरकार है।

अभी हाल ही में, कर्नाटक की स्टेट कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन ने आरोप लगाया था कि ठेकेदारों को कोई भी सरकारी प्रोजैक्ट लेने के लिये 40 प्रतिशत कमीशन देना पड़ा है। यहाँ तक कि एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर माँग की है कि इस मामले की जाँच की जाये तथा उचित कार्यवाही की जाये।

भ्रष्टाचार का दाग एक ऐसी चीज है जिससे पार पाना भाजपा के लिये मुश्किल होगा क्योंकि 40 प्रतिशत कमीशन का लेबल बोम्मई सरकार पर लग चुका है तथा जनता में यह बात चर्चा का केन्द्र बन गई है, ठीक उसी तरह, जैसे यू.पी.ए. शासन में 2जी का दाग सरकार पर लग गया था तथा कांग्रेस भ्रष्टाचार का पर्याय मान ली गई थी तथा 2014 के आम चुनावों में उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ी थी।

## आप विधायक दुर्गेश पाठक के खिलाफ ई.डी. की जांच शुरु

नयी दिल्ली, 19 सितंबर (वार्ता)। ई.डी. ने आप के विधायक दुर्गेश पाठक को कथित नयी दिल्ली आबकारी नीति मामले में सोमवार को तलब किया।ईडी के समन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट किया, ईडी ने आप के एमसीडी के चुनाव प्रभारी दुर्गेश पाठक को तलब किया है। हमारे एमसीडी चुनाव प्रभारी का दिल्ली सरकार की शराब नीति से क्या लेना-देना है? क्या उनका टारगेट शराब नीति है या एमसीडी चुनाव। आप विधायक एवं पार्टी प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ईडी द्वारा दुर्गेश पाठक को तलब किये जाने का मतलब है कि यह स्पष्ट है कि एमसीडी चुनाव होने वाले हैं।

## नशे में धुत पंजाब के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

(31) को मुख्यमंत्री बना सकते है। बैंस आनंदपुर साहिब विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीते थे। मान निवेशकों को आकर्षित करने के लिए जर्मनी के आठ दिवसीय दौरे पर थे। अधिकारियों ने उन्हें यह समझाने की कोशिश की कि उन्हें अपनी घर वापसी यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव करना चाहिए क्योंकि उनकी तबियत ठीक नहीं है। लेकिन वे एक अन्य फ्लाइट से सोमवार को दिल्ली पहुंच गए और ताजा विवाद के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सीधे केजरीवाल के आवास पर पहुंच गए। पंजाब के आप पार्टी प्रवक्ता मालविन्दर सिंह कंग ने इससे इंकार किया कि मान को फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर शराब के नशे में पाया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तय कार्यक्रमानुसार ही लौटे हैं क्योंकि उन्हें रविवार रात्रि दिल्ली पहुंचना था और वे पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। कंग ने आगे कहा कि "हमारे विरोधियों का डर्टी ट्रिक्स डिपार्टमैंट हमारे मुख्यमंत्री को बदनाम करने के लिए ऐसी बेबुनियाद खबरें फैला रहा है। वे इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं कि मुख्यमंत्री मान पंजाब में निवेश लाने के लिए कठोर परिश्रम कर रहे हैं।" अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने ट्वीट किया-"आश्चर्यजनक है कि अपने मुख्यमंत्री की इन खबरों को लेकर पंजाब सरकार मौन है। इस मुद्दे पर अरविन्द केजरीवाल को स्थिति स्पष्ट करन की जरूरत है। भारत सरकार को इसमें जरूर हस्तक्षेप करना चाहिए क्योंकि इसमें पंजाब की और देश की प्रतिष्ठा निहित है। यदि उन्हें प्लेन से उतारा गया तो भारत सरकार को यह मुद्दा जर्मन सरकार के समक्ष जरूर उठाना चाहिए।"

## बड़ी बैंच का फैसला

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

द्वारा रद्द कर दिया जाता है, जबकि उसके 4 विद्वान जज बहुमत में तथा 3 विद्वान जज अल्पमत में हैं, तो क्या यह कहा जा सकता है कि 5 जजों की बैंच का निर्णय अमान्य हो गया? वर्तमान परम्परा के अनुसार, यह स्पष्ट है कि 4 जजों के सर्वसम्मत निर्णय पर लागू होगा, क्योंकि वे 7 जजों की बैंच का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। क्या इस न्यायिक पर्दे को फाड़ देने तथा यह कहने का समय आ गया है कि 5 जजों के मत को उन चार जजों का मत रद्द नहीं कर सकता, जो 7 जजों की बैंच का हिस्सा हैं। यह एक ऐसा प्रश्न है जिस पर विचार होना चाहिये तथा जिसका उत्तर मिलना चाहिये।" संविधान पीठ ने सोमवार को इस प्रश्न का जवाब दिया: "इस मामले का मुख्य मुद्दा यह है कि क्या किसी विशिष्ट अधिकार के तहत जारी किये गये ऐग्ज़ैम्पशन प्रॉविजन/नोटिस में संशोधन किये बिना, एक आम नोटिफिकेशन, जिसमें एक्ट के तहत, टैक्स-देयता की दर के निर्धारण से संबंधित विभिन्न प्रावधान क्या उस छूट को केवल इस आधार पर वापस ले सकते हैं कि छूट का प्रावधान तथा टैक्स लगाने का प्रावधान एक ही एक्ट तथा प्राधिकार के तहत आते हैं।"

## भारत जोड़ो ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बातचीत करते हैं। "मैंने उनके काम तथा उनके सामने आने वाली कठिनाईयों को समझा।" उन मछुआरों ने राहुल को बताया कि पेट्रोल तथा डीज़ल की बढ़ती जा रही कीमतों तथा महँगाई से उनके काम पर बुरा असर हुआ है क्योंकि उनकी आमदनी तो बढ़ नहीं रही लेकिन उनका खर्चा बढ़ रहा है। उन्होंने राहुल से यह भी कहा कि वे अपने भविष्य को लेकर चिन्तित हैं क्योंकि शिक्षा महँगी हो गई है।

## अमरिन्दर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

छवि सिख समुदाय में भी अच्छी हो गई थी। भाजपा की सोच यह है कि कैप्टन के पार्टी में आने से प्रेरित होकर, कांग्रेस के कुछ और नेता भी भाजपा में आ जायेंगे। सुनील जाखड़, राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी तथा फतेह सिंह बाजवा सहित कई नेता तो पहले ही भाजपा में आ चुके हैं। इस प्रकार कैप्टन के भाजपा में आ जाने से भाजपा ऐसी उम्मीद कर रही है कि वह राज्य में कांग्रेस की जगह मिल जायेगी।

भगवा पार्टी में शामिल होने के बाद, जहाँ तक कैप्टन का प्रश्न है, वे यह मान रहे हैं कि उनके परिवार का राजनैतिक भविष्य, खासतौर से उनकी पुत्री जयइन्दर कौर का राजनैतिक भविष्य सुरक्षित हो गया है, जो कैप्टन के चुनाव क्षेत्र में काम करती आ रही हैं।

उनके पुत्र रनिन्दर सिंह भी राजनेता हैं तथा उनके पौत्र निर्वाण सिंह भी पिछले विधानसभा चुनावों में राजनैतिक प्रचार अभियान में कूद गये थे। इस बीच, ऐसी भी चर्चाएं हैं कि भाजपा नहीं राज्यपाल पद का दायित्व सौंपने पर विचार करेगी।

# 'निर्दोष को फंसाने के लिए 9 दिन में जांच, अब चार माह में भी कुछ नहीं किया'

## राजस्थान हाई कोर्ट ने वर्ष 2018 में सात साल की बच्ची से हुए दुष्कर्म के मामले में झालावाड़ पुलिस के कामकाज पर सख्त मौखिक टिप्पणी की

- **मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में पेश हुई झालावाड़ एस.पी. ने जांच के लिए और समय मांगा तो नाराज होकर कोर्ट ने टिप्पणी की।**
- **जस्टिस पंकज भंडारी और अनूप ढंड की बैंच ने सुनवाई के लिए 31 अक्टूबर की तारीख दी है।**
- **गौरतलब है कि, वर्ष 2018 में सात साल की बच्ची से हुए दुष्कर्म में पुलिस ने एक असक्षम युवक कोमल लोढ़ा को गिरफ्तार कर चार्जशीट पेश कर दी थी।**
- **कोर्ट ने जांच में कई त्रुटियां पाईं और 11 मई 2022 को टिप्पणी की कि, हम न्याय की उम्मीद के साथ ऐसे अपराध के आरोपी को जेल भेज रहे हैं जो उसने नहीं किया, कोर्ट ने पुलिस को आदेश दिया था कि, मामले की पुनः जांच की जाए।**

जयपुर, 19 सितंबर (का.सं.)। राजस्थान हाइकोर्ट ने वर्ष 2018 में झालावाड जिले में सात साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने के मामले में निर्दोष युवक को फंसाने को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर मौखिक टिप्पणी की है। अदालत ने पुलिस अधीक्षक को कहा कि पहले केस में सिर्फ नौ दिन में अनुसंधान पूरा कर आरोप पत्र पेश कर दिया गया, लेकिन अब अदालती आदेश के बावजूद चार माह में भी जांच पूरी नहीं हो रही है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 31 अक्टूबर को तय की है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश दिए।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालती आदेश पर झालावाड़ एसपी अदालत में पेश हुई। उन्होंने अदालत को बताया कि प्रकरण में पूछताछ जारी है और करीब बीस संदिग्ध लोगों के डीएनए लेकर एफएसएल में भिजवाए गए हैं। इसलिए अनुसंधान पूरा करने के लिए समय दिया जाए। एसपी के जवाब से असंतुष्ट अदालत ने कहा कि "चार माह में अब तक जांच पूरी नहीं हुई, जबकि पहले नौ दिन में ही अनुसंधान पूरा कर आरोप पत्र भी पेश किया गया था। इस पर एसपी ने कहा कि उन्होंने हाल ही में पदभार संभाला है। प्रो-बोनो अधिवक्ता नितिन जैन ने बताया कि अदालत ने 11 मई 2022 को कहा था कि "हम बड़े ही भारी हृदय और न्याय की उम्मीद के साथ ऐसे अपराध के आरोपी को आजीवन कारावास में भेज रहे हैं, जो उसने किया ही नहीं है।" इसके साथ ही अदालत ने झालावाड एसपी को आदेश दिए थे कि वह केस का दो माह में पुनः अनुसंधान करें और जिन अफसरों ने केस में एक असक्षम युवा को फंसाया है, उन अफसरों पर कार्रवाई भी करें। हाईकोर्ट के सामने आई रिपोर्ट से पता चला था कि पीड़िता के कपड़ों पर दो अन्य लोगों का डी.एन.ए. मिला था।

पुलिस की कार्यप्रणाली के कारण एक निर्दोष व्यक्ति जेल में बंद है। अदालत ने झालावाड़ एसपी को 19 सितंबर को हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने को कहा था।

गौरतलब है कि झालावाड़ के कामखेड़ा थाना इलाके में 28 जुलाई 2018 को सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया फिर उसकी हत्या कर दी गई थी।

पुलिस ने मामले में कोमल लोढा को गिरफ्तार करते हुए घटना के 9 दिन में ही में आरोप पत्र पेश कर दिया। वहीं पॉक्सो कोर्ट ने भी उसे 23 फरवरी 2019 को फांसी की सजा सुना दी। मामला हाईकोर्ट में आने पर पहले तो अदालत ने फांसी को आजीवन कारावास में बदला था। इस पर राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने प्रकरण हाईकोर्ट को रिमांड करते हुए फांसी या आजीवन कारावास के संबंध में फैसला लेने का निर्देश दिया था। इस पर हाईकोर्ट ने कोमल को बेगुनाह मानते हुए उसे आजीवन कारावास में भेजते हुए झालावाड एसपी को केस रीओपन करने और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने को कहा था।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908